3 राजधानी — दंगा प्रभावित क्षेत्रों में भाजपा को बढ़त
6 अभिमत — भारत के अनाम नायकों की स्मृति
10 विदेश — इंडोनेशिया में विस्फोट में एक अधिकारी की मौत
11 राष्ट्रीय — धनखड़ के मार्गदर्शन में राज्यसभा अपनी विरासत को बढ़ाएगी



RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 36
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 8 दिसंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





चोटिल रोहित का तीसरे वनडे में खेलना संदिग्ध
स्पोर्ट्स-12


# दिल्ली में छोटी सरकार भी आप की

## एमसीडी चुनाव में 134 सीटें जीत आम आदमी पार्टी ने भाजपा के 15 साल के शासन को किया खत्म

- एग्जिट पोल के अनुमानों के विपरीत भाजपा 104 वार्डों में जीतने में रही कामयाब
- एक बाद फिर कांग्रेस का निराशाजनक प्रदर्शन, केवल नौ सीटें ही जीत सकी





एमसीडी में आप की जीत के बाद जश्न मनाते अरविंद केजरीवाल के साथ मनीष सिसोदिया, भगवंत मान और संजय सिंह। दूसरी ओर पार्टी मुख्यालय पर खुशी मनाते आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता। फोटो : रंजन डिमरी

**पायनियर समाचार सेवा**। नई दिल्ली

**केवल** दस साल पुरानी राजनीतिक दल आम आदमी पार्टी ने दिल्ली नगर निगम में भारतीय जनता पार्टी के 15 साल के राज को खत्म करते हुए 250 वार्डों में से 134 पर जीत दर्ज की है। बहुमत के आंकड़े 126 से आठ सीटें अधिक हासिल करने वाली आप को 42.05 त्न वोट मिले हैं, जो कि विधानसभा चुनाव से 16त्न अधिक है। हालांकि एग्जिट पोल को धता बताते हुए भाजपा ने भी 104 वार्डों में परचम लहराया है और उसे 39.09 त्न वोट हासिल हुए हैं।

एमसीडी के एकीकरण के बाद हुए यह पहला चुनाव है। ऐसा पहली बार हुआ जब किसी भी चुनाव में आप ने भाजपा को पटखनी दी है। हालांकि गुरुवार को गुजरात और हिमाचल प्रदेश के चुनाव परिणाम आएंगे, जहां पार्टी ने पूरे दमखम के साथ चुनाव लड़ा और वहां भी पार्टी जीत के दावे कर रही है। इस चुनाव में कांग्रेस को केवल नौ सीटों से संतोष करना पड़ा है और देश की सबसे पुरानी पार्टी ने अपने ही प्रदर्शन को और नीचे गिराते हुए नौ प्रतिशत वोट शेयर खो दिया है। उसे 11.68 प्रतिशत मत मिले हैं। कांग्रेस की दुर्दशा का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि 188 वार्ड में उसके प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई है। भले आप ने बहुमत हासिल किया, लेकिन उसके भी तीन उम्मीदवार जमानत नहीं बचा पाए। भाजपा के दस उम्मीदवारों की जमानत जब्त हुई है। भाजपा और आप में मुकाबला कई वार्डों पर कितना कड़ा रहा, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि 12 उम्मीवार 200 से भी कम वोट से जीते हैं। इनमें भाजपा के आठ और आप के चार उम्मीदवार हैं। रोचक यह कि आप के प्रत्याशी 44 और 187 के सबसे कम अंतर से जीते हैं। आप के चांदनी महल उम्मीदवार ने पूरी दिल्ली में 17,134 वोटों के अंतर से सबसे बड़ी जीत दर्ज की है। आप ने पार्किंग और कूड़े जैसी शहर की ज्वलंत समस्याओं को उठाते हुए पूरे चुनाव में भाजपा को सांस नहीं लेने दी। दूसरे, 2020 में हुए दंगे से प्रभावित उत्तरी-पूर्वी दिल्ली के वार्डों में मुस्लिम मतों का बंटवारा आप और कांग्रेस में हुआ, जिसका सीधा फायदा भाजपा को मिला।

शहरी मतों की बेरुखी का नुकसान भाजपा को उठाना पड़ा है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पार्टी ने सबसे अधिक मतदान वाले बख्तावरपुर में भारी मतों से जीत दर्ज की जबकि सबसे कम मतदान वाले एंड्रूजगंज वार्ड में आप जीती है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि 15 साल की सत्ता विरोधी लहर के बावजूद उनकी पार्टी का प्रदर्शन बहुत अच्छा है। हमने दिल्ली के लोगों के लिए काम किया, लेकिन हो सकता है कुछ लोग नाराज हों। भाजपा के खिलाफ आम जनता में कोई गुस्सा नहीं था। राज्य निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, भाजपा 2017 के चुनावों की तुलना में अपने मत प्रतिशत में तीन प्रतिशत की वृद्धि करने में भी कामयाब रही। उसे कुल डाले गए वोटों का 39.09 प्रतिशत प्राप्त हुआ, जबकि आप का मत प्रतिशत भी 2017 के 21.09 प्रतिशत से बढ़कर 42.05 प्रतिशत हो गया। कड़ी सुरक्षा के बीच सुबह आठ बजे राजधानी के 42 मतगणना केंद्रों पर मतों की गिनती शुरू हुई और शुरुआती रुझान भाजपा के पक्ष में दिख रहे थे। एक समय भाजपा 107 सीटों पर आगे थे और आप 95 सीटों पर। जैसे-जैसे मतगणना आगे बढ़ी, आप ने भाजपा को पछाड़ते हुए धीरे-धीरे बढ़त बना ली और ( शेष पेज 8 )

## नागरिक सुविधाओं में सुधार के लिए पीएम का आशीर्वाद चाहिए: केजरीवाल

- दिल्ली के मुख्यमंत्री ने जीत के लिए जनता का जताया आभार

**पायनियर समाचार सेवा**। नई दिल्ली

**एमसीडी** चुनावों में आम आदमी पार्टी (आप) की जीत के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने लोगों का शुक्रिया अदा किया और नागरिक सुविधाओं में सुधार के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस के साथ-साथ केंद्र और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आशीर्वाद मांगा। आप के राष्ट्रीय संयोजक ने बुधवार को यहां भारत को दुनिया का नंबर एक देश बनाने के लिए देश में सकारात्मक राजनीति की वकालत की। यहां दीन दयाल उपाध्याय मार्ग ( शेष पेज 8 )

## सिसोदिया व जैन के क्षेत्रों में सात में छह वार्ड भाजपा ने जीते

**पायनियर समाचार सेवा**। नई दिल्ली

**भाजपा** का भ्रष्टाचार और जेल में मंत्री को सुविधाएं देने का मुद्दा भले पूरी दिल्ली में न चल पाया, लेकिन उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और जेल में बंद मंत्री सत्येंद्र जैन के विधानसभा क्षेत्रों में आप को तगड़ा झटका दे गया। इन दोनों क्षेत्रों क्रमश: पटपड़गंज और शकूर बस्ती के सात में से छह वार्डों में भाजपा ने जीत दर्ज की है। सिसोदिया आबकारी, शिक्षा और श्रम विभागों में भ्रष्टाचार के आरोप से घिरे थे जबकि तिहाड़ जेल में बंद जैन को वीआईपी ट्रीटमेंट के वीडियो की श्रंखला ने चुनाव का माहौल गर्मा दिया था। भाजपा ने एमसीडी चुनाव के दौरान आप के 'कट्टर ईमानदार' नारे के खिलाफ सिसोदिया और जैन पर लगातार हमले किए थे। पटपड़गंज ( शेष पेज 8 )

## भाजपा नहीं खोज पाई आप की काट

- सत्ता विरोधी लहर, बड़े चेहरे का अभाव, कचरे के पहाड़, मोहल्लों में गंदगी व केजरीवाल सरकार की लोक-लुभावन योजनाओं ने किया पस्त

**संजय राय**। नई दिल्ली

**दिल्ली** नगर निगम में लगातार 15 साल तक सरकार चलाने वाली भाजपा को आम आदमी पार्टी ने करारी शिकस्त दी है। पूरा दमखम लगाने के बाद भी भाजपा का जादू इस बार नहीं चला। जानकारों का मानना है कि राष्ट्रीय राजधानी में सत्ता विरोधी लहर, पार्टी के पास बड़े चेहरे का अभाव, कचरे के पहाड़ और गली-मोहल्लों में गंदगी के साथ-साथ केजरीवाल सरकार की लोक लुभावन योजनाओं की भगवा पार्टी के पास कोई काट नहीं थी।

बीते नौ वर्षों से राजनीति में आने वाली आम आदमी पार्टी ने निगम में अपने दूसरे प्रयास में आसानी से प्रतिद्वंद्वी भाजपा को हराकर कुल 134 सीटों पर परचम लहराया दिया है। इससे पहले आप ने अपने पहले निगम चुनाव में कुल 40 सीटों पर जीत दर्ज की थी। उस समय निगम तीन हिस्सों में विभाजित थी और आप को उत्तरी निगम में सबसे ज्यादा 21, पूर्वी में 14 और दक्षिणी निगम में 16 वार्डों में जीत मिली थी। इस बार आप ने न केवल अपना वोट प्रतिशत बढ़ाया, बल्कि सीटें भी 40 से 134 तक पहुंचा दी। वहीं, पंद्रह से अधिक केंद्रीय मंत्रियों, छह राज्यों के मुख्यमंत्रियों, तमाम सांसदों-विधायकों के धुआंधार प्रचार के बावजूद तीनों निगमों में 181 सीटों के साथ काबिज भाजपा एक झटके में निकाय की सत्ता से बाहर हो गई। तुरुप के इक्के का दांव चलते हुए भाजपा ने चुनाव से पहले न केवल तीनों निगमों का विलय कराया बल्कि परिसीमन कर सीटों का गणित भी बदला, लेकिन कोई तरकीब काम नहीं आई।

जानकारों का मानना है कि राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के पास कई बड़े चेहरे हैं और यही वजह है कि लोकसभा से लेकर विधानसभा तक पार्टी एक के बाद एक चुनाव जीत जाती है, लेकिन जब दिल्ली से जुड़े चुनाव की बात आती है तो उसके पास उस कद का नेता नहीं है, जो मतदाताओं को अपनी ओर खींच सके। दिल्ली में प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता हों, पूर्व अध्यक्ष मनोज तिवारी हों या फिर सांसद प्रवेश वर्मा, इन नेताओं के मुकाबले दिल्ली वाले पिछले कुछ सालों में मुख्यमंत्री अरविंद ( शेष पेज 8 )

# धनखड़ ने फिर एनजेएसी एक्ट रद्द करने का उठाया मुद्दा

- राज्यसभा के सभापति ने अपने पहले संबोधन में लक्ष्मण रेखा के पालन पर दिया जोर



**पायनियर समाचार सेवा**। नई दिल्ली

**राज्यसभा** सभापति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को अपने पहले संबोधन में एक बार फिर सुप्रीम द्वारा राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) एक्ट को रद्द करने का मुद्दा उठाया जिसे संसद ने पारित किया था।

उन्होंने इसे संसद की प्रभुता से 'समझौता' तथा 'जनमत' के निरादर का 'स्पष्ट उदाहरण' करार दिया। उपराष्ट्रपति ने विधायिका, कार्यपालिका तथा न्यायपालिका के बीच लक्ष्मण रेखा के पालन पर जोर दिया तथा कहा कि इसमें किसी भी तरह का अतिक्रमण कामकाज में दिक्कत पेश करेगा।

इससे पहले एलएम सिंघवी मेमोरियल लेक्चर में भी प्रधान न्यायाधीश की मौजूदगी में धनखड़ ने 2015 में एनजेएसी एक्ट को रद्द करने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का उल्लेख किया था। उन्होंने कहा कि जनता की ताकत को वैधानिक मंच के जरिये प्रदर्शित किया जाता है, उस ताकत को खत्म कर दिया गया।

दुनिया में ऐसा और कोई उदाहरण नहीं है।' सरकार और न्यायपालिका के बीच जजों की नियुक्ति को लेकर चल रही खींचतान के बीच उनका यह बयान आया है। ऊपरी सदन के नए सभापति के रूप में धनखड़ का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र ( शेष पेज 8 )

# सुप्रीम कोर्ट ने नोटबंदी के फैसले से जुड़े रिकॉर्ड पेश करने को कहा

- केंद्र सरकार और आरबीआई को दिए निर्देश



**पायनियर समाचार सेवा**। नई दिल्ली


**उच्चतम** न्यायालय ने केंद्र और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को बुधवार को निर्देश दिया कि वे सरकार के 2016 में 1000 रुपए और 500 रुपए के नोट को बंद करने के फैसले से संबंधित प्रासंगिक रिकॉर्ड पेश करें।

न्यायमूर्ति एसए नज़ीर की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने केंद्र के 2016 के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी, आरबीआई के वकील और याचिकाकर्ताओं के वकीलों की दलीलें सुनीं और अपना फैसला सुरक्षित रखा। इनमें वरिष्ठ अधिवक्ता पी चिदंबरम और श्याम दीवान शामिल थे। न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना, न्यायमूर्ति वी रामासुब्रमण्यम और न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना की पीठ ने कहा, मामले को सुना गया। फैसला सुरक्षित रखा जाता है। भारत सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक के वकीलों को संबंधित रिकॉर्ड पेश करने का निर्देश दिया जाता है।

अटॉर्नी जनरल ने पीठ के समक्ष कहा कि वह सीलबंद लिफाफे में प्रासंगिक रिकॉर्ड जमा करेंगे। शीर्ष अदालत आठ नवंबर 2016 को केंद्र द्वारा घोषित नोटबंदी को चुनौती देने वाली 58 याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी।

# रेपो दर में बढ़ोतरी, बढ़ जाएंगी मासिक किस्त

**पायनियर समाचार सेवा**। मुंबई



**भारतीय** रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने महंगाई कम करने के इरादे से बुधवार को द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दर रेपो में 0.35 प्रतिशत की एक और बढ़ोतरी कर इसे 6.25 प्रतिशत कर दिया। उम्मीद के अनुरूप नीतिगत दर में वृद्धि की रफ्तार धीमी पड़ी है और यह रेपो दर के अपने उच्च स्तर पर पहुंच जाने का संकेत देता है। आरबीआई ने मई के बाद लगातार पांचवीं बार रेपो दर में वृद्धि की है।

इस दौरान रेपो दर चार प्रतिशत से बढ़कर 6.25 प्रतिशत पर पहुंच चुका है। दर वृद्धि से मकान, वाहन और अन्य कर्जों की मासिक किस्त एक बार फिर बढ़ सकती है। रेपो दर वह ब्याज दर है, जिस पर वाणिज्यिक बैंक अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिए रिजर्व बैंक से कर्ज लेते हैं। इसके साथ ही केंद्रीय बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के वृद्धि दर अनुमान को सात प्रतिशत से घटाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सोमवार से शुरू हुई तीन दिन की बैठक में किए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा, मौजूदा आर्थिक स्थिति पर विचार करते हुए एमपीसी ने नीतिगत दर रेपो को 0.35 प्रतिशत बढ़ाकर 6.25 प्रतिशत करने का निर्णय किया है। रेपो दर में इस वृद्धि दर के साथ स्थाई जमा सुविधा (एसडीएफ) दर समायोजित होकर छह प्रतिशत और सीमांत स्थाई सुविधा (एमएसएफ) दर तथा बैंक दर 6.50 प्रतिशत हो गई है। हालांकि, रेपो दर में वृद्धि की यह गति पिछली चार बार की वृद्धि के मुकाबले कम है जो कि बाजार की उम्मीदों के अनुरूप ही है। आरबीआई उच्च मुद्रास्फीति को काबू में लाने के लिए इस साल मई से लेकर अब तक कुल पांच बार में रेपो दर में 2.25 प्रतिशत की वृद्धि कर चुका है।

इससे पहले, मई में रेपो दर 0.40 प्रतिशत तथा जून, अगस्त तथा सितंबर में 0.50-0.50 प्रतिशत बढ़ाई गई थी। केंद्रीय बैंक नीतिगत दर पर निर्णय करते समय मुख्य रूप से खुदरा महंगाई पर गौर करता है और यह पिछले करीब 11 महीने से रिजर्व बैंक के संतोषजनक स्तर से ऊपर बनी हुई है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति अक्टूबर महीने में 6.7 प्रतिशत रही थी। आरबीआई को खुदरा मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर बरकरार रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है। दास ने कहा ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 62,410 | ↓ 215 | |
| निफ्टी | 18,560 | ↓ 82 | |
| सोना | 54,054 | ↓ 35 | /10g |
| चांदी | 65,928 | ↓ 251 | /kg |

## क्विक न्यूज

### कर्नाटक और महाराष्ट्र के बीच सीमा विवाद बढ़ा

**बेलगावी।** उत्तर पश्चिम कर्नाटक सड़क परिवहन निगम (एनडब्ल्यूकेआरटीसी) ने बेलगावी जिले की सीमा से लगते क्षेत्रों में कुछ बसों को विरूपित तथा क्षतिग्रस्त किए जाने की खबरें आने के बाद बुधवार को महाराष्ट्र के लिए अपनी सेवाएं निलंबित कर दी। दोनों राज्यों ने बेलगावी को लेकर चिंता व्यक्त की है। महाराष्ट्र बेलगावी का अपने क्षेत्र में विलय की मांग कर रहा है जबकि कर्नाटक ने इस पर अपना अधिकार दोहराया है। उत्तर पश्चिम कर्नाटक सड़क परिवहन निगम के एक अधिकारी ने कहा, हम तनाव के कारण अपनी बसें केवल निपानी (बेलगावी जिले में) तक चला रहे हैं।

# कांग्रेस के प्रति आप व टीएमसी का रुख नरम, बैठक में शामिल

- खड़गे ने बुलाई विपक्षी दलों की बैठक, ममता ने पार्टी सांसदों को कांग्रेस के प्रति लचीला रवैया अपनाने की दी हिदायत

**सौगर सेनगुप्त/पीएनएस**। कोलकाता/नई दिल्ली

**अपने** रुख में बदलाव करते हुए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और आम आदमी पार्टी (आप) बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा बुलाई गई 'समान विचारधारा' वाली पार्टियों की बैठक में शामिल हुईं।

अपने पार्टी सांसदों से अलग से मुलाकात करने वाली पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने उन्हें कांग्रेस के प्रति अपना रवैया लचीला रखने तथा उसे और अन्य विपक्षी पार्टियों को साथ रखने का निर्देश दिया। उन्होंने इस बात का जिक्र किया कि शीतकालीन सत्र में 16 विधेयक पास होने हैं, जो सीधे राज्यों के मामलों में दखल देंगे और संयुक्त विपक्ष द्वारा इसका उचित समाधान खोजना होगा।

भर्ती घोटाला तथा वरिष्ठ पार्टी नेताओं की गिरफ्तारी को लेकर विपक्षी पार्टियों द्वारा दबाव बनाए जाने के बीच ममता ने संकेत दिया है कि वे कांग्रेस के करीब आएंगी। बैठक में मौजूद सूत्रों ने कहा कि उन्होने पार्टी के सांसदों से कहा कि अकबर रोड (कांग्रेस मुख्यालय) का पूरा ध्यान रखा जाए तथा उन्हें किसी विपक्षी दल के खासतौर पर कांग्रेस के खिलाफ कोई टिप्पणी न करने की हिदायत दी है।

संसद के शीतकालीन सत्र के लिए संयुक्त रणनीति तय करने को खड़गे द्वारा बुलाई गई बैठक में 13 विपक्षी पार्टियों के नेता शामिल हुए। इसमें टीएमसी और आप के अलावा वाम दल, द्रमुक, राजद, एनसीपी, एनसी तथा आरएसपी शामिल थे। कांग्रेस द्वारा बुलाई गई बैठक में पहली बार आप शामिल हो रही है। इसको इस नजरिये से भी देखा जा रहा है कि खड़गे ने पार्टी का कार्यभार संभाला है। राहुल या सोनिया गांधी ने कई मौकों ( शेष पेज 8 )

# रामोस की हैट्रिक, पुर्तगाल ने स्विट्जरलैंड को 6-1 से हराया

**एपी**। लुसैल



गोल करने के बाद जश्न मनाते पुर्तगाल के खिलाड़ी गोंसालो रामोस

**स्टार** खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो के विकल्प गोंसालो रामोस की हैट्रिक से पुर्तगाल ने मंगलवार को यहां फीफा विश्व कप के प्री क्वार्टर फाइनल में स्विट्जरलैंड पर 6-1 की आसान जीत दर्ज की। पिछले महीने पुर्तगाल की ओर से पदार्पण करने वाले 21 साल के रामोस ने देश की ओर से पहली बार शुरुआती एकादश में जगह बनाई और उस खेल की झलक पेश की जिसके लिए रोनाल्डो मशहूर हैं।

रामोस ने 17वें मिनट में पहला दागे दागा और फिर 51वें और 67वें मिनट में दो और गोल किए। रोनाल्डो 72वें मिनट में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में उतरे लेकिन उससे पहले ही टीम 5-1 की बढ़त के साथ अपनी जीत लगभग सुनिश्चित कर चुकी थी। पुर्तगाल की ओर से पेपे (33वें मिनट), राफेल गुरेइरो (55वें मिनट) और राफेल लियाओ (90 प्लस दो मिनट) ने भी गोल दागे। स्विट्जरलैंड की ओर से एकमात्र गोल मैनुअल अकांजी ने 58वें मिनट में किया। पुर्तगाल ने तीसरी बार विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई है। टीम इससे पहले 1966 और 2006 में भी अंतिम आठ में पहुंचने में सफल रही थी। शनिवार को क्वार्टर फाइनल में टीम की भिड़ंत मोरक्को से होगी जिसने प्री क्वार्टर फाइनल में स्पेन को पेनल्टी शूट आउट में 3-0 से हराया। निर्धारित और अतिरिक्त समय के बाद दोनों टीम गोल रहित बराबर थी। पुर्तगाल के कोच फर्नांडो सांतोस को अब फैसला करना है कि वह अगले मैच में रामोस को ही मौका देंगे या फिर रोनाल्डो की वापसी कराएंगे जो पुरुष अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सर्वाधिक गोल दागने वाली खिलाड़ी और खेल के महानतम खिलाड़ियों में से एक हैं।

रोनाल्डो ने मैदान पर उतरने के बाद कुछ अच्छे मूव बनाए। उन्होंने स्विट्जरलैंड के गोलकीपर यान सोमेर को छकाते हुए गोल भी दागा लेकिन यह ऑफ साइड हो गया। मैच खत्म होने के बाद पुर्तगाल के खिलाड़ी स्टेडियम में मौजूद टीम के प्रशंसकों के अभिवादन ( शेष पेज 8 )

# उत्तर भारत का सबसे बड़ा यूनानी संस्थान तैयार





- 11 दिसंबर को मोदी करेंगे शुरुआत, 328 करोड़ से बना, एम्स की तर्ज पर मिलेगा इलाज

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 दिसंबर को तीन राष्ट्रीय आयुष संस्थानों का वर्चुअल अनावरण करेंगे। इसमें गाजियाबाद का राष्ट्रीय यूनानी औषधि संस्थान भी है। ये उत्तर भारत का सबसे बड़ा यूनानी संस्थान है।

यहां न केवल यूनानी पद्धति से मरीजों का इलाज होगा, बल्कि ये हॉस्पिटल देशभर को यूनानी डॉक्टर भी देगा। 11 दिसंबर को छ्प्न्ड के अलावा अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान पणजी और राष्ट्रीय होम्योपैथी संस्थान दिल्ली का भी अनावरण होगा। ये संस्थान गाजियाबाद के कमला नेहरूनगर में करीब 10 एकड़ जमीन पर बना है। निर्माण पर 382 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। निर्माण कार्य सितंबर-2019 में शुरू होकर सितंबर-2022 में पूरा हुआ।

यहां मरीजों के लिए 200 बेड की सुविधा है। बच्चों और महिलाओं के लिए अलग से वार्ड है। विभाग और डॉक्टरों की संख्या के हिसाब से यहां करीब एक हजार मरीजों की रोजाना ओपीडी के इंतजाम हैं। ये संस्थान एम्स की तर्ज पर बना है। यहां 5 ऑपरेशन थिएटर, मैटरनिटी विंग, स्कैन, ब्लड बैंक, डिजिटल एक्सरे, पैथोलॉजी लैब की सुविधाएं हैं। इसके अलावा मरीजों के लिए स्टीम बाथ, हिप बाथ और सोना बाथ की सुविधा भी है।

इसी हॉस्पिटल में 50 करोड़ की लागत से एक अत्याधुनिक लैब बनी है। इस लैब में यूनानी दवाओं पर रिसर्च भी होगा। हॉस्पिटल के पीछे ही राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा शिक्षा संस्थान की बिल्डिंग बनाई गई है। इस संस्थान में 14 विभाग हैं। छात्र यहां पर यूनानी शिक्षा के साथ डॉक्टरेट भी कर सकेंगे। एक साल में 22 छात्र डॉक्टरेट कर सकेंगे। जबकि करीब 100 छात्र एक साल में यूनानी पढ़ाई कर सकेंगे। परिसर में गर्ल्स और बॉइज हॉस्टल भी बनाए गए हैं।

अनावरण से पहले ही हॉस्पिटल में सेवाएं शुरू कर दी गई हैं। फिलहाल रोजाना करीब डेढ़ सौ मरीज तक पहुंच रहे हैं। इन्हें 15 रुपए देकर पंजीकरण रसीद लेनी होती है, इसके बाद परामर्श और दवाइयां निशुल्क दी जाती हैं। ये रसीद एक महीना तक वैध रहेगी। इसके बाद 10 रुपए देकर इस रसीद का रिन्यूअल कराया जा सकेगा। अभी 2 ओपीडी चालू हैं, लेकिन इन्हें बाद में बढ़ाकर 10 तक कर दिया जाएगा।

# नगर निकाय चुनाव में संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी सीसीटीवी से होगी

- सुरक्षा को लेकर कमिश्नर लक्ष्मी ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

गौतमबुद्ध नगर की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने सूरजपुर पुलिस कार्यालय पर अधिकारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मीटिंग की। बैठक में आगामी नगर पालिका, नगर पंचायत चुनाव को लेकर सुरक्षा व्यवस्था, अपराध और यातायात को लेकर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। इसके बाद दादरी कोतवाली का औचक निरीक्षण किया। कोतवाली में मौजूद लोगों से पुलिस की कार्यशैली पर फीडबैक भी लिया।



बैठक में लक्ष्मी सिंह ने सभी संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी के लिए कैमरे लगवाने के लिए दिशा-निर्देश दिए। महिलाओं की सुरक्षा हेतु हॉटस्पॉट, भीड़भाड़ वाले स्थान बाजारों से गुजरते हुए टीम का रूट चार्ट तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने दादरी कोतवाली में मौजूद जनता से पुलिस की कार्यशैली के लिए फीडबैक लिया।

साथ ही कोतवाली में थाना कार्यालय कंप्यूटर कक्ष, डाक कार्यालय एवं महिला हेल्पडेस्क का निरीक्षण किया। रजिस्टर को पूर्ण रखने के संबंध में दिशा निर्देश दिए।

## संक्षिप्त समाचार



सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर कर्नल कपिल कत्याल ने गौतमबुद्धनगर की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह को प्रतीक चिन्ह लगाया।

### जिलाधिकारी आरके सिंह को लगाया झंडा

**गाजियाबाद।** सशस्त्र सेना झंडा दिवस के मौके पर जिला कल्याण सैनिक विभाग द्वारा इस दिन की शुरुआत डीएम आरके सिंह को झंडा लगाकर की गई। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन रामप्रवेश सिंह ने बताया कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस एक तरह से देश सेवा में जुटे सैनिकों के उत्साह के लिए है और अपने देश के प्रति सम्मान का प्रतीक है। इस दौरान सशस्त्र सेना झंडा दिवस की स्मारिका भी डीएम को भेंट की गई। इस अवसर पर कैप्टन रामप्रवेश सिंह, जिला सैनिक बंधु समिति के पूर्व मेजर जनरल, जेबी जैन, पवन कुमार आदि मौजूद रहे।

### खुद को आईएस बता कोचिंग के नाम पर हड़पे 50 लाख

**गाजियाबाद।** खुद को आईएएस बताकर कोचिंग का झांसा देकर एक ठग ने दर्जनों छात्रों से लगभग 50 लाख रुपये ऐंठ लिए और कोचिंग सेंटर पर ताला डालकर फरार हो गया। ठग ने अपनी सहयोगी युवती को भी उच्च शिक्षित बताया और आरडीसी में कर्म एण्ड को. नाम से कोचिंग सेंटर खोलकर छात्रों का भरोसा जीता था, लेकिन जब छात्र पढ़ने के लिए वहां पहुंचे तो ताला जड़ा मिला। पीड़ित छात्रों व उनके परिजनों ने कोचिंग सेंटर के संचालक अंकित गौतम के खिलाफ तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। इस धोखाधड़ी के संदर्भ में एक छात्रा के पिता अतुल त्यागी ने बताया कि कोचिंग संचालक ने कहा था कि उसे यूपीएससी, एसएससी और बैंकिंग की कोचिंग देने के लिये लंबी छुट्टी ली है। एसीपी कविनगर का कहना है की तहरीर मिलने के बाद इस मामले की जांच की जायेगी।

### धोखाधड़ी में चीनी कंपनी का मालिक पकड़ा

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की दादरी थाना पुलिस ने चीन की कंपनी के एक मालिक को धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार किया है। चाईनीज कंपनी में सीवर सिस्टम और वाटर प्लांट लगवाने के बाद एक फर्म के लगभग सवा करोड़ रुपए हड़पने के मामले में यह गिरफ्तारी की गई है। दादरी थाना प्रभारी उमेश बहादुर सिंह ने बताया कि दिल्ली के शाहीनबाग निवासी अनस के द्वारा कोर्ट के आदेश पर 4 अप्रैल 2021 को धोखाधड़ी का एक मुकदमा दर्ज कराया गया था। इसमें बताया गया कि उसकी फर्म कल्क हैंड्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी इंजीनियरिंग का कार्य करती है। फरवरी 2020 में अनस से अनुपम शर्मा ने मुलाकात की। अनुपम ने खुद को चीन की कम्पनी पेनरान का परचेज मैनेजर और सचिन गिरी को प्रोजेक्ट मैनेजर और टेलर टग को कम्पनी का चाइना का रिप्रेजेंटेटिव बताया। उसके बाद उन लोगों ने बताया कि उनकी कंपनी को एक चाइनीस कंपनी का काम मिला हुआ है।

### दो मिनट की देरी पर चौकीदार को पीटा

गाजियाबाद। गाजियाबाद के वैशाली इलाके में गेट खोलने में देरी होने पर मकान मालिक ने अपने चौकीदार को डंडे से पीटा। सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने पर पुलिस हरकत में आई। कुछ ही घंटे में पुलिस ने आरोपी मकान मालिक को गिरफ्तार कर लिया है। मामला कौशांबी थाना क्षेत्र का है। वैशाली सेक्टर-5 में जगत बिष्ट का मकान है। वह मंगलवार रात शादी में गया हुआ था। देर रात करीब एक बजे वापस लौटा और डोरबेल बजाई। चौकीदार कृष्णा को गेट की चाभी ढूंढने में करीब दो मिनट का समय लग गया। इसके चलते कृष्णा के गेट तक पहुंचने से पहले ही मकान मालिक जगत बिष्ट करीब 8 फीट ऊंचा गेट फांदकर अंदर आ घुसा। उसके हाथ में एक डंडा था। उसने चौकीदार की डंडे से पिटाई करनी शुरू कर दी। इस पिटाई में डंडा टूट गया, वहीं चौकीदार का एक दांत भी टूटा है। सोशल मीडिया में पिटाई का यह वीडियो वायरल हो गया। इंस्पेक्टर प्रभात दीक्षित ने बताया कि घायल चौकीदार का मेडिकल कराया जा रहा है। उससे एक एप्लिकेशन लेकर आरोपी के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया जा रहा है।

## पुलिसकर्मी पर कार चढ़ाने का प्रयास, छात्र सहित 3 पकड़े गए

**नोएडा।** चरखा गोल चक्कर पर तैनात पुलिस कांस्टेबल के ऊपर एक छात्र सहित चार युवकों ने थार जीप चढ़ा कर उसकी हत्या का प्रयास किया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। थाना सेक्टर-126 के प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि यातायात पुलिस में तैनात कांस्टेबल आयुष बीती रात को महामाया फ्लाईओवर के चरखा गोल चक्कर के पास ड्यूटी पर तैनात था, तभी एक थार जीप में सवार होकर हर्ष नाकरा, आर्यन, कविश खन्ना, तरुण वहां पर पहुंचे। उन्होंने यातायात नियमों का उल्लंघन किया। जब कांस्टेबल द्वारा टोका गया तो उन्होंने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की नियत से उसके ऊपर थार जीप चढ़ा दी।

# डूब क्षेत्र में चला प्राधिकरण का बुलडोजर

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



अवैध निर्माण को लेकर नोएडा प्राधिकरण ने ककराला गांव के डूब क्षेत्र हिंडन नदी में अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। यहां करीब 7 हजार वर्गमीटर जमीन से अवैध निर्माण को हटाया गया।

इस इस दौरान विरोध होने की आंशका को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात है। प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक सतेंद्र गिरी और तहसीलदार विनीत मिश्रा की अगुआई में ध्वस्तीकरण किया गया। डूब क्षेत्र में अवैध निर्माण को लेकर प्राधिकरण लगातार नोटिस जारी कर रहा है। इसके बाद भी निर्माण बदस्तूर जारी है। ककराला के डूब क्षेत्र में प्राधिकरण ने खुद से अवैध निर्माण हटाने के लिए नोटिस जारी किया था। समयावधि पूरी होने के बाद बुधवार सुबह करीब 11 बजे अवैध निर्माण को हटाने की कार्यवाही शुरू की गई। इस दौरान खसरा नंबर 704 पर कुछ कच्चे मकान और आठ से 10 दुकानों को हटाया जा रहा है। इनको ध्वस्त करने से पहले प्राधिकरण ने दुकान खाली करने के लिए बोल दिया था। जिसके बाद बुलडोजर चलाया गया।

## नोएडा पुलिस ने दो मोबाइल स्नेचरों को किया गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा की थाना सेक्टर 63 पुलिस ने दो शातिर मोबाइल स्नैचर गिरफ्तार किए हैं। पुलिस ने इन लुटेरों के कब्जे से लूटे हुए 3 मोबाइल फोन और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। यह लोग फर्जी नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल से इन मोबाइल लूट की वारदातों को अंजाम दिया करते थे। नोएडा, ग्रेटर नोएडा में मोबाइल स्नेचिंग की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। इसको लेकर पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह भी ऐसे क्राइम पर लगाम लगाने की बात कह चुकी है और उसको लेकर पुलिस लगातार अलर्ट नजर आ रही है और मोबाइल स्नेचरों की धरपकड़ चल रही है। इसी कड़ी में नोएडा की थाना सेक्टर 63 पुलिस ने दो मोबाइल स्नेचरों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने रितिक और सुमित नाम के दो मोबाइल स्नेचरों को गिरफ्तार किया है। यह दोनों ही गाजियाबाद के रहने वाले हैं। यह गाजियाबाद, नोएडा और ग्रेटर नोएडा में मोबाइल लूट की घटनाओं को अंजाम दिया करते थे। पुलिस ने आज इनको सेक्टर 63 सी ब्लॉक से गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से तीन मोबाइल फोन और एक फर्जी नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल भी बरामद हुई है।

थाना सेक्टर 63 प्रभारी अमित मान ने बताया कि यह दोनों बड़े ही शातिर किस्म के मोबाइल स्नेचर हैं, जो राह चलते लोगों से मोबाइल छीन कर फरार हो जाया करते थे। घटना को अंजाम देने के लिए यह लोग मोटरसाइकिल पर फर्जी नंबर प्लेट का इस्तेमाल करते थे, ताकि इनको पकड़ा न जा सके। आज भी यह ऐसी ही घटना को अंजाम देने के लिए आए थे लेकिन पुलिस ने इनको पकड़ लिया।

# उद्यमी से मांगी 50 लाख की रंगदारी, 5 आरोपी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

महानगर में एक उद्यमी आशीष गर्ग से 50 लाख रुपए की रंगदारी मांगने वाले तीन बदमाशों को मंगलवार देर रात पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया।

एक बदमाश को पैर में गोली लगी। खुलासा हुआ है कि मेरठ के कुख्यात बदमाश सुमित जाट की यूट्यूब पर वीडियो देखकर इन बदमाशों ने उद्यमी को रंगदारी की कॉल की थी। एसपी नगर निपुण अग्रवाल ने बताया, 2 दिसंबर को कविनगर थाना क्षेत्र के राजनगर में रहने वाले उद्यमी आशीष गर्ग के पास एक फोन आया। फोन करने वालों ने बदमाश सुमित जाट का नाम लेकर 50 लाख रुपए की रंगदारी मांगी और वसूली के लिए उद्यमी को पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर बुलाया।

पैसा न मिलने पर उद्यमी के कत्ल की धमकी दी। सुमित जाट पर मेरठ, बागपत और हरियाणा में कई कत्ल करने के आरोप हैं। एसपी ने बताया कि मुखबिरी और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस के आधार पर मंगलवार देर रात कविनगर थाना पुलिस ने बदमाशों को मुखर्जी पार्क चौराहे के नजदीक घेर लिया। यहां दोनों तरफसे गोलीबारी हुई। इसमें तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया।

# आप की जीत पर नोएडा में मना जश्न

- पार्टी कार्यालय में ढोल नगाड़ों की थाप पर नाचे कार्यकर्ता

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

दिल्ली एमसीडी चुनाव में आम आदमी पार्टी ने जीत दर्ज कर ली है। इसको लेकर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता काफी उत्साहित हैं और वह जीत की खुशी मना रहे हैं।

नोएडा में भी जिला कार्यालय के सामने आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ों की थाप पर झूमकर जोरदार तरीके से जश्न मनाया। जश्न मनाते हुए आप कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को लड्डू खिलाकर खुशी का इजहार किया।

इस दौरान जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह जादौन ने कहा कि दिल्ली की जनता ने 15 साल के भाजपा के भ्रष्टाचार के मॉडल पर झाड़ू चलाकर साफ कर दिया है और अरविंद केजरीवाल के विकास के मॉडल को चुना है। उन्होंने कहा ये जीत काम की राजनीति और दिल्ली की जनता की जीत है। बदनाम करने वाले राजनीति झूठ और नफरत की राजनीति की हार है। आम आदमी पार्टी के जश्न में गौतम बुद्ध नगर के आम आदमी पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए और ढोल नगाड़ों पर नाच.गाकर उन्होंने जश्न मनाया। इस दौरान एक.दूसरे को लड्डू खिलाए गए और अरविंद केजरीवाल जिंदाबाद के नारे भी लगाए गए। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नारा लगाया कि दिल्ली हुई हमारी है और अब भारत की बारी है साथ ही उन्होंने कहा कि देश का प्रधानमंत्री भी अरविंद केजरीवाल की तरह ही होना चाहिए। इस दौरान ओमवीर पहलवा, दिलदार अंसारी, राकेश अवाना, अनिल चेची, उमेश गौतम, सौरभ नेगी, विनोद नागर, अफजल चौधरी, माधव मिश्रा, संदीप भाटी, बिक्की , लखन, सरताज अली, नियामत शेख, विनोद कुमार, रंजीत शर्मा आदि पदाधिकारियों सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।


ICICI Bank

**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर, तीसरी मंज़िल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**सार्वजनिक सूचना - संरक्षित संपत्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी**

[ नियम 8 (6) का परंतुक देखें ]

**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियम, 2002 की धारा 8(6) के साथ अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्जदार एवं ज़मानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है, उनका **भौतिक अधिग्रहण** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है, जैसी है", "जैसी है, वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है", के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :-

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | पूजा तिवारी (कर्जदार), शिवम तिवारी (सह कर्जदार) LBGHZ00005051413 | फ्लैट नंबर 1093, तीसरी मंज़िल, न्यू एलआईजी फ्लैट्स, कोंडली घरोली, मयूर विहार फेज 3, दिल्ली, क्षेत्रफल 301.38 वर्ग फीट | रु. 25,46,857 (दिसम्बर 05, 2022 तक) | रु. 19,50,000/- / रु. 1,95,000/- | दिसम्बर 17, 2022 को सु. 10:00 बजे से सु. 11:30 बजे तक | दिसम्बर 30, 2022 को सु. 10:00 बजे से सु. 11:00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था मेसर्स नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड की, वेबसाइट **(URL Link- https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **दिसम्बर 29, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमे विफल रहने पर यह संरक्षित सम्पत्ति की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ करें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर, तीसरी मंज़िल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** में दिनांक- **दिसम्बर 29, 2022** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावति की स्कैन इमेज सहित दिनांक **दिसम्बर 29, 2022** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर, तीसरी मंज़िल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को दिनांक **दिसम्बर 29, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट पे आर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैड्यूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** की **दिल्ली** शाखा के पक्ष में भुगतान हेतु होना चाहिए।

सम्पति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तो तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **9372730494/ 7304914763** पर संपर्क करे।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसिया **1. मेसर्स नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड 2. ओगीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड**, इस सम्पति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाये किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते है।

बिक्री की विस्तृत नियमो एवं शर्तो हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करे।

**तिथि : दिसम्बर 08, 2022**
**स्थान : दिल्ली/ एनसीआर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड जल संस्थान,**
लेन नं0-1, तरूण विहार, मोथरोवाला रोड, देहरादून-248001, Phone No/Fax. 0135 2671940 Mail ID- eemdujs@rediffmail.com

**पत्रांक : 3965/ई-निविदा सूचना/2022-23** **दिनांक : 07/12/2022**

**ई-निविदा सूचनाः**

मुख्य महाप्रबन्धक, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से जलजीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निम्नलिखित पेयजल योजनाओं के कार्यो हेतु ई-निविदा, सिंगल बिड के आधार पर निम्नानुसार आमंत्रित की जाती हैं।

| निविदा क्र0 सं. | विकासखण्ड | कार्य विवरण | धरोहर धनराशि (रू0में) | निविदा का मूल्य (रू0में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | चकराता | सिजला पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 83950.00 | ₹3000 + GST | 06 माह |
| 2 | चकराता | त्युना मंगताड पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 85300.00 | ₹3000 + GST | 06 माह |
| 3 | चकराता | शेडिया पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 91450.00 | ₹3000 + GST | 06 माह |
| 4 | चकराता | सुजऊ पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 99570.00 | ₹3000 + GST | 06 माह |
| 5 | चकराता | गोरक्षा पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 84160.00 | ₹3000 + GST | 06 माह |
| 6 | चकराता | इन्द्रोली पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 51200.00 | ₹2000 + GST | 06 माह |
| 7 | चकराता | कुन्ना पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 148600.00 | ₹4000 + GST | 06 माह |
| 8 | चकराता | कन्धार पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 128400.00 | ₹4000 + GST | 06 माह |
| 9 | चकराता | जाडी पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 75500.00 | ₹3000 + GST | 06 माह |
| 10 | चकराता | मिण्डाल पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 124600.00 | ₹4000 + GST | 06 माह |
| 11 | चकराता | मेहरावना पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 126700.00 | ₹4000 + GST | 06 माह |
| 12 | चकराता | दाबला पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 154400.00 | ₹4000 + GST | 06 माह |
| 13 | चकराता | बागनी पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 112700.00 | ₹4000 + GST | 06 माह |
| 14 | चकराता | शिर्वा पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 164100.00 | ₹4000 + GST | 06 माह |
| 15 | चकराता | समोग पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 168500.00 | ₹4000 + GST | 06 माह |

**निविदा समय सारणी (मुख्य तिथियाँ) निम्नवत् हैं।**

| क्र0सं0 | विवरण | अनुसूची |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन प्रकाशन की तिथि। | 15.12.2022 at 11.00 Hrs. |
| 2 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि। | 16.12.2022 at 11.00 Hrs. |
| 3 | प्री-बिड मीटिंग | 17.12.2022 at 11.00 Hrs. |
| 4 | बिड ऑनलाईन जमा करने की प्रारम्भ तिथि। | 21.12.2022 at 11.00 Hrs. |
| 5 | बिड ऑनलाईन जमा करने की अन्तिम तिथि। | 26.12.2022 up to 17.00 Hrs. |
| 6 | ऑफ लाईन रूप से जमा किये जाने वाले प्रपत्र (निविदा प्रपत्र हेतु निर्धारित शुल्क, बिड सिक्योरिटी, स्टॉम्प पेपर एवं अन्य सम्बन्धित दस्तावेज। | 26.12.2022 upto 17.00 Hrs. |
| 7 | बिड खोलने की तिथि। | 28.12.2022 at 11:00 Hrs |

ई-निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारियां व शर्ते उत्तराखण्ड राज्य की वेबसाइट www.uktenders.gov.in पर ऑन लाईन देखी/प्राप्त की जा सकती हैं।

"जल संचय-जीवन संचय"

**अधिशासी अभियन्ता**



**PUBLIC NOTICE**

This is to inform the General Public that I, R K Nandwani S/o Sh. Sewa Ram Nandwani R/o 13, Nandwani Nagar, Sonepat, Haryana-131001 have lost my Possession letter, Possession Slip, Demand letter & NOC of electricity and others of DDA LIG Flat No.-36, Third Floor, BLK-13, Pkt-1, Sec-34, Rohini, Delhi. Vide File No. L/353(1088) 2015/DDA14/RO, having any objection or found contact at above address/9306927918 or Asstt. Dir(LIG) - H, DDA, Vikas Sadan, New Delhi Within 15 days from the date of publication.

**From: R K Nandwani S/o Sh. Sewa Ram Nandwani**



**LOST**

**Lost the Share Certificate issued by Leiah CGHS Ltd., in favour of Shri L.P. Shrivastava S/o Late Bindeswari Prasad & Transferred in the name of Shri Raman Kumar S/o Late Shri L.P. Shrivastava, Mem.No.505, Flat No.A-57, Leiah CGHS Ltd., Plot No. B-15, Vasundhara Enclave, Delhi-110096 and Conveyance Deed-Registration No. 17021, Book No.I, Vol.No. 3846 Page- 25 to 26 dated 15/10/2010 of the Said Flat No. A-57, Leiah CGHS Ltd., Plot No. B-15, Vasundhara Enclave, Delhi-110096, The conveyance Deed also executed by My Father Shri L. P. Shrivastava. Finder please contact.**



**कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई-चरौदा, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

क्र./304/निविदा/लो.नि.वि./2022 भिलाई-चरौदा, दिनांक :- 07.12.2022

**// ई-प्रोक्यूरमेन्ट निविदा सूचना //**

इस कार्यालय हेतु निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का नाम | सिस्टम टेंडर क्र. | लागत राशि (रू. लाख में) | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | BT Renewal Of Road From Sirsabhata Dorgi Para To Atanga Talab To Chandrakar Badi | 116495 | रू. 142.63 | 29-12-2022 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्यूरमेंट वेबसाईट https://www.eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम,**
**भिलाई-चरौदा**

"प्रकृति को क्षति न पहुँचाए, आओ धरती को जीने योग्य बनाएं"



**SALE NOTICE**

The under mentioned Assets will be sold through auction on **"AS IS WHERE IS BASIS"** and **"AS IS WHAT IS BASIS"** for recovery of dues as per court orders, in the following cases:-

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS SALMAN, CS (Comm.) - 4049/21 | Vehicle No. DL4CAZ6553, Make and Model – HONDA AMAZE, Manu Year -2020 |
| ICICI BANK LTD VS RAHUL SHARMA, CS (Comm.) No. 1063 of 2020 | Vehicle No. DL7CR1774, Make and Model – MARUTI SUZUKI INDIA LTD BALENO, Manu Year- 2019 |
| ICICI BANK LTD VS SUMIT AGGARWAL, FIR No. 378/2022 | Vehicle No. UP14DZ6700, Make and Model – TOYOTA FORTUNER, Manu Year -2019 |
| ICICI BANK LTD VS RAKESH GARG, FIR No. 378/2022 | Vehicle No. UP14DW1111, Make and Model – TOYOTA FORTUNER, Manu Year -2018 |

**Auction Date: December 15, 2022 From 11:00 am to 2:00 pm.**
Auction Portal Name & URL Link: Car Dekho https://auctions.cardekho.com Contact Person – Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS RAJNI, O.A No. 131/2021 | Vehicle No. DL8CAR9164, Make and Model – BMW, Manu Year- 2017.Reserve Price- 22,00,000/-, EMD- 2,20,000/- |
| ICICI BANK LTD VS BHARAT SOMASTAMB RC/312/2014 IN OA/308/2013 | Vehicle No. HR51Y0945, Make and Model– BENZ E 280 CDI, Manu Year- 2006, Reserve Price- Rs.1,62,000/-, EMD- Rs.16,200/- |
| ICICI BANK LTD VS SOMESH KUMAR TIWARI, CS SCJ 2172/18 | Vehicle No. UP16BP5309, Make and Model– HONDA ACTIVA, Manu Year- 2017. |

Date and Time of Online Auction: **Dec 23, 2022** From **11:00 am** to 2:00 pm. Auction Portal Name & URL Link: Car Dekho **https://auctions.cardekho.com** Contact Person – Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)

**Terms of Sale**

The particulars of the said asset specified herein above have been stated to the best of the information and knowledge of the undersigned, who shall however not be responsible for any error, misstatement or omission in the said particulars. The interested participant/s are therefore requested, in their own interest, to satisfy himself / themselves/ itself with regard to the said asset and other relevant details pertaining to it before submitting the bids.

The online auction will be conducted on website (URL Link- https://auctions.cardekho.com) of our auction agency Car Dekho. The Prospective Bidder(s) must submit the DD/PO of EMD Amount (wherein applicable), self attested PAN card and self attested cop of address proof alongwith mobile no and email id at **ICICI Bank Ltd, Shal Towers, Plot No. 23, New Rohtak Road Karol Bagh Delhi- 110005 on or before 21-Dec-22. Earnest Money Deposit DD/PO should be from a Nationalised/Scheduled Bank in favour of "ICICI Bank Limited" payable at Delhi.**

Successfully bidder shall have to deposit sale amount(Excluding EMD amount) within 5 days from the approval date by the way of pay order/demand draft/RTGS/NEFT. In case if you fail to make the payment of remaining sale amount within 5 days, your EMD amount (wherein applicable) will be forfeited.

The intending bidders may visit **ICICI Bank Ltd, Shal Towers, Plot No. 23, New Rohtak Road Karol Bagh Delhi- 110005** for details and inspection of the said hypothecated vehicles.


**सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी।** **पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।** **पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।**

# आप दफ्तर में जश्न, ढोल, नगाड़ों की थाप पर थिरके कार्यकर्ता

## भाजपा कार्यालय में भी कार्यकर्ताओं और नेताओं की भारी भीड़, वहीं कांग्रेस दफ्तर में सन्नाटा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनाव में आम आदमी पार्टी ने बहुमत के आंकड़े को पार करते हुए 134 सीटों पर जीत दर्ज की है। इससे पहले मतगणना के नतीजों में आम आदमी पार्टी के पक्ष में परिणाम जाते ही पार्टी के यहां स्थित दफ्तर पर जश्न शुरू हो गया। आप के दफ्तर पर जुटे कार्यकर्ताओं–समर्थकों ने गले में पीले और नीले रंग पट्टा लटकाए पार्टी के झंडे लहराए और ढोल–नगाड़ों की थाप पर थिरकने लगे। इस दौरान एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाईयां दी। आप नेता गोपाल राय, आतिशी और दुर्गेश पाठक सहित समर्थकों और अन्य नेता पार्टी कार्यालय में जश्न में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने भाजपा सांसद व भोजपुरी गायक मनोज तिवारी के लोकप्रिय गाने रिंकिया के पापा पर जमकर नाचते और मस्ती करते नजर आए।

इस दौरान आम आदमी के प्रदेश कार्यालय के बाहर सड़कों पर समर्थक आप के आधिकारिक चुनावी गीत एमसीडी में अरविंद केजरीवाल पर खूब झूमे और एमसीडी चुनावों में आप की पहली जीत का जश्न मनाया जा रहा है। मतगणना बढ़ने के साथ आप और भाजपा के बीच जीत का अंतर जैसे–जैसे कम होता गया। आप समर्थकों की खुशी दोगुनी होती गई।

इससे पहले बधुवार सुबह करीब 9.05 बजे भाजपा 107 सीटों पर और आप 95 सीटों पर आगे चल रही थी। तब कुछ देर के लिए आप समर्थकों का उत्साह कम रहा। उनकी धड़कन बढ़ने लगी थी। लेकिन कुछ ही देर में फिर से पासा पलटा और करीब 10.30 बजे आप (123) भाजपा (108) से आगे निकल गई। कांग्रेस 12 सीटों पर आगे चल रही थी। राज्य निर्वाचन आयोग ने दोपहर तीन बजे के बाद एमसीडी की सभी 250 सीटों पर मतगणना के पूरे होने का ऐलान किया। तब कार्यकर्ताओं का जश्न देखते ही बनता था। बाद में इस जश्न में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, राज्यसभा सदस्य संजय सिंह समेत कई नेता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

इस बीच आप से कुछ दूरी कांग्रेस कार्यालय में सन्नाटा पसरा रहा। ऐसा लग रहा था कि पार्टी को परिणामों से कोई उम्मीद नहीं है, क्योंकि राउज एवेन्यू स्थित उसके क्षेत्रीय कार्यालय राजीव भवन में कोई नेता या कार्यकर्ता नजर नहीं आ रहे थे। हालांकि किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए कार्यालय के आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। दूसरी ओर भाजपा के कार्यालयों में पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं की भीड़ थी। क्योंकि शुरुआती रुझानों में आम आदमी पार्टी और भाजपा के बीच करीबी कांटे की टक्कर थी। इस चुनाव के परिणाम का राष्ट्रीय राजधानी से परे प्रभाव हो सकता है, जिसे आम आदमी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच त्रिकोणीय मुकाबले के रूप में देखा जा रहा है।



आम आदमी पार्टी कार्यालय के बाहर कार्यकर्ता जीत का जश्न मनाते हुए। फोटो: रंजन डिमरी

## दिल्ली में पहली ट्रांसजेंडर बॉबी ने सुल्तानपुरी से दर्ज की जीत

- बोली-एमसीडी से भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए करेंगी काम



नई दिल्ली। निगम चुनाव में आम आदमी पार्टी की सुल्तानपुरी ए से ट्रांसजेंडर उम्मीदवार बॉबी चुनाव जीत गई हैं। बॉबी ने अपने करीबी प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस उम्मीदवार वरुण ढाका को 6,714 मतों से मात दी। चुनाव में बॉबी अकेली ट्रांसजेंडर उम्मीदवार थीं। पार्टी का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुने जाने के बाद बॉबी ने कहा था कि वह अपने निर्वाचन क्षेत्र को सुंदर बनाना चाहती हैं और उनके आसपास रहने वाले लोगों के जीवन में सुधार लाना चाहती हैं। वह एमसीडी से भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए काम करेंगी।

## कांग्रेस के वोट प्रतिशत में बढ़ोतरी : अनिल



नई दिल्ली। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि नगर निगम चुनाव में जनता के फैसले को स्वीकार करते है, क्योंकि लोकतंत्र में जनता का फैसला सर्वोपरि है। उन्होंने दावा किया कि कॉंग्रेस एकमात्र पार्टी है, जिसके वोट प्रतिशत में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा निगम चुनाव से पहले दिल्ली पहुँचती तो परिणाम शायद कुछ और होते। साथ अनिल ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि एमसीडी चुनाव के परिणामों के बाद एक बात स्पष्ट हो गई है कि जहां दिल्ली वालों ने नरेंद्र मोदी के चेहरे को नकार दिया, वहीं मुख्यमंत्री के 230 सीटें जीतने के दावे को भी धराशाही कर दिया है। आने वाले समय में कांग्रेस एक जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका निभाते हुए जनहित के काम करती रहेगी।

## भाजपा का नहीं चला पसमांदा प्रत्याशियों का दांव

नई दिल्ली। नगर चुनावों में भाजपा ने इस बार चार प्रत्याशी उतरे थे। चारों को हार का मुंह देखना पड़ा। चांदनी महल से इरफान मलिक, चौहान बांगर से सबा गाजी, कुरैश नगर से शमीना राजा और मुस्तफाबाद से सबीना मलिक अपनी जमानत भी नहीं बचा सकी। पसमांदा मुस्लिमों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक लिहाज से सबसे पिछड़ा माना जाता है। इनमें अंसारी, कुरैशी, मंसूरी, सिद्दीकी जैसी 41 जातियां आती हैं।

# दंगा प्रभावित क्षेत्रों में भाजपा को बढ़त, आप से छिटके

- 23 वार्डों में से 14 में भाजपा जीती, आप को केवल 5 सीट

ज़ाहिद अली। नई दिल्ली

उत्तरी पूर्वी दिल्ली में दंगों का असर साफ देखने को मिला। विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी के गढ़ में भाजपा और कांग्रेस ने सेंध लगा दी है। सुरक्षित सीटों को छोड़कर सामान्य वर्ग की सीटों पर आम आदमी पार्टी को शिकस्त मिली है। वहीं दंगों में आप की भूमिका को लेकर लोगों में रोष व्याप्त है जिसका फायदा कांग्रेस को मिला है।

वहीं मुस्लिम बाहुल इलाकों में आप पिछड़ी और कांग्रेस ने बढ़त बनाई। उत्तरी पूर्वी दिल्ली में लगभग 23 वार्ड आते हैं। यह इलाका या तो दंगा प्रभावित था या फिर आंशिक रूप से इसका असर पड़ा था। यहां की 23 सीटों में भाजपा ने 14 वार्डों में जीत दर्ज की। वहीं आप को केवल 5 और कांग्रेस ने चार सीटों पर परचम लहराया।

**सीलमपुर वार्ड:** इस विधानसभा में चार वार्ड आते है। सीलमपुर वार्ड से निर्दलीय उम्मीदवार हज्जन शकील ने कांग्रेस प्रत्याशी पराजित किया। वहीं चौहान बांगर से कांग्रेस उम्मीदवार चौधरी शगुफ्ता ने आप विधायक की पत्नी और पूर्व पार्षद आसमां रहमान को लगभग 15 हजार मतों से हराया। गौतमपुरी वार्ड में भी भाजपा उम्मीदवार ने आम आदमी पार्टी को चौंकाते हुए लगभग दो हजार मतों से जीत दर्ज की। मौजपुर सीट पर भाजपा ने फिर से कब्जा जमा लिया है। पिछले चुनाव में यह सीट आम आदमी पार्टी के खाते में गई थी। यहां पर अनिल गौड ने कांग्रेस के विनोद शर्मा को लगभग 7 हजार से अधिक मतों से हरा दिया। यहां आप के प्रत्याशी नीरज शर्मा को तीसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा।


**घोंडा:** इसमें ब्रह्मपुरी, भजनपुरी, घोंडा और यमुना विहार वार्ड आते हैं। यहां आम आमदी पार्टी ने ब्रह्मपुरी और भजनपुरा में जीत दर्ज की और घोंडा और यमुना विहार भाजपा की झोली में गया।




**मुस्तफाबाद:** दिल्ली दंगे में मुस्तफाबाद इलाका सबसे अधिक प्रभावित रहा है। यहां ब्रिजपुरी और मुस्तफाबाद वार्ड में आप को चौंकाते हुए कांग्रेस ने बाजी मारी है। ब्रिजपुरी से नाजिया खातून ने आप की आफरीन नाज को शिकस्त दी। वहीं नेहरू नगर वार्ड में कांग्रेस प्रत्याशी भाजपा से महज 326 मतो के अंतर से हराया। हालांकि जौहरपुर सीट पर आप को जीत मिली।

## राजधानी के मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में कांग्रेस का उभार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



चौधरी शगुफ्ता



अरीबा

मुस्लिम मतदाताओं ने एक बार फिर कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया है। चुनाव में कुल 14 मुस्लिम प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की। इसमें कांग्रेस के 7, आप के 6 और एक निर्दलीय उम्मीदार शामिल है। सीएए–एनआरसी आंदोलन के दौरान देश–दुनिया में चर्चित रहा (शाहीन बाग) अबुल फजल वार्ड कांग्रेस ने जीता है। यहां पर आम आदमी पार्टी को करारा झटका लगा। यहां आम आदमी पार्टी का मुस्लिम चेहरा और दिल्ली वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष और ओखला विधानसभा क्षेत्र से विधायक अमानतुल्लाह खान अपने क्षेत्र में पांच वार्डों में से चार हार गए हैं। जबकि ओखला मुस्लिम बहुल क्षेत्र है। ओखला विधानसभा के तहत पांच वार्ड आते हैं। इसमें मदनपुर खादर ईस्ट, मदनपुर खादर वेस्ट, सरिता विहार, अबुल फजल एनक्लेव और जाकिर नगर वार्ड हैं। आम आदमी पार्टी का पूरा तरह से ओखला क्षेत्र की सीटों पर सफाया हो गया है।

ओखला की पांच में से दो वार्डों में कांग्रेस जीती है तो दो भाजपा के खाते में गई हैं। अबुल फजल सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी अरीबा जीतीं। इसके अलावा एक सीट ही आम आदमी पार्टी की झोली में आई है।

आम आदमी पार्टी को केवल पुरानी दिल्ली में सफलता मिली। चांदनी चौक, बल्लीमारान, जामा मस्जिद और चांदनी महल वार्ड की चारों सीटों पर आप प्रत्याशी जीते। जाम आदमी पार्टी के विधायक शोएब इकबाल के बेटे एवं आप के उम्मीदवार आले मोहम्मद इकबाल ने कांग्रेस उम्मीदवार मोहम्मद हामिद को 17,134 वोट से हरा दिया। बाबरपुर के कबीर नगर वार्ड में भी चौंकाने वाले नतीजे सामने आए हैं। इस सीट पर कांग्रेस ने अंतिम समय में पासा पलट दिया। यहां जरीफ ने आप के पूर्व पार्षद जाकिर खान को लगभग पांच हजार वोटों से पराजित किया।

शास्त्री पार्क वार्ड में कांग्रेस के समीर अहमद ने जीत दर्ज की है। उन्होंने आम आदमी पार्टी के आदित्य चौधरी को मात दी है। मालूम हो कि दिल्ली की राजनीति में करीब 13 फीसदी मुस्लिम मतदाता हैं। सत्तर सीटों वाली दिल्ली विधानसभा में 8 विधानसभा और 250 में से 50 सीटों पर मुस्लिम मतदाता निर्णायक भूमिका अदा करते हैं। शहर की बल्लीमारान, सीलमपुर, ओखला, मुस्तफाबाद, चांदनी चौक, मटिया महल, बाबरपुर, दिलशाद गार्डन और किराड़ी मुस्लिम बहुल इलाके हैं। इन क्षेत्रों की पार्षद सीटों पर 40 से 90 फीसदी तक मुस्लिम मतदाता हैं। इसके अलावा त्रिलोकपुरी और सीमापुरी इलाके में भी मुस्लिम मतदाता अच्छी खासी संख्या में हैं। पिछले विस चुनाव में आप को इन इलाकों में अच्छी वोट मिली थी।

# शानदार जीत से गदगद आप ने किया बेहतर सुविधाएं देने का वादा

- भाजपा ने करारी हार के अनुमान के बावजूद 100 से अधिक सीट मिलने पर वोटरों का जताया आभार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनाव में जीत से गदगद आम आदमी पार्टी (आप) ने बुधवार को नागरिक सुविधाओं में सुधार का वादा किया जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने एक्जिट पोल में करारी हार के अनुमान के बावजूद 100 से अधिक सीट मिलने पर मतदाताओं का आभार व्यक्त किया।

चार दिसंबर को हुए मतदान के बाद आए एक्जिट पोल में भाजपा को करारी हार मिलने का अनुमान जताया गया था, हालांकि पार्टी 104 सीट जीतने में कामयाब रही।

अपेक्षा से अधिक करीबी मुकाबले में आप ने 134 सीट जीतकर भाजपा के 15 साल के कार्यकाल पर विराम लगा दिया। 250 वार्ड वाले नगर निगम में बहुमत का आंकड़ा 126 है। इससे पहले एग्जिट पोल में भाजपा को करारी शिकस्त का अनुमान लगाया गया था, लेकिन पार्टी ने 104 सीट जीतकर जोरदार टक्कर दी। कांग्रेस ने सिर्फ नौ सीटें जीतीं जबकि तीन वार्ड पर निर्दलीय उम्मीदवारों की जीत हुई।



दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने आप की जीत पर दिल्लीवासियों का आभार व्यक्त किया। केजरीवाल ने यहां पार्टी कार्यालय में समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि वह लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे और दिल्ली को बेहतर बनाने के लिए सभी दलों से एक साथ आने का आग्रह करेंगे। उन्होंने कहा, हमें दिल्ली की स्थिति में सुधार करना है और भाजपा, कांग्रेस के सहयोग तथा केंद्र और प्रधानमंत्री के आशीर्वाद की भी जरूरत है। दूसरी ओर, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि 15 साल बाद भी पार्टी ने अपने काम के आधार पर अपना मत प्रतिशत बरकरार रखा है।

उत्तर–पूर्वी दिल्ली से भाजपा के सांसद मनोज तिवारी ने ट्वीट किया, लगातार चौथी बार भी इतनी सीटें भाजपा को देकर दिल्ली की जनता ने जो विश्वास दिखाया है ...सभी भाई बहनों को धन्यवाद और कार्यकर्ताओं का आभार।.

आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि महज 10 साल पुरानी पार्टी ने देश की सबसे बड़ी पार्टी (भाजपा) को उसी के गढ़ में मात दे दी। उन्होंने कहा, परिणाम ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि आप एक बेहद ईमानदार पार्टी है। पंजाब के मुख्यमंत्री एवं आप के नेता भगवंत मान ने इसे दिल्ली के आम लोगों की जीत बताते हुए कहा, सभी को बधाई। चुनाव नेताओं ने लड़ा, लेकिन जीत जनता की हुई। पंद्रह साल बाद जनता की जीत हुई है। आप ने जनता का दिल जीत लिया।

आप के नेता और दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि उनकी कट्टर ईमानदार पार्टी ने दुनिया की सबसे बड़ी और नकारात्मक पार्टी को हरा दिया।

# कई राजनीतिक परिवारों के उम्मीदवारों ने बचाई विरासत

- सबसे अमीर प्रत्याशी को मिली हार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगमचुनाव में राजनीतिक परिवारों से संबंध रखने वाले ज्यादातर उम्मीदवारों को जीत मिली है जबकि सबसे अमीर उम्मीदवार को हार का सामना करना पड़ा। आप विधायक शोएब इकबाल के बेटे एवं आप के उम्मीदवार आले मोहम्मद इकबाल ने कांग्रेस उम्मीदवार मोहम्मद हामिद को 17,134 वोट से हरा दिया। यह इस एमसीडी चुनाव में सबसे बड़ी जीत है। इकबाल को 19,199 वोट मिले जबकि दूसरे स्थान पर रहे हामिद को मात्र 2,643 वोट हासिल हुए।

दिल्ली भाजपा के उपाध्यक्ष आदित्य झा की पत्नी सुनरिका शर्मा को दिलशाद कॉलोनी वार्ड में आप की प्रीति ने 2,643 वोट से पराजित किया। चितरंजन पार्क में आप के आशु ठाकुर ने भाजपा की कंचन चौधरी को सबसे कम मतांतर (44) से हरा दिया। चौधरी पूर्व पार्षद सुभाष भड़ाना की बेटी हैं। हाल में भाजपा में शामिल होने वाले जंगपुरा के पूर्व विधायक तरविंदर सिंह मारवाह के बेटे कुंवर अर्जुन पाल सिंह मारवाह ने लाजपत नगर वार्ड में आप के प्रत्याशी सुभाष मल्होत्रा को हरा दिया।

आप के विधायक पवनदीप साहनी के बेटे पूरनदीप साहनी ने चांदनी चौक वार्ड में भाजपा के रविंदर कुमार को 1,216 वोट से हरा दिया। कांग्रेस के पूर्व विधायक बलराम तंवर के बेटे जोगिंदर को भाटी वार्ड में चार हजार मतों के अंतर से हार का सामना करना पड़ा। टिगरी में, आप विधायक प्रकाश जरवाल की पत्नी ज्योति प्रकाश जरवाल भाजपा की उम्मीदवार मीरा को 6,191 वोट के अंतर से हराया। नांगलोई के पूर्व विधायक बिजेंद्र सिंह के बेटे मनदीप को निहाल विहार वार्ड से जीत मिली। निगम चुनाव में सबसे अमीर उम्मीदवार भाजपा के राम देव शर्मा को बल्लीमारान सीट पर हार का सामना करना पड़ा।

आप के उम्मीदवार मोहम्मद सादिक ने उन्हें 11,626 वोट से हराया। चुनाव में अपनी संपत्ति 49 करोड़ रुपए घोषित करने वालीं नंदिनी शर्मा को मालवीय नगर में आप की लीना कुमार से 3,630 वोट से हार मिली।

## इकबाल सिंह और तीन पूर्व महिला महापौर जीतीं

नई दिल्ली। भाजपा के टिकट पर नगर निगम चुनाव लड़ने वालीं तीन पूर्व महिला महापौर को बुधवार को जीत मिली है जबकि उत्तरी दिल्ली के एक पूर्व महापौर को शिकस्त का सामना करना पड़ा।

पूर्व महिला महापौर नीमा भगत, सत्या शर्मा और कमलजीत सहरावत को जीत मिली है। सहरावत ने लगातार दूसरी बार जीत दर्ज की है। भगत और शर्मा पूर्वी दिल्ली की महापौर रह चुकी हैं जबकि सहरावत दक्षिण दिल्ली की महापौर थीं। भगत ने कहा, वह बहुत खुश है और इलाके में जश्न का माहौल है। द्वारका–बी वार्ड से जीत दर्ज करने वाली सहरावत ने ट्विटर पर मतदाताओं का शुक्रिया अदा किया। उत्तर–पूर्वी दिल्ली की सीलमपुर सीट से शकीला बेगम समेत तीन निर्दलीय उम्मीदवारों को भी जीत मिली है। इसी प्रकार भाजपा से ही महापौर रह चुके राजा इकबाल सिंह भी फिर से जीत गए है।



# भाजपा ने पार्टी का महापौर बनाने का किया दावा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी बेशक दिल्ली नगर निगम चुनाव में बहुमत से जीत गई हो लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को संकेत दिया कि महापौर का चुनाव अब भी बाकी है और चंडीगढ़ में उसके विरोधियों के पास सबसे अधिक सीटें होने के बावजूद महापौर भाजपा का है।

भाजपा के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने ट्वीट कर कहा कि अब बारी दिल्ली के महापौर के चुनाव की है। यह इस पर निर्भर करेगा कि करीबी मुकाबले में कौन संख्याबल जुटा सकता है, नामांकित पार्षद किस तरीके से वोट करते हैं आदि। उदाहरण के लिए चंडीगढ़ में भाजपा का महापौर है। आप चंडीगढ़ नगर निकाय के 35 वार्ड के चुनाव में 14 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनी थी लेकिन उसे बहुमत नहीं मिला था। भाजपा की दिल्ली इकाई के प्रवक्ता तजिंदर पाल सिंह बग्गा ने दावा किया कि शहर में एक बार फिर उनकी पार्टी का महापौर बनेगा।

इस बीच प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि एमसीडी चुनाव में मतदाताओं ने भाजपा को लगभग 40 मत प्रतिशत के साथ 104 वार्डों में विजयी बना कर एक सशक्त विपक्ष का दायित्व सौंपा है।

ऐसे में भाजपा सकारात्मक रूप से दिल्ली वालों की समस्याओं को उठाती रहेगी। उन्हें भरोसा है कि आम आदमी पार्टी अगले 6 महीने में तीनों लैंडफिल साइट की सफाई करने का अपना वादा तो निभाएगी ही साथ ही आरडब्ल्यू सहित समाज के विभिन्न वर्गों से किये वादे भी जल्द पूरा करेंगे।

## आप पार्षदों को खरीदने की कोशिश कर रही है भाजपा : सिसोदिया

नई दिल्ली। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने आरोप लगाया कि भाजपा आम आदमी पार्टी पार्षदों को अपने पाले में लाने की कोशिश कर रही है और उनमें से कोई भी उनके खेल का शिकार नहीं होगा। नवनिर्वाचित पार्षदों को निर्देश दिया गया है कि अगर उन्हें ऐसा कोई फोन कॉल आए तो उसे रिकॉर्ड किया जाए। ट्वीट कर कहा कि भाजपा का खेल शुरू हो गया। उन्होंने दावा किया आप का कोई पार्षद विकेगा नहीं।

# स्केटिंग नेशनल चैंपियनशिप के लिए चयनित 30 खिलाड़ी गुरुग्राम में बहा रहे पसीना

**संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम**

**यहां** एंबियंस मॉल स्थित आईस्केट रिंग में चार से आठ जनवरी 2023 तक होने वाली 18वीं नेशनल आइस स्केटिंग चैम्पियनशिप में रिकार्ड ऐतिहासिक जीत हासिल करने के लिए हरियाणा के 50 से अधिक स्केटर्स इन दिनों जमकर मेहनत कर रहे हैं। इसके लिए बुधवार को जहां एंबियंस माल के आइस स्केटिंग रिंग में 30 नेशनल ट्रेनिंग कैम्प के प्रतिभागियों ने पसीना बहाया, वहीं 20 अन्य खिलाड़ी अलग-अलग मैदानों में ऑफ आइस स्केटिंग अभ्यास कर रहे हैं।

### 18वीं नेशनल चैम्पियनशिप का खिताब जीतने को जुटे हरियाणा के स्केटर्स

नेशनल चैम्पियनशिप चार जनवरी से आठ जनवरी 2023 तक होगी, जिसमें तेलंगाना, दिल्ली, आंध्र प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर, तमिलनाडु, पंजाब, राजस्थान, कर्नाटक, झारखंड, केरल, मध्य प्रदेश, गुजरात, पश्चिमी बंगाल, छत्तीसगढ़, चण्डीगढ़ सहित कुल 22 राज्यों की टीमें हिस्सा लेगी। हरियाणा की टीम को एकल, युगल एवं समूह मुकाबलों के हिसाब से टीम को तैयार किया जा रहा है।


गुरुग्राम में आईस स्केटिंग नेशनल ट्रेनिंग कैम्प के दौरान खिलाड़ियों के साथ एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह लोहान व अन्य पदाधिकारी।

फिलहाल सर्वाधिक फोकस एकल मुकाबलों को लेकर है। उसके बाद जल्द ही सभी श्रेणियों पर फोकस किया जाएगा। सभी मापदंडों पर खरा उतरने वाले खिलाड़ियों को मॉडर्न स्क्रीन शूट से लेकर नेशनल एवं इंटरनेशनल लेवर के ट्रेनर की सुविधाएं प्रदान की जा रही है। जिससे कि नेशनल चैम्पियनशिप के आगाज से लेकर अंजाम तक हरियाणा के स्केटर्स का जलवा बरकार रह सके। नेशनल ट्रेनिंग कैम्प में बिना किसी कारण के भाग न लेने वाले खिलाड़ियों को नेशनल चैम्पियनशिप से बाहर का रास्ता दिखा कर नए स्केटर्स का चयन कर लिया गया है। पिछली बार के नेशनल चैम्पियन रहे महाराष्ट्र, दिल्ली एवं तेलगांना के स्केटर्स के हिसाब से रणनीति तैयार की जा रही है।

### इस आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने किया कड़ा अभ्यास

**हरियाणा** आइस स्केटिंग एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह लोहान एवं प्रदेश महासचिव नरेश सेलपाड़ ने बताया कि बुधवार को 18वीं नेशनल आइस स्केटिंग चैम्पियनशिप में जीत तय करने के लिए स्पीड व फिगर आईस स्केटिंग श्रेणी के खिलाड़ियों ने कड़ा अभ्यास किया। नेशनल ट्रेनिंग कैम्प के पहले दिन चयनित एज ग्रुप अंडर-10, 10 से 13, 13 से 15, 15 से 17, 17 से 19 आयु वर्ग व सीनियर वर्ग में 19 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के स्केटर्स ने अभ्यास किया। ध्यान हो कि नेशनल चैम्पियनशिप में लड़कों व लड़कियों के दोनों वर्गों में समान आयु वर्ग में मुकाबले होंगे।

# ग्रामीण बोले, ओमप्रकाश धनखड़ दिल से करते हैं शहीदों का सम्मान

### 30 साल बाद सुबाना में स्थापित हुई शहीद राकेश की प्रतिमा

**पायनियर समाचार सेवा। झज्जर /गुरुग्राम**



**पुलवामा** में पांच दिसंबर 1992 को आतंकियों से लोहा लेते शहीद हुए सुबाना के सेकेंड लेफ्टिनेंट राकेश मल्हान अशोक चक्र विजेता (मरणोपरांत) की शहादत को अमर बनाने की तमन्ना लगभग तीन दशक से पूरे सुबाना गांव के मन में थी। इस वर्ष गांव की बड़ी चौपाल में ग्राम सभा की बैठक हुई और सर्वसम्मति निर्णय हुआ कि शामलात जमीन पर शहीद राकेश की भव्य मूर्ति स्थापित की जाएगी। इस कार्य को पूरा करने के लिए बलराज नम्बरदार की अध्यक्षता में कमेटी बनी।

कमेटी प्रधान बलराज नम्बरदार ने बताया कि शहीद राकेश मल्हान की भव्य प्रतिमा बनवाने के फैसले की बात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के समक्ष हुई तो उन्होंने कमेटी को कहा कि अपने गांव के लाडले ने देश में इलाके का नाम रोशन किया है। ऐसे वीर महायोद्धा की मूर्ति बनवाने की जिम्मेदारी मैं लेता हूं। उन्होंने जयपुर में सात लाख रुपये की लागत से भव्य मूर्ति बनवाई और पूरे गांव सुबाना ने मिलकर पांच दिसंबर 2022 को शहीद सम्मान कार्यक्रम आयोजित कर मूर्ति की स्थापना की।

बलराज नम्बरदार ने बताया कि उनके गांव से 19 सैनिकों ने देश के लिए कुर्बानी दी है। शहादत के लगभग तीन दशक बाद सुबाना में अशोक चक्र विजेता (मरणोपरांत) सेकेंड लेफ्टिनेंट राकेश मल्हान की प्रतिमा स्थापित होने के अवसर पर पहुंचे क्षेत्र के लोगों से इस विषय में बातचीत की गई। कई लोगों ने खुलकर अपनी बात रखी। खेड़ी जट्ट के पूर्व सरपंच अभिमन्यु ने कहा कि धनखड़ साहब ने ही उनके गांव के सरकारी स्कूल का नाम शहीद रमेश गुलिया के नाम और शहीद की मूर्ति स्थापित करवाई। शहीद रमेश के बेटे को सरकारी नौकरी भी दिलाई।

राकेश यादव पाटौदा ने कहा कि इस तरह के बड़े कार्य, वहीं व्यक्ति कर सकता है, जिसका दिल देश के लिए धड़कता हो और देश के प्रति प्रेम की भावना रखता हो। शहादत की एक शताब्दी बाद हजारों किलोमीटर दूर मिश्र देश से प्रथम विश्व युद्ध के महानायक बदलूराम की अस्थि वतन लाकर स्मारक बनवाना आसान काम नहीं था।

देवेंद्र चौहान पाटोदा ने कहा कि ढाकला में प्रथम विश्व युद्ध के महानायक विक्टोरिया क्रॉस बदलूराम, शहादत के लगभग तीन दशक बाद सुबाना में अशोक चक्र विजेता (मरणोपरांत) सेकेंड लेफ्टिनेंट राकेश मल्हान, खेड़ी जट्ट में शहीद रमेश गुलिया सहित अनेक ऐसे वीर योद्धाओं की प्रतिमा स्थापित हुई हैं, जिनको एक पल निहारते ही इलाके का गौरवशाली इतिहास जीवंत हो उठता है और इलाके के लोग गौरवान्वित।

देवेंद्र चौहान पाटौदा ने कहा कि सदियों से समाज की इच्छा थी कि सम्राट पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा इस इलाके में स्थापित हो। इस बात की चर्चा हरियाणा भाजपा अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के सामने हो गई। उन्होंने तत्काल कहा, कार्य शुरू करो, जहां मेरी जरूरत हो, ले चलो। देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जब प्रतिमा का अनावरण करने कुलाना पहुंचे तो, बोले, देश में इससे ज्यादा भव्य प्रतिमा सम्राट पृथ्वीराज चौहान की उन्होंने नहीं देखी। धनखड़ ने समाज के भवन निर्माण के लिए कुलाना में 11 लाख रुपये देने की घोषणा क

मास्टर जय प्रकाश ने कहा कि गांव-गांव ग्राम गौरव पट्ट स्थापित होने से गांवों का माहौल बदला है, आज युवा पीढ़ी को ज्ञात हो रहा है कि उनके गांवों के पूवज़्जों ने देश व समाज के लिए क्या-क्या बलिदान दिए। उनके पूर्वजों द्वारा दी गई बलिदानी की युवा खुलकर चर्चा कर गौरवान्वित महसूस करते हैं।

जय प्रकाश ने कहा कि राजा नाहर सिंह की प्रतिमा स्थापित करने की चर्चा हुई तो प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि यह कार्य तो बहुत पहले ही हो जाना चाहिए था। उन्होंने तत्काल कहा, कार्य शुरू करो, मैं आपका साथ दूंगा। भंवर सिंह चौहान ने कहा कि जब भी शहीदों के सम्मान की बात आती है तो धनखड़ साहब आपको सबसे आगे खड़े मिलते हैं।

# डेरा सच्चा सौदा की नामचर्चा में 200 स्कूली बच्चों को जैकेट बांटी


डेरा सच्चा सौदा दौलतपुरा में जैकेट पाकर प्रसन्न स्कूली बच्चे।

### 21 गरीब परिवारों को वितरित किया एक माह का राशन

**दौलतपुरा।** डेरा सच्चा सौदा के शाह सतनाम जी रूह-ए-सुख आश्रम दौलतपुरा में जयपुर जोन की नामचर्चा का आयोजन बुधवार को किया गया। इसमें राम नाम की अदभुत व अनोखी रूहानी वर्षा का नजारा देखने को मिला। डेरा सच्चा सौदा की राजस्थान की साध संगत के द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय नामचर्चा में प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में साध-संगत ने भाग लिया।

नामचर्चा की शुरुआत में कविराज भाइयों ने मधुर आवाज में भजन सुनाए। तत्पश्चात पंडाल में बड़ी-बड़ी स्क्रीनों के माध्यम से साध-संगत ने संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां के पावन रिकॉर्डेड अनमोल वचन सुने। संत राम रहीम सिंह जी इन्सां ने कहा कि भगवान सर्वशक्तिमान है और उसे कोई भी जगह खाली नहीं है। इसलिए सभी को प्रभु परमात्मा की भक्ति इबादत जरूर करनी चाहिए। ईश्वर के नाम में वो ताकत है जो बड़े से बड़े दुख, मुसीबत को कंकर में बदल सकती है। पूज्य गुरुजी ने कहा कि हमें दीन दुखियों की हरसंभव मदद करनी चाहिए।

उन्होंने रक्तदान, पौधारोपण सहित डेरा की ओर से चलाए जा रहे 147 मानवता भलाई के कार्यों को बढ़-चढ़कर करने का आह्वान किया। साथ ही पूज्य गुरु जी ने कहा कि आज देश में नशा बहुत बढ़ चुका है। जो कि देश को भीतर से खोखला कर रहा है। देश में तेज गति से नशा बढ़ना एक प्रकार से यह देश के खिलाफ अघोषित युद्ध है और देश में नशे के बढ़ते प्रचलन को रोकना बहुत जरूरी है। पूज्य गुरु जी ने फरमाया कि हमारे देश की संस्कृति महान है। इस पर हमें गर्व होना चाहिए तथा हमें विदेशी संस्कृति को न अपनाकर अपने देश की संस्कृति को अपनाना चाहिए। नामचर्चा के दौरान अनेक डेरा अनुयायियों ने पूज्य गुरुजी के वचनों पर अमल करते हुए उनके जीवन में आए परिवर्तन व अपने साथ हुए साक्षात चमत्कार भी बताए।

## संक्षिप्त-समाचार

### पुलिस ने अभियान चला अवैध शराब समेत आठ दबोचे

**सोहना।** सोहना सदर, शहर और भोंडसी थाना पुलिस ने मंगलवार-बुधवार रात अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। मौके पर बड़ी मात्रा में अवैध शराब बरामद की है। गिरफ्तार अवैध शराब बेचने वालों पर मामले दर्ज किए हैं। उच्चाधिकारियों के आदेशानुसार मंगलवार-बुधवार रात में भोंडसी, सोहना सदर व शहर थाना पुलिस ने अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ अभियान चलाया। शहर सोहना थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में हेमराज उर्फ काला निवासी बंद कॉलोनी सोहना से 50 पव्वे, वार्ड-17 निवासी संस्कार उर्फ नोनू से देशी शराब के 54 पव्वे बरामद किए। सदर थाना सोहना पुलिस ने गिरफ्तार किए अवैध शराब बेचने वालों में हरचंदपुर निवासी संदीप से 36 पव्वे शराब बरामद किए। गांव सिलानी निवासी सुन्दर से 52 पव्वे तथा गांव मंडावर निवासी राम से 113 पव्वे अवैध शराब बरामद किए है। भोंडसी थाना पुलिस ने मारुति कुंज के भरत चौक पर रामेश्वर निवासी मोहन नगर भोंडसी से 90 पव्वे, भोंडसी बस स्टैंड के निकट दुकान के सामने बैठकर अवैध शराब बेच रहा किराएदार हिमांशु को गिरफ्तार किया। जिसके पास से तलाशी के दौरान प्लास्टिक कट्टा में रखी पांच बोतल बीयर, सात बोतल देशी शराब, 12 अध्धा और 13 पव्वे बरामद किए हैं। भोंडसी पुलिस ने भोंडसी निवासी अंकित को गिरफ्तार करते हुए 50 पव्वे देशी शराब के बरामद किए हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद कच्ची जमानत पर छोड़ दिया है। जिन्हें अदालत द्वारा दिए जाने वाले नोटिस पर हाजिर होना होगा।

### टीवी शो में कविता पाठ करेंगे गुरुग्राम के कवि अनिल श्रीवास्तव

**गुरुग्राम।** शहर के युवा हास्य कवि अनिल श्रीवास्तव को तारक मेहता फेम शैलेष लोढ़ा के संचालन में चौथी बार काव्य पाठ करने का गौरव प्राप्त हुआ है। जिसका प्रसारण शेमारू टीवी के प्रसिद्ध शो वाह-भाई-वाह के अंतर्गत 9 दिसंबर को रात साढ़े नौ बजे से किया जायेगा। कविताओं के इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्से से काव्य पाठ के लिए कवियों को आमंत्रित किया जाता है। इससे पूर्व वाह-वाह और वाह-वाह क्या बात है शो में भी वे काव्य पाठ कर चुके हैं। गाजीपुर उत्तर प्रदेश के मूल निवासी अनिल रीको ऑटो गुरुग्राम में संभागीय प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। शहर के कवियों साहित्यकारों व साहित्यप्रेमियों ने उन्हें बधाई दी है।

### दिल्ली का आप को जनादेश ऐतिहासिकः सुखबीर तंवर

**गुरुग्राम।** आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता सुखबीर तंवर ने समस्त राष्ट्र का प्रतिबिंब दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी को मिला जनादेश ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम के परिणाम आम आदमी पार्टी के विकास कार्यों के मॉडल की विजय एवं भारतीय जनता पार्टी द्वारा विकास कार्यों में रुकावट पैदा करने के दृष्टिकोण की पराजय है। आम आदमी पार्टी स्वभाविक राष्ट्रीय विकल्प है। कांग्रेस को दिल्ली और राष्ट्र ने पूर्णतया नकार दिया है। दिल्ली नगर निगम के चुनाव परिणाम मानेसर, गुरुग्राम, फरीदाबाद सहित प्रदेश के अन्य नगर निगम चुनावों में आम आदमी पार्टी के लिए संजीवनी साबित होगी। ऐतिहासिक विजय पर खुशी मनाते रमेश यादव सरपंच, चित्र सिंह, अशोक बंसल, विनोद डीघलिया, सोनू यादव, चांद किशोर, जय प्रकाश, कविंद्र, हुक्म सैनी, सोनू रोहिल्ला, जयबीर जांघू सहित अन्य गणमान्य लोगों ने सुखबीर तंवर को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।

### सीएम आज दमदमा में रखेंगे बायोडायवर्सिटी पार्क की नींव

**सोहना।** प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल गुरुवार को दमदमा में 500 एकड़ जमीन पर बनने वाले बायोडायवर्सिटी पार्क की आधारशीला रखेंगे। साथ ही दमदमा झील को विकसित करने और नौकायान में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को खेल देखकर उत्साह बढ़ाएंगे। ग्राम पंचायत दमदमा समेत अभयपुर और खेड़ला की सयुक्त करीब 500 एकड़ जमीन पर बायोडायवर्सिटी पार्क बनाया जाएगा। यह पार्क ईएण्डवाई के तत्वावधान में विकसित होगा। जिसका बजट सीएसआर के माध्यम से खर्च किया जाएगा। जिसमें 420 एकड़ जमीन पर बायोडायवर्सिटी पार्क और 80 एकड़ जमीन पर दमदमा झील को विकसिक करने की योजना है। पार्क की आधारशीला दमदमा में स्थित सारस टूरिज्म कॉम्लेक्स के साथ बना इन्दरा

# रात 10 बजे जीएमडीए कार्यालय पहुंचे सीएम

### सूचना मिलते ही जीएमडीए के अधिकारी भी पहुंचे कार्यालय

**गुरुग्राम।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल मंगलवार की देर रात 10 बजे यहां गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) के कार्यालय में पहुंचे। उनके पहुंचने की सूचना के साथ ही वरिष्ठ अधिकारी भी आनन-फानन में जीएमडीए कार्यालय में पहुंचे।

गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण के सेक्टर-44 स्थित कार्यालय में पहुंचे मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वहां पर सेंट्रल कमांडर एंड कंट्रोल सेंटर का संचालन देखा। इस सेंटर में सीएम ने प्रदेश में चल रहे भूमि रिकार्ड को ऑनलाइन करने और


गुरुग्राम बुधवार को जीएमडीएम में रात 10 बजे पहुंचकर कार्यप्रणाली की जानकारी लेते सीएम मनोहर लाल।

चकबंदी कार्य की समीक्षा भी की। मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी. उमाशंकर, जीएमडीए के सीईओ सुधीर राजपाल, डीसी निशांत कुमार यादव, सीपी कला रामचन्द्रन, डीसीपी ट्रैफिक वीरेंद्र सिंह, डीसीपी ईस्ट वीरेंद्र विज, जीएमडीए से वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सुल्तान सिंह भी साथ थे।

# हरियाणा में सैनिकों की वीरता व बलिदान की लंबी परंपरा

### मुख्यमंत्री ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर भारतीय सेना व देशवासियों को दी शुभकामनाएं

**प्रवीण शर्मा। गुरुग्राम**

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने बुधवार को गुरुग्राम में सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर भारतीय सेनाओं व देशवासियों को अपनी शुभकामनाएं दी। साथ ही सैनिकों के अदम्य साहस का सम्मान किया।

मुख्यमंत्री ने देशवासियों व सेना के जवानों के नाम अपने संदेश में कहा कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर हम अपनी सेना और उनके परिवारों के अदम्य साहस को सलाम करते हैं जो विभिन्न विपरीत परिस्थितियों में भी अपने अजेय पराक्रम से देश की


गुरुग्राम में सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर कोष में दान देते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।


सीमाओं को सुरक्षित रखते हैं। मुख्यमंत्री ने भारतीय सेना के अदम्य साहस व शौर्य को नमन करते हुए कहा कि हरियाणा में सैनिकों की वीरता व बलिदान की लंबी परंपरा रही है। आजादी से पहले व आजादी के बाद, हरियाणा के रणबांकुरों ने देश की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध में जिस प्रकार से हमारे वीर जवानों ने विपरीत परिस्थितियों में वीरता का परिचय देते हुए घुसपैठियों को सीमा पार खदेड़ा, उससे पूरे विश्व ने भारतीय सेना का लोहा माना। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा सरकार पूवज़ सैनिकों, शहीदों के आश्रितों के कल्याण के प्रति वचनबद्ध है व उनके उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार की दूरदर्शी योजना यानी अग्निपथ का जिक्र करते हुए कहा कि उक्त योजना देश की सेवा और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए युवाओं को एक सुनहरा अवसर प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि योजना को लेकर प्रदेश के युवाओं में विशेष उत्साह है।

मुख्यमंत्री ने जिला सैनिक एवं अर्ध सैनिक कल्याण बोर्ड के सचिव कर्नल अमन यादव के माध्यम से सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में योगदान देते हुए हरियाणा सहित देशवासियों के नाम अपने संदेश में सभी लोगों से सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में उदारता से योगदान देने की अपील की है, जिसका उपयोग उन बहादुर सैनिकों के आश्रितों के पुनर्वास और कल्याण में किया जाता है जो देश सेवा करते हुए मारे गए या विकलांग हो गए। उन्होंने कहा कि झंडा दिवस देशवासियों को इस दायित्व को निभाने का अवसर देता है जिसमे प्रत्येक देशवासी अपनी स्वेच्छा व अपने सामर्थ्य अनुसार देश के पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के कल्याण और पुनर्वास की योजनाओं में अपना योगदान दे सकता है।

# हरियाणा में स्थापित होगा जीएसटी ट्रिब्यूनल : खट्टर

**गुरुग्राम।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश में टैक्स करदाताओं व अधिवक्ताओं की सुविधा के लिए जीएसटी ट्रिब्यूनल बनेगा। जिसके आगामी मार्च 2023 तक मार्च तक शुरू होने की उम्मीद है। इसके लिए जीएसटी काउंसिल को सिफारिश की जा चुकी है। उन्होंने घोषणा की कि जीएसटी संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए हिसार व गुरुग्राम में दो जॉइंट ईटीसी रेंज अपील कायाज़्लय खोले जायेंगे।

मुख्यमंत्री बुधवार को सेक्टर-44 स्थित अपैरल हाउस में आबकारी एवं कराधान विभाग हरियाणा द्वारा हरियाणा टैक्स बार एसोसिएशनों के सहयोग से प्रदेश में पहली बार आयोजित किए गए एक दिवसीय कर संवाद कार्यक्रम में बोल रहे थे। हरियाणा के उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने बतौर विशिष्ट अतिथि



शिरकत की। इस दौरान हरियाणा टैक्स बार एसोसिएशनों के प्रतिनिधियों के साथ टैक्स संबंधी विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस कार्यक्रम में हरियाणा स्टेट टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष तथा करनाल की टैक्स बार एसोसिएशन के प्रधान के अलावा अधिवक्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान उन्होंने टैक्स को लेकर आ रही समस्याओं को मुख्यमंत्री से सांझा किया। लगभग दो घंटे तक चले इस संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री के अलावा उच्च अधिकारियों ने जीएसटी तथा वैट विवाद को लेकर उनके संशयों को दूर किया।

# नये साल में स्ट्रीट लाइट से जगमग होंगी शहर-ग्रामीण क्षेत्र की सड़कें

### 55 से 60 फीसदी लाइटें पिछले करीब छह माह से खराब हैं

**पायनियर समाचार सेवा। सोहना**

**नये** साल के पहले सप्ताह से नगर परिषद सीमा क्षेत्र के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में लगी सभी स्ट्रीट व हाइमास्क लाइटें जगमगाती दिखेंगी। नगर परिषद ने पूरे साल तक खराब होने वाली लाइटों को ठीक करने का जिम्मा फॉरच्यून एजेंसी को सौंपा है। जिसे मंजूरी के लिए डीएमसी के पास भेजा दिया है।

नगर परिषद सीमा के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र को जाने वाली सड़कों पर लगी स्ट्रीट लाइटों में से 55 से 60 फीसदी पिछले करीब छह माह से खराब हैं। जिसके कारण शहरी क्षेत्र के चौक-चौराहों से लेकर गली मोहल्ले, बाजार और ग्रामीण क्षेत्र को



जाने वाली सड़कों पर अंधेरा छाया हुआ है। रात के समय में नागरिक शहर की गलियों में निकलने से भी कतराता है। शहर से बाहर जाने वाले पलवल, बालूदा मार्ग, तावडू मार्ग, नूंह, इंडरी, सोहना ढाणी, सांप की नंगली, राम नगर से रायसीना जाना, बेरका और दमदमा मार्ग पर लगी स्ट्रीट लाइटों में 60 फीसदी खराब होने से रात के समय अंधकार छाया रहता है। नये साल से शहर को जगमग करने के उद्देश्य से परिषद के कर्मचारी खराब स्ट्रीट व हाई मास्क लाइटों के सर्वे कार्य में जुटे हैं। ताकि ठीक करने से पहले उनकी कुल संख्या तय की जा सके।

**50 लाख की मंजूरी :** नगर परिषद प्रशासन ने निगम आयुक्त को पत्र लिखते हुए शहरी और ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों पर लगी स्ट्रीट व हाई मास्क लाइटों को ठीक कराने के लिए बजट की मांग की थीं। निगम आयुक्त ने सोहना परिषद को एक साल तक शहर को जगमग रखने के लिए 50 लाख रुपये की राशि को मंजूरी दे दी गई थी। परिषद प्रशासन को खराब होने वाली स्ट्रीट व हाई मास्क लाइटों को तुरन्त प्रभाव से ठीक कराने की अनुमति मिल चुकी है।

नगर परिषद के एक्सइएन विक्की सिंह ने बताया कि दिसंबर माह के आखिरी तक डीएमसी से मांगी गई अनुमति पर मोहर लग जाएगी। नये साल में परिषद सीमा क्षेत्र में खराब स्ट्रीट लाइटों को ठीक करने कवायद शुरू हो जाएगी। जिससे नये वर्ष में परिषद के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की सड़कें लाइट से जग मगाएगी।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने खंड स्तर पर परीक्षा दी


सोहना के सीडीपीओ कार्यालय में परीक्षा देतीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता।

**सोहना।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की खंड स्तर पर बेस्ट वर्कर्स के लिए लिखित परीक्षा हुई। इस परीक्षा में खंड के 9 सर्कल से तीन-तीन कार्यकताओं ने भाग लिया। एक बेस्ट वर्कर्स को जिला स्तर पर होने वाली परीक्षा में भाग लेना होगा।

बुधवार को महिला एवं बाल विकास परियोजना के खंड के कार्यालय में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की लिखित में परीक्षा हुई। एक घंटा के लिए 50 अंक की लिखित परीक्षा हुई। सुपरवाइजर अनीता ने बताया कि खंड स्तर पर सबसे ज्यादा अंक प्राप्त करने वाली एक कार्यकर्ता को चुना जाएगा। वह चुनी गई कार्यकर्ता राज्य स्तर की परीक्षा में भाग लेने के लिए जिला में परीक्षा देनी होगी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2020 में सोहना खंड के गांव अखलीमपुर निवासी पूनम कार्यकर्ता ने राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा उत्तीर्ण करके क्षेत्र का नाम रोशन किया था।

सुपरवाइजर रेखा सोनी ने बताया कि कार्यकर्ताओं के लिए इस प्रकार की परीक्षा लेने का उद्देश्य वर्कर्स अपने कार्य के प्रति सजगता। जिससे वह वर्कर्स सरकार की योजनाओं को लाभार्थियों तक सही प्रकार से पहुंचाने में सक्षम है। अपने कार्य के प्रति निष्ठावान और उसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरतना। जिससे सरकार की योजनाओं को उनके लाभार्थी तक सही समय पर पहुंचना तथा योजना को अमलीजामा पहनाना की सफलता है।

# समाज के लिए प्रेरणा स्रोत है जनता पुनर्वास प्रशिक्षण केंद्र : नवीन गोयल

### नेत्रहीनों का जीवन संवारने को समर्पित जनता पुनर्वास प्रशिक्षण केंद्र

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**वर्ष** 1996 में जेएस शर्मा द्वारा स्थापित जनता पुनर्वास प्रशिक्षण केंद्र का बुधवार को 26वां वार्षिकोत्सव समारोह मनाया गया। इस समोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल, व्यवसायी ओमप्रकाश कथूरिया, मुख्य अतिथि पूर्व डिप्टी मेयर परमिंदर कटारिया, सीए विनोद कुमार संवालका, भारती सिंह और अलका अरोड़ा ने शिरकत की।

जनता पुनर्वास प्रशिक्षण केंद्र के स्थापना दिवस एवं इसके संस्थापक जेएस शर्मा के जन्मदिवस पर समारोह में नवीन गोयल ने कहा कि हमारे


गुरुग्राम स्थित जनता पुनर्वास प्रशिक्षण केंद्र के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि नवीन गोयल को स्मृति चिह्न देते आयोजक।

समाज में अनेक ऐसे संस्थान हैं, जो समाज में बेहतरीन सेवाएं करके कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। उन्हीं में से एक है जनता पुनर्वास प्रशिक्षण केंद्र। इस संस्था का कार्य अपने आप में अकल्पनीय है। यहां नेत्रहीनों को शिक्षित करके उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाया जाता है। इसके संस्थापक जेएस शर्मा स्वयं भी नेत्रहीन थे। उन्होंने ऐसे लोगों के लिए ऐसा कुछ करने की सोची, जो दुनिया में कुछ देख नहीं सकते। यानी नेत्रहीनों के पुनर्वास के लिए उन्होंने इस संस्थान की स्थापित करके उनकी दुनिया को बदलने का काम किया।

समाज में ऐसे अनूठे उदाहरण बहुत ही कम मिलते हैं। श्री गोयल ने कहा कि पूरे समाज के लिए यह केंद्र प्रेरणा स्रोत है। वे स्वयं भी यहां से प्रेरणा लेकर जा रहे हैं। स्वर्गीय जेएस शर्मा जी को नमन करते हुए नवीन गोयल ने कहा कि यहां नेत्रहीन दिव्यांगजनों को नि:शुल्क कौशल सिखाकर उनके सशक्तिकरण का काम किया जा रहा है। समाज की मुख्यधारा में उन्हें लाया जा रहा है।

# डिलीवरी के बाद गंदगी उठाने के नाम पर मांगते हैं रिश्वत

## बीके अस्पताल में सफाई के दौरान निकली एक रूम में भरी गंदगी

कविता। फरीदाबाद

शहर के बादशाह खान सिविल अस्पताल में कर्मचारियों की मनमानी और रिश्वत के मामलों में कमी नहीं आ रही है। कर्मचारी काम के बजाय रिश्वत लेने ज्यादा रूचि दिखा रहे हैं। यहां तैनात सुपरवाइजरों के कारण कर्मचारियों ने काम करना बंद कर दिया था, जिसके बाद कर्मचारियों ने पीएमओ डॉ. सविता यादव से बातचीत की, तो उन्होंने एक मौका दिया, जिस पर कर्मचारियों ने पूरे दिनभर काम किया और अस्पताल से कचरे के ढेर को बाहर किया। इस दौरान एक मामला सामने आया। जिसमें पता चला कि यहां डिलीवरी के बाद सफाई करने के लिए पैसे लिये जाते हैं। इस विषय में जब पायनियर की तरफ से जच्चा-बच्चा के परिजनों से बात की गई, तो इस बात का खुलासा हुआ।



बीके में बंद रूम से कचरा बाहर निकालते कर्मचारी

**ऐसे ली रिश्वत :** जवाहर कालोनी गुरुद्वारा रोड निवासी आकाश ने बताया कि उसकी पत्नी संगीता पिछले दिनों गर्भवती थी। मंगलवार की रात को संगीता को तेज प्रसव पीड़ा होने पर उसे किसी ने बीके जाने की सलाह दी। वह रात को पौने दो बजे संगीता को लेकर बीके पहुंचा।

आकाश ने बताया कि पहले उसके दो बच्चे है। संगीता की खराब हालत को देखते हुए भर्ती कर लिया, लेकिन जांच नहीं की और न ही उसे किसी ने देखा। करीब 15 मिनट बाद रात को दो बजे संगीता ने बच्ची को जन्म दिया। संगीता ने आकाश को बताया कि डिलीवरी के कुछ देर बाद तक भी कोई स्टाफ या कर्मचारी उसके पास नहीं आया। काफी देर बाद स्टाफ आया और उसने बच्ची को संभाला। वहीं आकाश ने बताया कि उसकी मां संगीता के संग थी।

लड़की के जन्म के बाद कर्मचारियों ने उसकी मां से गंदगी उठाने के नाम और चाय पानी के लिए पैसे मांगने शुरू कर दिए। एक से दो हजार की मांग पर उसकी मां ने कहा कि उनके पास पैसे नहीं है। जिस पर उन्हें परेशान करना शुरू कर दिया, वह बाहार आई तो आकाश ने पांच सौ रुपये दे दिए। जब वह पैसे लेकर कर्मचारियों को देने गई, तो उन्होंने पांच सौ लेकर चाय का भी प्रबंध करने को कहा। आकाश का कहना है कि 100 रुपये की चाय उसने खरीदी और सभी को दी। उसने कहा कि उसके पास अधिक पैसे नहीं थे, ऐसे में वह कहा से लाता। उसका कहना है कि कर्मचारियों ने उसकी मां को काफी डरा दिया था।

## ग्राम और वार्ड स्तर पर होने वाले कैंपों की समीक्षा

फरीदाबाद। एडीसी अपराजिता ने आज बुधवार सीएससी सेंटर में पहुंच कर वहां पर परिवार पहचान पत्र के बेहतर क्रियान्वयन बारे समीक्षा की। उन्होंने कहा कि परिवार पहचान बनवाने और उसमें जो त्रुटियां हैं उन्हें दूर करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा आगामी 9, 10 एवं 11 दिसंबर को ग्राम और वार्ड स्तर पर कैम्प आयोजित किए जाएंगे।

एडीसी अपराजिता ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में परिवार पहचान पत्र सरकार के हर कार्यक्रम और जन कल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए जरूरी कर दिया गया है। इसके लिए हर परिवार को परिवार पहचान पत्र बनवाने की जरूरत है।

## संक्षिप्त समाचार

### जिला स्तरीय कौशल उत्सव का आयोजन

फरीदाबाद। नेशनल स्किल क्वालिफिकेशन फ्रेम वर्क के अंतर्गत जिला स्तरीय कौशल उत्सव का आयोजन राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर-तीन में किया गया। जिला परियोजना समन्वयक आनंद सिंह ने बताया कि प्रदर्शनी में फरीदाबाद और बल्लभगढ़ खंड के सभी विद्यालयों ने इस प्रदर्शनी में पूरे उत्साह के साथ प्रतिभागिता की। बल्लभगढ़ के खंड शिक्षा अधिकारी सतीश चौधरी के कुशल नेतृत्व में प्रदर्शनी का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में एसक्यूएफ की 11 ट्रेड्स के कुल 467 प्रतिभागी सम्मिलित हुए। प्रदर्शनी में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर विभिन्न ट्रेड्स में रहे। प्रतिभागियों व इन ट्रडेस में प्रथम स्थान पर रहे। अध्यापकगणों की सूची साथ संलग्न है। प्रथम स्थान पर रहने वाले छात्र व शिक्षकगण 09 दिसंबर 2022 को कुरुक्षेत्र में आयोजित होने जा रही राज्य स्तरीय कौशल उत्सव प्रदर्शनी में भाग लेगें।



प्रदर्शनी का निरीक्षण करते विभाग के अधिकारी सतीश चौधरी।

### विद्यार्थियों ने सशस्त्र सेनाओं के प्रति कृतज्ञता की व्यक्त

फरीदबाद। राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा फरीदाबाद में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा की अध्यक्षता में जूनियर रेडक्रॉस, गाइड्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर विशेष कार्यक्रम में भारत माता के वीर सपूतों व उनके परिजनों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए नमन किया। सशस्त्र सेना झंडा दिवस देश के नाम अपना जीवन करने वाले दिव्यांग पूर्व सैनिकों, युद्ध में वीर गति प्राप्त हुए सैनिकों की विधवाओं और बलिदानियों के परिवार जनों की देखभाल करने के लिए मदद सुनिश्चित करता है और उनके प्रति हमारी प्रतिबद्धता और सम्मान का प्रतीक है। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा है सैनिक हमारे देश के कवच हैं जो देश को प्रत्येक खतरे और बुराइयों से बचाते हैं। सैनिक देश का गौरव हैं जो हमेशा देश का अभिमान बनके देश की रक्षा और मान बढ़ाते हैं। अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए सैनिक अपने प्राणों तक बलिदान दे देते हैं और देश के दुश्मनों का मुहतोड़ जवाब देने के लिए हमारे वीर सेनानी हमेशा तैयार रहते हैं। उन्होंने कहा की यह हमारे देश के प्रत्येक नागरिक का सामूहिक कर्तव्य है कि वह इनकी देखभाल, सहायता, पुनर्वास और वित्तीय सहायता प्रदान करने की दिशा में स्वैच्छिक योगदान करें। झंडा दिवस देश के लिए बलिदान देने वाले शहीदों, दिव्यांग पूर्व सैनिकों, युद्ध विधवाओं, शहीदों के आश्रितों की देखभाल करने के लिए मदद सुनिश्चित करता है और उनके प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्राचार्य मनचन्दा ने कक्षा बारहवीं की छात्राओं से कहा कि हमारे देश की सेना के वीर सपूत हमारे लिए प्रेरणा स्त्रोत है और हमें भी उन्हीं के समान अपने कर्तव्यों का निर्वहन सत्यनिष्ठा से करना चाहिए।

### पूर्व सैनिकों ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनया

फरीदबाद। सशस्त्र सेना झंडा दिवस के उपलक्ष में फरीदाबाद में पहली बार एक्स सर्विस मैन (पूर्व सैनिकों) ने मिलकर सशस्त्र सेना झंडा दिवस के बारे में नागरिकों में जागरूकता फैलाने की पहल की। सेवानिवृत्त विंग कमांडर सतेंद्र दुग्गल ने बताया कि इसकी शुरुआत दोपहर 12.30 बजे सेक्टर 12 में स्थित डीसी कार्यालय में डीसी विक्रम सिंह को तहसील, डीसी, सिटी मजिस्ट्रेट, एसीपी सेंट्रल व ओल्ड के ऑफिस से की। सशस्त्र सेना झंडा दिवस 7 दिसंबर 1949 से पूरे देश में शहीदों और सैनिकों का सम्मान करने के लिए मनाया जाता है, जिन्होंने देश के सम्मान की रक्षा के लिए हमारी सीमाओं पर बहादुरी से लड़ाई लड़ी। इस दिन सेना, नौसेना और वायु सेना के जवानों द्वारा दी गई सेवाओं को याद किया जाता है। झंडा दिवस हमारे विकलांग साथियों, विधवाओं और देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वालों के आश्रितों की देखभाल करने के हमारे दायित्व को सबसे आगे लाता है। फरीदाबाद के पूर्व सैनिकों ने आने वाले वर्षों में जिले के स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया।



सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर सेक्टर 12 स्थित डीसी कार्यालय में डीसी विक्रम सिंह को झंडा लगाते पूर्व सैनिक।

### महिलाओं के साथ छेड़छाड़ करते दो मनचले गिरफ्तार

फरीदबाद। महिला पुलिस थाना सेंट्रल प्रभारी इंस्पेक्टर गीत की टीम ने महिला विरुद्ध अपराध में सराहनीय कार्य करते हुए दो मनचलों को काबू करके अच्छा सबक सिखाया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि काबू आरोपियों में फरीदाबाद के रहने वाले कुणाल और मानसिंह के नाम शामिल हैं। इन आरोपियों को सेंट्रल एरिया में स्थित सेक्टर 30 पार्क और सेक्टर 10 सार्वजनिक स्थानों पर महिला व छात्राओं से छेड़छाड़ करते हुए काबू किया है। महिला पुलिसकर्मी पार्क में सादा कपड़े में थे पुलिसकर्मियों के साथ भद्दे कमेंट करने पर कुछ मनचलों को मौके से ही काबू कर लिया था। पुलिस आयुक्त के निर्देशानुसार महिला पुलिसकर्मी सादी वर्दी में सार्वजनिक स्थानों पर मौजूद रहकर वहां पर छात्राओं या लड़कियों के साथ छेड़छाड़ करने वालों पर निगरानी रखती हैं। सादी वर्दी में तैनात इन महिला पुलिसकर्मियों से थोड़ी दूर पर ही दुर्गा शक्ति की टीम मौजूद रहती है। आरोपियों में ज्यादातर आवारा किस्म के लड़के या कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र शामिल होते हैं। इन्हें सबक सिखाने के लिए महिला पुलिस थाना सेंट्रल लाया गया जहां पर इनके परिजनों को भी मौके पर बुलाकर उनके लड़कों द्वारा की गई कारिस्तानी के बारे में उनके परिजनों को बताया गया जिससे वह बहुत अधिक शर्मिंदगी महसूस करने लगे तथा अपने द्वारा किए गए कृत्य के लिए माफी मांगने लगे। थाना प्रभारी ने इनके परिजनों को भी हिदायत दी कि वह अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दें तथा छात्र-छात्राओं, लड़कियों तथा महिलाओं का सम्मान करें। काबू किए गए इन मनचलों को भी कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा गया कि यदि इसके पश्चात यदि वह किसी भी प्रकार से महिला या लड़कियों को तंग करते पाए गए तो उनके खिलाफ कानून के तहत सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### दोषी स्कूल संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

फरीदबाद। मुख्यमंत्री ने टीजीटी पीजीटी की भर्ती में एक लाख से कम आय वालों को मेरिट में 50 अंकों की छूट देने के ऐलान का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि इस पहल से निश्चित रूप से प्रशिक्षित अध्यापकों को प्राइवेट स्कूलों द्वारा मनमाने ढंग से दिए जा रहे वेतन के भेदभाव से निजात मिलेगी। उन्होंने कहा प्राइवेट स्कूलों में ऐसे अध्यापकों को 8-10 हजार मासिक वेतन मिलता है। अब हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से लगने वाले टीजीटी और पीजीटी अध्यापकों को 25000 व 29000 मासिक वेतन मिलेगा। हरियाणा अभिभावक एकता मंच के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट ओपी शर्मा व प्रदेश महासचिव कैलाश शर्मा ने कहा है कि मंच पहले से ही कहता आया है कि प्राइवेट स्कूलों में अध्यापकों का शोषण होता है। उनको कम वेतन दिया जाता है जबकि हस्ताक्षर ज्यादा पर कराए जाते हैं। मंच ने सबूत के साथ कई बार मुख्यमंत्री शिक्षा मंत्री शिक्षा सचिव, निदेशक को जानकारी देकर बताया कि सीबीएसई व हरियाणा शिक्षा नियमावली के नियम कानूनों के तहत अध्यापकों को निर्धारित वेतनमान पर ही तनखा मिलनी चाहिए उससे कम नहीं। जो प्राइवेट स्कूल इस नियम के विपरीत अध्यापकों का शोषण कर रहे हैं उनके खिलाफ उचित कार्रवाई करते हुए अध्यापकों को निर्धारित वेतन मान दिलवाया जाए। लेकिन सरकार ने इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर कोई भी उचित कार्रवाई नहीं की। मंच के प्रदेश संरक्षक सुभाष लांबा ने कहा है कि अब जब मुख्यमंत्री ने यह जान लिया है कि प्राइवेट स्कूलों में अध्यापकों का शोषण होता है, उन्हें कम तनखाह पर रखा जाता है तो उनको अब ऐसे पीड़ित अध्यापकों के हित में दिखाई देने वाली उचित कार्रवाई करनी चाहिए। मंच ने कहा है कि सरकार हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से जो अध्यापकों की भर्ती कर रही है वह अनुबंध आधार पर है।

# एफएमडीए की बैठक में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर गहनता से की चर्चा

## एफएमडीए प्राथमिकता के आधार पर बादशाहपुर क्षेत्र में सीवेज ट्रीटमेंट का काम शुरू करेगा

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद



जानकारी देते एफएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुधीर राजपाल।

फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण (एफएमडीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुधीर राजपाल ने प्राधिकरण की 23वीं कोर प्लानिंग सेल बैठक (सीपीसी) की अध्यक्षता की। इसके साथ ही विभिन्न बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर चर्चा की गई और कार्यान्वयन के लिए सुधीर राजपाल ने निर्देश जारी किए। इस अवसर पर एफएमडीए के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित मौजूद रहे।

एफएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने रेखांकित किया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निर्देशानुसार, सभी सड़क विकास एजेंसियों के सूचनात्मक साइन बोर्ड एफएमडीए की सड़कों पर लगाए जाने चाहिए और सभी संबंधित विभागों को जारी निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए समन्वय बैठक में यह मामला उठाया जा सकता है। इससे नागरिकों को शहर की सड़कों के रख-रखाव और रख-रखाव के लिए जिम्मेदार संबंधित एजेंसियों के बारे में जागरूक होने में मदद मिलेगी।

सुधीर राजपाल ने यह भी निर्देश दिया कि बड़शाहपुर में मौजूदा एसटीपी से जुड़े सीवर उपचार कार्य को अपने अधीन लिया जाए, और इस संबंध में फरीदाबाद के उपायुक्त को पत्र लिखा जाए। इसके तहत 600 एमएम डायमीटर से अधिक की पंपिंग स्टेशन, डिस्पोजल यूनिट और मास्टर सीवर लाइन का कार्य एफएमडीए द्वारा शुरू किया जाएगा। इसके अलावा प्राधिकरण बादशाहपुर में एचएसवीपी के 30 एमएलडी एसटीपी और एमसीएफ के 45 एमएलडी एसटीपी और ग्रेटर फरीदाबाद में एचएसवीपी के 7.5 एमएलडी एसटीपी का भी अधिग्रहण करेगा।

इस परियोजना के लिए डीपीआर तैयार किया जाना है, जिसमें इंजीनियरिंग कार्यों के सभी पहलुओं को शामिल किया जाना चाहिए, परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए तैयार किया जाना है और प्राथमिकता के आधार पर प्रशासनिक स्वीकृति के लिए प्रस्तुत किया जाना है। इसके अतिरिक्त, सुधीर राजपाल ने एफएमडीए द्वारा फरीदाबाद में किए जा रहे सीवेज सफाई कार्य का भी जायजा लिया, जिसके लिए अनुमानों को मंजूरी दी गई है और संबंधित टीम द्वारा एक फील्ड सर्वेक्षण किया जा रहा है।

इन्फ्रा 1 और इन्फ्रा 2 डिवीजन ने शहर में एफएमडीए द्वारा किए गए अन्य विकास कार्यों के अलावा विभिन्न चल रही विभिन्न सड़क विकास और जल आपूर्ति वृद्धि परियोजनाओं की स्थिति प्रस्तुत की। टीम ने बताया कि जवाहर कॉलोनी में परशुराम बूस्टिंग स्टेशन पर एफएमडीए जल आपूर्ति कनेक्शन मौजूद है और एमसीएफ द्वारा मामूली पुनर्वास कार्य किया जा रहा है।

मशीनरी के प्रतिस्थापन से संबंधित कार्य का अपेक्षित दायरा फरीदाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा किया गया है। टीम ने यह जानकारी दी कि एफएमडीए के जल शुल्क में 5 प्रतिशत की वृद्धि एक अप्रैल 2023 से प्रभावी होगी। जैसा कि एफएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए है। एफएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने यह भी इच्छा व्यक्त की कि ग्रेटर फरीदाबाद क्षेत्र में छोड़े गए 50 ट्यूबवेलों को 40 एमएलडी पानी की आपूर्ति बढ़ाने के लिए आवश्यक पंपिंग मशीनरी स्थापित करके चालू किया जाए।

# नहर और नालों में गंदा पानी डालने वालों पर करें कार्रवाई



बैठक में अधिकारियों को संबोधित करते उपायुक्त विक्रम सिंह।

फरीदाबाद। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि शहर के तीनों एसटीपी का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित हो। गन्दे पानी का ट्रीटमेंट करके उस पानी का सही सदुपयोग किया जाए। नालों और खालों में गंदा पानी डालने वाली फैक्ट्रियों पर एनजीटी के नियमानुसार कार्रवाई करना भी सुनिश्चित करें।

डीसी विक्रम सिंह बुधवार को जिला फरीदाबाद में दूषित पानी की रोकथाम को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण, एमसीएफ, जनस्वास्थ्य अभियान्त्रिकी, सिंचाई, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण और पर्यावरण सहित बैठक से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रशासन सजग है, ताकि यमुना नदी के पानी को प्रदूषित होने से बचाया सके। उन्होंने कहा कि जिला की ड्रेनों और खालों में किसी भी स्तर पर प्रदूषित पानी ना पहुंचे, इसके लिए संबंधित विभाग के अधिकारी आपसी तालमेल के साथ कार्य करें और साथ ही विभिन्न स्त्रोतों के माध्यम से प्रदूषित पानी छोड़ने वाली इकाइयों को चिंहित करते हुए उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए।

डीसी विक्रम सिंह ने बुढ़िया नाला, बादशाह पुर, मिर्जापुर और मवई में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांटों पर सभी विभागों के अधिकारी आपसी तालमेल करके गन्दे पानी का बढ़िया ट्रीटमेंट और उसका बेहतर क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करें। जब गंदा पानी ड्रेनों से होकर यमुना में नहीं जाएगा। तो पानी की गुणवत्ता में निरंतर सुधार होगा। जिला में सीवरेज प्रणाली की जांच करते हुए लाइनों को भी चेक किया जाए, जहां पर नई लाइन डालने की जरूरत है, वहां अमरूत योजना के तहत इस कार्य को निर्धारित समयावधि में पूरा किया जाए। सीवरेज पानी को एसटीपी से संशोधन करते हुए उसे बागवानी, सिंचाई सहित औद्योगिक इकाइयों में इस्तेमाल किया जाए।

# दिल्ली हमारी अब फरीदाबाद की बारी : धर्मवीर भड़ाना



दिल्ली एमसीडी के चुनाव में आम आदमी पार्टी की जीत पर फरीदाबाद गुड़गांव रोड स्थित पार्टी के कार्यालय पर खुशी मनाते कार्यकर्ता।

फरीदाबाद। दिल्ली में हुए एमसीडी चुनाव में पार्टी की जीत को लेकर बुधवार को आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं में जोरदार उत्साह देखने को मिला।

सुबह से ही आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता बड़खल गुड़गांव रोड स्थित जिला कार्यालय पर एकत्रित होना शुरू हो गए और टीवी पर एमसीडी चुनाव का रिजल्ट देखने लगे। इतना ही नहीं पार्टी की जीत पर वह पहले से ही आश्वस्त दिखाई दिए और लड्डू एवं ढोल धमाकों की व्यवस्था पहले ही की जा चुकी थी। पार्टी की जीत सुनिश्चित होने पर आम आदमी पार्टी के तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जिला कार्यालय पर जमकर थिरके। पार्टी की जीत से सभी कार्यकर्ता इतना उत्साहित दिखे कि उनके कदम रुक नहीं रहे थे। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि आज सभी कार्यकर्ताओं के लिए जशन का दिन है। दिल्ली के एमसीडी चुनाव में आम आदमी पार्टी ने जिस प्रकार से जीत हासिल की है, वो वाकई में लाजवाब है। भड़ाना ने कहा कि दिल्ली चुनाव में जीत के बाद अब फरीदाबाद की बारी है।

# प्रदर्शन के माध्यम से आदिवासियों के मुद्दे प्रस्तुत किए

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रसिद्ध नृत्यांगना (पद्मश्री) गीता चंद्रन ने इंडिया इंटरनेशनल सेंटर (आईआईसी) में सिम्हिका: डॉटर ऑफ द फॉरेस्ट शीर्षक से एक भावनात्मक संवाद प्रदर्शन प्रस्तुत किया। इस प्रदर्शन के माध्यम से आईआईसी ने अपनी हर वॉइस सीरीज, जिसने व्यापक संवाद को जन्म देने की कोशिश की है के तहत अपनी डायमंड जुबली मनाई।



पोशाक संध्या रमन ने तैयार की। नायक सिम्हिका, कोट्टायम थम्पुरन द्वारा लिखित कथकली नृत्य-थियेटर प्रदर्शन के लिए बनाया गया एक काल्पनिक चरित्र है। मूल नाटक किमिरा वधम में, कथकली कथा सिम्हिका की कहानी की पड़ताल करती है और उसे एक राक्षसी/राक्षस के रूप में चित्रित करती है।

इस परफॉर्मेंस-डायलॉग के माध्यम से गीता चन्द्रन ने दिखाया कि नृत्य केवल प्रदर्शन नहीं है, यह एक जुनून है, एक कलाकार का समर्पण है, एक अभिनय है, जहां इसकी लय और ताल परत-दर-परत दर्शकों के सामने एक पूरी कहानी पेश करती है। इस प्रदर्शन-संवाद से पद्मश्री गीता चंद्रन ने एक ऐसी नायिका की कहानी को दिखाया, जो परिस्थितियों की शिकार होती है। उनके साथ शरण्या चंद्रन, के. वेंकटेश्वरन, मनोहर और बालतचंदिरन, वरुण राजशेखरन और राघवेंद्र प्रसाद भी थे। प्रस्तुति में लाइट संयोजन मिलिंद श्रीवास्तव ने और

अपनी प्रस्तुति में, नृत्यांगना गीता चंद्रन ने सिम्हिका को आवाज और एजेंसी के साथ नया स्वरूप दिया। भरतनाट्यम अभिनय में एक तकनीक - अनावर्ण, जहां सत्य प्रकट करने के लिए परत दर परत खोली जाती है, के माध्यम से नायिका के विचारों और संघर्षों का अनावरण किया। गीता चन्द्रन ने उसे एक स्त्री, एक पत्नी, पालन-पोषण करने वाली, जंगल की बेटी के रूप में प्रस्तुत किया, जो परिस्थिति का शिकार हो जाती है।

सिम्हिका त्रेता युग में प्रतिशोध और बदले की कहानी है, इस युग में महाभारत भी हुई थी। सिम्हिका, एक वन की पुत्री, जो पूरी तरह से पर्यावरण के साथ तालमेल बिताती है, और पांडवों द्वारा वन में निर्वासन के दौरान, उसके पति शारदुला को मार डालते हैं, उनकी क्रूरता से वह विधवा हो जाती है।

अपने काम के बारे में बात करते हुए, गीता चंद्रन ने कहा, सिम्हिका: वन की बेटी वनवासियों के सामने आने वाले मुद्दों, शहरी विस्तार के साथ उनके संघर्ष, उनकी भेद्यता और न्याय की उनकी खोज पर केंद्रित है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि कलाकारों को उस समाज और समय को प्रतिबिंबित करना चाहिए, जिससे वे संबंधित हैं। और हमारे आसपास की दुनिया परिपूर्ण नहीं है। गीता चंद्रन ने कहा शुरू से ही, मैं अपने नृत्य का उपयोग उन मुद्दों को स्पष्ट करने के लिए करना चाहती थी जो मुझे प्रेरित करते थे और मुझे चुनौती देते थे।

## राष्ट्रीय कन्वेंशन में भाग लेने को लेकर कर्मचारियों की बैठक

फरीदबाद। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आवाहन पर फरीदाबाद के सरकारी, अर्धसरकारी, निगम, बोर्ड, शैक्षणिक संस्थानों, नगर निगम के सैकड़ों कर्मचारी अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी फेडरेशन एवं कन्फडेरेशन आफ सेंट्रल गवर्नमेंट इंप्लाइज एंड वर्कर्स द्वारा वीरवार आठ दिसंबर को दिल्ली तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय कन्वेंशन में भाग लेंगे। यह दावा आज सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान करतार सिंह व जिला सचिव युद्धवीर खत्री, उपप्रधान जगदीश चन्द, कोषाध्यक्ष भीम सिंह, जिले सिंह ने हुड्डा, नगर निगम, बादशाह खान अस्पताल बिजली, सब यूनिट एन एच-4, ओल्ड फरीदाबाद डिवीजन जन स्वास्थ्य विभाग सहित आधा दर्जन से ज्यादा विभागों में बैठकें आयोजित कर कर्मचारियों को कन्वेंशन में जाने के लिए प्रेरित किया।

# यूथ फेस्टिवल : दूसरे दिन हिंदी व संस्कृत नाटकों का मंचन

## लड़कियों व लड़कों ने हरियाणवी गीतों पर लगाए ठुमके

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



पंडित एसआर कॉलेज में यूथ फेस्टिवेल का दीप जलाकर शुभारंभ करते कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा।

पंडित एलआर कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी में चल रहे फरीदाबाद - झज्जर जोन के जोनल यूथ फेस्टिवल का बुधवार को दूसरा दिन रहा। दूसरे दिन बुधवार को यूथ फेस्टिवल का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने दीप जलाकर किया। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा का कॉलेज पहुंचने पर चेयरमैन लक्ष्मीचंद भारद्वाज, निदेशक आरपी आर्य, वाईस चेयरमैन गौरव भारद्वाज ने पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़खल विधायका सीमा त्रिखा भी पहुंचीं।

**देश की संस्कृति का भी दें ज्ञान :** हरियाणा सरकार के परिवहन, खनन एवं कौशल विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ देश की संस्कृति का भी ज्ञान दें। क्योंकि भारत देश हमेशा हमेशा ऋषि मुनियों की धरा रही है। पंडित एलआर कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी बल्लभगढ़ में चल रहे महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी रोहतक के तीन दिवसीय जोनल यूथ फेस्टिवल 2022 के दूसरे दिन कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने अपने सम्बोधन में उपस्थित युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को अपने देश की संस्कृति का भी ज्ञान देना चाहिए।

**15 इवेंट :** दूसरे दिन अलग-अलग छह स्टेज पर 15 इवेंट हुए। इनमें संस्कृत व हिंदी नाटक के साथ लड़कों पर लड़कियों का सोलो हरियाणवी डांस आकर्षण का केंद्र रहा। दूसरे दिन प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। आठ दिसंबर को यूथ फेस्टिवल का समापन होगा।

**लगाए ठुमके :** महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी तरफ से इस बार फरीदाबाद - झज्जर जोन के जोनल यूथ फेस्टिवल का आयोजन पंडित एलआर कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी में कराया जा रहा है। मंगलवार को इस फेस्टिवल की शुरुआत हुई थी, जिसमें 32 से अधिक कॉलेजों के छात्र हिस्सा ले रहे हैं।

**अन्य स्टेज पर इवेंट :** स्टेज नंबर दो पर दोपहर बाद हरियाणवी ऑर्केस्ट्रा इवेंट हुआ, जिसमें छात्रों ने हरियाणवी वाद्य यंत्रों के माध्यम से लोक गीतों की धुन प्रस्तुत की। स्टेज नंबर तीन पर ग्रुप सॉंग इंडियन, स्टेज नंबर चार पर पंजाबी व हरियाणवी कविता पाठ, हिंदी डिबेट, स्टेज नंबर पांच पर बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, कोलाज, पोस्टर मेकिंग व स्टेज छह पर इंग्लिश डिबेट का मंचन हुआ।

**आज होंगे सात इवेंट :** कॉलेज के चेयरमैन लख्मीचंद भारद्वाज ने बताया कि आठ दिसंबर को फेस्टिवल का समापन होगा। अंतिम दिन केवल चार स्टेज एक्टिव रहेंगे। पहले स्टेज पर कव्वाली व हरियाणवी ग्रुप डांस के इवेंट होंगे। स्टेज दो पर ग्रुप सॉन्ग हरियाणवी, तीसरे स्टेज पर क्विज और चौथे स्टेज पर फोटोग्राफी व रंगोली प्रतियोगिता होगी। कॉलेज के डायरेक्टर आरपी आर्य ने बताया कि समापन अवसर पर सबसे अंत में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा।

# सीएम से की डीएलएफ को नियमित करने की मांग

फरीदाबाद। डीएलएफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल से आग्रह किया है कि न्यू डीएलएफ इंडस्ट्रीज एरिया जोकि डीएलएफ इंडस्ट्रीज एरिया फेस एक का निकटवर्ती है, को नियमित करने के लिये प्रभावी पग उठाएं। एसोसिएशन के प्रधान जेपी मल्होत्रा के अनुसार इस क्षेत्र में आवासीय प्लाट नहीं हैं जबकि 90 प्लाटों को उद्योगों द्वारा प्रयोग किया जा रहा है और यहां 80 से अधिक एमएसएमई इकाईयां कार्य कर रही हैं।



मल्होत्रा के अनुसार एमएसएमई सेक्टर्स वर्तमान में अर्थव्यवस्था के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और सरकार को आयकर, वैट, प्रापर्टी टैक्स, जीएसटी सहित कई प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष कर दे रहा है। यही नहीं हुड्डा व एचएसआईआईडीसी द्वारा औद्योगिक प्लाटों की कमी को पूरा नहीं किया जा पा रहा जिसके कारण ही न्यू डीएलएफ, कारखाना बाग, कृष्णाकालोनी व सरूरपुर औद्योगिक क्षेत्र विकसित हुए हैं। मल्होत्रा ने बताया कि न्यू डीएलएफ इंडस्ट्री एरिया में 90 प्रतिशत क्षेत्र कवर्ड है और कुल 73 हजार स्क्वायर मीटर, लगभग 8 एकड़ क्षेत्र में लगभग 9600 स्क्वायर मीटर (2.4 एकड़) क्षेत्र में सड़कें हैं। क्षेत्र में कार्यरत उद्योग प्रबंधक मनोज आहूजा के अनुसार यदि इस क्षेत्र को नियमित किया जाता है तो इससे उद्योगों को तो लाभ मिलेगा ही साथ ही प्रत्यक्ष राजस्व व रोजगार भी बढ़ेगा। कहा गया है कि हरियाणा सरकार ने अपनी नीति में घोषणा की थी कि जिन क्षेत्रों में 70 प्रतिशत एरिया उद्योगों द्वारा प्रयोग किया जाता है वहां औद्योगिक क्षेत्र विकसित किये जा सकते हैं। कहा गया है कि यह घोषणा न्यू डीएलएफ औद्योगिक क्षेत्र के लिये भी क्रियान्वित की जानी चाहिए।

# इक्ज़िट पोल

## उम्मीद के अनुसार

**इक्ज़िट पोल** के नतीजों ने कोई आश्चर्यजनक अनुमान नहीं लगाया है और इनके अनुसार भाजपा व 'आप' विजेता होंगे, जबकि कांग्रेस की करारी हार होगी। गुजरात व हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनावों तथा दिल्ली में नगर निगम चुनाव के एक्जिट पोल उम्मीद के अनुसार हैं। अधिकांश रिपोर्टों तथा विशेषज्ञों की राय के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गृह राज्य गुजरात में भाजपा अपनी संख्या बढ़ा कर 182 सीटों में 99 से अधिक पर विजय प्राप्त कर सकती है। यह उपलब्धि 27 साल के शासन के बाद सत्ता-विरोधी रुझान व मोरबी दुर्घटना में मीडिया द्वारा भाजपा की खिंचाई के बावजूद मिलेगी। गुजरात चुनाव के 9 एक्ज़िट पोल ने भाजपा को औसतन 132 सीट का अनुमान लगाया, जबकि कांग्रेस को 38 व आम आदमी पार्टी को आठ सीटें मिल सकती हैं। हिमाचल प्रदेश में भी जहां मतदाता हर पांच साल पर राज्य सरकार बदल देते हैं, भाजपा ने अपनी विजय के लिए कठोर परिश्रम किया है। एक वीडियो वाइरल हुआ जिसमें स्वयं प्रधानमंत्री अपने एक विद्रोही उम्मीदवार को नाम वापस लेने के लिए समझाते दिख रहे हैं। हालांकि, एक्ज़िट पोल ने हिमाचल प्रदेश में 'कांटे की टक्कर' का अनुमान लगाया है, लेकिन 68 विधानसभा सीटों पर हुए चुनाव में उन्होंने भाजपा को औसतन 35 तथा कांग्रेस को 30 सीटें दी हैं, जबकि उनके अनुमान से 'आप' का खाता भी नहीं खुलेगा। केवल आजतक-एक्सिस माई इंडिया ने कांग्रेस को 30-40 सीटों और भाजपा को 24-34 सीटों का अनुमान लगाया है। इस पोल से लगता है कि हिमालयी राज्य में देश की सबसे पुरानी पार्टी की सत्ता में वापसी हो सकती है। लेकिन जहां तक एमसीडी चुनाव का सवाल है, सभी चार एक्ज़िट पोल ने 'आप' को अच्छे बहुमत तथा औसतन 154 सीटों का अनुमान लगाया है, जबकि उन्होंने भाजपा को 84 तथा कांग्रेस को 6 सीटें दी हैं।




यदि एक्ज़िट पोल मोटेतौर से सही सिद्ध होते हैं तो वे कुछ तथ्य उजागर करते हैं। पहला, भाजपा की चुनाव मशीनरी का कोई मुकाबला नहीं है। भाजपा-विरोधी भले ही आरोप लगाएं कि उसने भारी मात्रा में पैसा एकत्र किया है तथा वह अपने चुनावी उद्देश्य पूरा करने के लिए केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो व प्रवर्तन निदेशालय जैसी कानून-व्यवस्था एजेंसियों का दुरुपयोग करती है, लेकिन इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि उसके तथा आरएसएस के कार्यकर्ता किसी भी चुनाव में घोर परिश्रम करते हैं। वे कोई भी चीज संयोग पर नहीं छोड़ते हैं, मोरबी दुर्घटना या कहीं भी विद्रोही उम्मीदवार मैदान में उतरने से निराश नहीं होते हैं और अपने प्रयास पूरी ताकत से जारी रखते हैं। दूसरी ओर कांग्रेस में जैसे इच्छाशक्ति और क्षमता या दोनों चीजें मर गई हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा के मुकाबले आज कांग्रेस के अस्तित्व पर संकट मंडरा रहा है। राहुल गांधी देश जोड़ने में व्यस्त हैं, जबकि उनकी अपनी पार्टी बिखर रही है। हालांकि, उनकी बहन प्रियंका गांधी ने हिमाचल में काम किया, लेकिन यह पार्टी नेताओं की इच्छाओं के अनुरूप नहीं था। एक समय कांग्रेस हिमाचल में विजय आसान मानती थी, पर बाद में वह विवादों में घिर गई। इन परिस्थितियों में 'आप' एमसीडी चुनावों में विजेता दिख रही है। पिछले 15 साल से भाजपा का इस पर शासन रहा है, कुछ समय पहले तक दिल्ली में तीन नगर निगम थे जिनको मिला कर एक कर दिया गया है। हालांकि, भाजपा ने एमसीडी चुनाव जीतने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी, चुनाव प्रचार अभियान हाई-प्रोफाइल था और आम आदमी पार्टी के कद्दावर नेता सत्येन्द्र जैन के कई विवादास्पद टेप भी सामने आए थे, लेकिन शायद उसे इसका लाभ नहीं मिला। वैसे भी दो राज्य विधानसभा चुनावों में पार्टी का शानदार प्रदर्शन इस नुकसान की भरपाई कर देता है, लेकिन कांग्रेस को सांत्वना देने के लिए कुछ नहीं है।

# भारत के अनाम नायकों की स्मृति

6 दिसंबर को देश ने बाबा साहेब अंबेडकर की पुण्य तिथि पर उनको याद किया। यह अवसर भारत के अनाम नायकों की स्मृति का भी है।



**अरुण राम मेघवाल**
(लेखक, संस्कृति व संसदीय मामलों के राज्य मंत्री हैं।)



**छियत्तरवें** स्वतंत्रता दिवस के सवेरे ने जिस युग का प्रारम्भ किया है उसे 'अमृत काल' कहा जाता है। ब्रिटिश राज के खिलाफ अनेकानेक संघर्षों के बाद हमें स्वतंत्रता मिली जो असंख्य अनाम नायकों के बलिदानों का भी परिणाम थी। इस महान गाथा में 75वीं वर्षगांठ मनाने का नाम अमृत महोत्सव है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'आजादी का अमृत महोत्सव' की कल्पना स्वतंत्र भारत की 75 साल की यात्रा को ध्यान में रख कर की है। आजादी के अमृत महोत्सव में जनता की लगातार बढ़ती सहभागिता से इस आयोजन में अनेक चीजें जोड़ी हैं जिससे मूल्य-संचालित भारत की राजनीतिक, सामाजिक व आर्थिक प्रगति और तेज होगी।

स्वतंत्र भारत के जन्म के बाद इतिहास के पन्नों में जाने अनजाने कुछ विशेष विचारों व आदर्शों को अनदेखा किया गया, जबकि उन्होंने ऐसे भारत की नीव डाली जिसमें हम आज सांस ले रहे हैं। राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं व पक्षपात के कारण अनेक राष्ट्रनिर्माताओं का योगदान अस्वीकार कर दिया गया। इस प्रकार का अपारदर्शी आदर्शवाद भले ही तत्कालीन निर्णय लेने वालों के अल्पकालीन एजेंडे की पूर्ति करता रहा हो, पर इसने दीर्घकालीन रूप से अनेक लोगों को भावनात्मक चोट पहुंचाने का काम किया।

ऐसे ही एक सबसे कद्दावर राष्ट्रनिर्माता डा. भीमराव अंबेडकर थे जिनको बाद की सरकारों ने समग्र रूप से स्वीकार नहीं किया। उन्होंने अंबेडकर के योगदान तथा उनके शुभचिन्तकों व अनुयाइयों में उनके प्रति व्याप्त भावनाओं की अनदेखी की। यह स्पष्ट तथ्य है कि उनके निधन के 34 साल बाद बाबा साहेब को 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया और यही स्थिति केन्द्रीय हाल में उनका चित्र लगने को लेकर थी, जबकि उन्होंने भारत का संविधान तैयार किया था। केन्द्रीय हाल में अंबेडकर का चित्र नए उभरते स्वतंत्र भारत में सामाजिक, राजनीतिक व आर्थिक न्याय का प्रतीक है।

प्रत्येक अंबेडकरवादी के लिए संसद के केन्द्रीय हाल में उनका आदमकद चित्र एक हार्दिक भावना का प्रतिनिधित्व करता है। सरसरी तौर से रिकार्ड देखने पर पता चलता है कि उस समय क्या दु:खद घटनायें घट रही थीं। डा. अंबेडकर ने 6 दिसंबर, 1956 को अंतिम सांस ली और उसके बाद से ही सेंट्रल हाल में उनका चित्र लगाने की मांग उनके अनुयायी करते रहे। लेकिन जवाहरलाल नेहरू ने डा. अंबेडकर का चित्र लगवाने से इनकार किया और उनके बजाय मोतीलाल नेहरू का चित्र 30 मार्च, 1957 को लगाया गया। जवाहरलाल नेहरू के इरादे और उनमें गहराई तक बैठा श्रेष्ठता का भाव 23 जुलाई, 1957 को प्रांतीय जाटव सभा, ग्वालियर द्वारा अंबेडकर का चित्र लगाने की मांग पर उनके बयान से स्पष्ट होता है।

नेहरू ने कहा था, 'जहां तक अंबेडकर के चित्र का सवाल है, मुझे उसे पुस्तकालय या किसी अन्य स्थान पर लगाने में कोई आपत्ति नहीं है, बशर्ते की वह तुलनात्मक रूप से छोटा और अच्छा हो।' बाद में यही मांग 26 अगस्त, 1965 को तत्कालीन जवाहरलाल नेहरू पोर्ट्रेट पार्लियामेंटरी कमेटी ने खारिज कर दी थी और इसके लिए सेंट्रल हाल में जगह की कमी को बहाना बनाया गया था। विडंबना है कि जगह की कमी की यही बात 5 मई, 1966 को उस समय भी आई जब केन्द्रीय हाल में पंडित जवाहरलाल नेहरू का पोर्ट्रेट लगाया गया। उस समय देश डा. अंबेडकर की 75वीं जन्म जयंती मना रहा था। केन्द्रीय हाल में चित्र लगाने की इस मांग के बदले 15 पैसे का स्मारक सिक्का जारी किया गया। डा. अंबेडकर के अनुयाइयों की इस मांग के प्रति कांग्रेस सरकार की संवेदनहीनता के नतीजे में मांग और तेज हो गई। इस प्रमुख विचार से अलग हटते हुए डा. बाबा साहेब मेमोरियल कमेटी से प्राप्त अंबेडकर की कांसे की मूर्ति 2 अप्रैल, 1967 को आयरन गेट नं. 3 पर लगाई गई। लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने मूर्ति अनावरण समारोह में भाग नहीं लिया था। 19 नवंबर, 1987 को इंदिरा गांधी का चित्र सेंट्रल हाल में लगाया गया। इस चरण पर फिर बाबा साहेब का चित्र लगाने की मांग ने जोर पकड़ लिया। बड़ी संख्या में दलित सांसदों ने प्रधानमंत्री राजीव गांधी का ध्यान बाबा साहेब को भारत रत्न से सम्मानित करने और उनका चित्र केन्द्रीय हाल में लगाने की ओर आकर्षित किया। इस दबाव में राजीव गांधी सरकार ने पोर्ट्रेट लगाने की अनुमति दी और तत्कालीन लोकसभा अध्यक्ष बलराम जाखड़ ने केन्द्रीय हाल में 9 अगस्त, 1989 को बाबा साहेब का चित्र लगवाय जो अंबेडकर विचार मंच से दान में प्राप्त हुआ था। इन घटनाओं ने स्पष्ट कर दिया कि यह कदम पसंद के बजाय दबाव के कारण था। यह जान कर और दु:ख होता है कि कांग्रेस नेताओं के दबाव में डा. अंबेडकर का चित्र वहां से हटा लिया गया। इस चित्र को केन्द्रीय हाल से हटा कर संसद के संग्रहालय में अन्य स्वतंत्रता सेनानियों के साथ लगाया गया। इस पूरे प्रकरण से बाबा साहेब के अनुयाइयों व प्रशंसकों को गहरा धक्का लगा। अनेक अंबेडकरवादी संगठनों व दलित सांसदों ने कांग्रेस सरकार के इस अशोभनीय कृत्य का विरोध किया। विपक्ष के मुखर स्वर के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी ने बाबा साहेब के चित्र के बारे में हो रही यह सारी राजनीति देखी।

व्यापक रूप से माना जाता था कि केन्द्रीय हाल में केवल उसी व्यक्ति का चित्र लग सकता है जिसका चित्र या मूर्ति पहले से पार्लियामेंट इस्टेट में न लगा हो, लेकिन नेहरू परिवार तथा बाद की कांग्रेस सरकारों ने इसका घोर उल्लंघन किया। विडंबना है कि अपवादों के बावजूद केन्द्रीय हाल में बाबा साहेब का चित्र लगाने के मामले में यही तर्क दिए गए। आश्चर्यजनक रूप से डा. अंबेडकर के अनेक समर्थक कांग्रेस-नीत व्यवस्था की इस लंबे समय से चल रही संवेदनहीनता पर खामोश रहे। 1989 में जब बाहर से भाजपा द्वारा समर्थित वीपी सिंह सरकार सत्ता में आई तब अटल बिहारी वाजपेयी ने लंबे समय से व्याप्त यह समस्या हल करने की ओर कदम बढ़ाए। उस समय लिए निर्णय से अंबेडकरवादियों की आकांक्षाओं के अंधेरे जीवन में उजाले की किरण आई और डा. अंबेडकर का चित्र केन्द्रीय हाल में फिर लगाया गया। प्रधानमंत्री वीपी सिंह ने 12 अप्रैल, 1990 को बाबा साहेब के आदमकद चित्र का अनावरण किया जिसे कलाकार जेबा अमरोहवी ने बनाया था तथा उसे 'डा. बीआर अंबेडकर विचार मंच' ने दान दिया था। यह कार्यक्रम अंबेडकर की जन्म जयंती के शताब्दी समारोह के अंतर्गत हुआ था। पुरानी सरकारों द्वारा राष्ट्रनायक अंबेडकर व उनके महत्वपूर्ण योगदान के प्रति व्यक्त पूर्वाग्रह व संवेदनहीनता से हमें उस समय के इतिहास को बहु-प्रतीक्षित रूप से सही करने की आवश्यकता उजागर होती है। समाज के दलित-वंचित तबकों की आकांक्षाओं के प्रति की गई अनदेखी और संवेदनहीनता के कटु यथार्थ को सामने लाना बहुत बड़ा काम है। प्रतीक के रूप में अज्ञात लोगों के प्रयासों व बलिदानों को समुचित रूप से प्रस्तुत करने पर अतीत की बेहतर समझ विकसित होगी तथा भावी पीढ़ियों के समक्ष तार्किक चिंतन के नए आयाम खुलेंगे।

वर्तमान समय में जारी 'आजादी का अमृत महोत्सव' मोदी सरकार की एक उचित पहल है। इससे हमें उन महान आत्माओं व सभी पक्षों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर मिलता है जिनके असाधारण प्रयासों को दर्ज नहीं किया गया। इससे हम जनता की महत्वाकांक्षायें पूरी करने के मामले में अटूट व अडिग रूप से आगे बढ़ सकेंगे तथा उनकी पूरी क्षमता विकसित कर सकेंगे। यह भावी पीढ़ियों को मूल्य-संचालित भारत बनाने की यात्रा है। इस समारोही आयोजन ने हमें एक बार फिर व्यापक पैमाने पर स्वतंत्रता की भावना जीने का अवसर दिया है। बाबा साहेब की पुण्य तिथि के अवसर पर हमें इस आयोजन का लाभ उठाते हुए भारत के अनाम नायकों को पहचान देने तथा उनके अनाम योगदान को सामने लाने के प्रयास करने चाहिए। हमें उनके बारे में वे जानकारियां सामने लानी चाहिए जिनका अब तक किसी को पता नहीं है। 'अमृत महोत्सव' की भावना को पूरे देश में हर व्यक्ति तक पहुंचाना और उसे नई ऊंचाइयों तक ले जाना होगा।

# डिजिटल इंडिया के लिए डिजिटल शिक्षा

**साक्षी सेठी**
(लेखिका शिक्षक हैं)



**प्रौद्योगिकी** हमारी दुनिया के प्रमुख शब्दों में से एक है, फिर भी यह कुलीन और व्यवस्थित ज्ञान के सबसे भ्रमित रूपों में से एक है। 20वीं शताब्दी के बाद से इस शब्द का प्रयोग बहुत बदल गया है, और समय के साथ इसका विकास जारी है, जिससे न केवल व्यावसायिक उद्यमों और व्यक्तियों की उत्पादकता में सुधार करने में मदद मिली है बल्कि इसने मानव सभ्यता के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि प्रौद्योगिकी ने कई परिचालन क्षेत्रों में क्रांति लाई है - चाहे वह गैजेट्स हों या संचार के तेज साधन या यहां तक कि शिक्षा क्षेत्र भी। कोविड-19 महामारी के प्रकोप के परिणामस्वरूप पारंपरिक शिक्षा प्रणाली में जबरदस्त बदलाव आया है, जिसमें ऑनलाइन कक्षाओं की अवधारणा और लैपटॉप के उपयोग ने कक्षाओं में और किताबों के माध्यम से पढ़ाने के पारंपरिक तरीके को बदल दिया है। भारत में डिजिटल शिक्षा जो महामारी के दौरान देश में छात्रों के लिए सीखने का एकमात्र स्रोत था। आज, एक बटन के क्लिक के साथ, छात्रों के पास दुनिया भर में उपलब्ध गुणवत्तापूर्ण जानकारी तक तत्काल पहुंच और विशेषाधिकार है। वे व्यावहारिक और तकनीकी ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं। अभिनव ऑडियो-वीडियो सुविधाएं उनके संज्ञानात्मक स्तर को बढ़ा सकती हैं, अध्ययन सामग्री को भविष्य के संदर्भ के लिए डाउनलोड और सहेजा जा सकता है। शिक्षक भी इलेक्ट्रॉनिक (ई) कक्षाओं के माध्यम से छात्रों के साथ तालमेल कर सकते हैं और ज्ञान प्रदान कर सकते हैं और अपने विचारों और संसाधनों को साझा कर सकते हैं और अपने विभिन्न परियोजना कार्य, अनुसंधान आदि के लिए इंटरनेट पर उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कर सकते हैं। यह अक्सर कहा जाता है, कि प्रौद्योगिकी पंख बन जाएगी जो शैक्षिक दुनिया को पहले से कहीं अधिक तेजी से उड़ान भरने का अवसर देगी। ऑनलाइन शिक्षा ने शिक्षा संबंधी हमारी धारणा को बदल दिया है, समय के साथ शिक्षा क्षेत्र में सुधार हुआ है और हमारे जीवन में आराम का कारक जुड़ गया है। भारत सरकार ने समाज के विभिन्न वर्गों से संबंधित छात्रों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से अपने शिक्षा अभियान के हिस्से के रूप में कई पहलकदमियों की घोषणा की है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय



(एमएचआरडी) ने आत्म निर्भर भारत कार्यक्रम के तहत पीएम ई-विद्या के हिस्से के रूप में ज्ञान साझा करने के लिए एसएचए डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर की शुरुआत की, जो 'वन नेशन, वन डिजिटल प्लेटफॉर्म' है जिसका उद्देश्य शिक्षा के प्रति ऑनलाइन, डिजिटल और ऑन-एयर शैक्षिक माध्यम जैसे प्रयासों को एक साथ लाना है। यह भारत भर के स्कूलों के लिए एक राष्ट्रीय मंच है, जिसमें शिक्षकों और छात्रों के लिए प्रश्नोत्तरी और पाठ्यक्रम शामिल हैं। इसी तरह, इस मंच के तहत विद्यादान, स्वयं, ई-पाठशाला, शिक्षा वाणी और कई अन्य प्रौद्योगिकी आधारित पहलों ने देश के लोगों के जीवन में एक बड़ा बदलाव लाया है। सरकार की ये पहलकदमियां शैक्षिक संसाधनों का शक्तिशाली भंडार हैं जिन्हें छात्रों, शिक्षकों, शोधकर्ताओं और अभिभावकों द्वारा अपनी सुविधा अनुसार कभी भी एक्सेस किया जा सकता है। इन पोर्टल्स के बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि ये उपयोगकर्ता के अनुकूल हैं और विभिन्न भाषाओं - अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू और संस्कृत में उपलब्ध हैं, जो उन्हें ज्ञान का पावरहाउस बनाते हैं जो अखिल भारतीय आधार पर उपयोगी है क्योंकि विभिन्न भाषाओं को बोलने वाले लोग उनका उपयोग कर सकते हैं और सुधार कर सकते हैं। सूचित और बेहतर इंसान बनने के लिए उनकी सीख और क्षमताएं। उपयोगकर्ता इन पोर्टलों/प्लेटफार्मों से प्रासंगिक शैक्षिक सामग्री डाउनलोड कर सकते हैं और बाद में अपनी सुविधा के अनुसार उनका उपयोग कर सकते हैं। रेडियो के माध्यम से प्रसारण दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले छात्रों को ज्ञान प्राप्त करने में भी मदद करता है। सांकेतिक भाषा के साथ डीटीएच चैनल - डेजी बधिर छात्रों के लिए भी उपलब्ध है। शिक्षा के क्षेत्र में इन नवीनतम तकनीकी बदलावों ने भारत को एक उच्च पायदान पर खड़ा कर दिया है। भारत वैश्विक शिक्षा उद्योग मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और आने वाले वर्षों में इसके सबसे बड़े वैश्विक प्रतिभा प्रदाताओं में से एक बनने की उम्मीद है। हालांकि, यह सुनिश्चित करना समय की मांग है कि हमारे छात्रों को व्यावहारिक अनुभव के साथ-साथ उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा मिले। हमारे पाठ्यक्रम को कौशल-केंद्रित, अधिक वैयक्तिकृत और अद्यतित होने की आवश्यकता है। डिजिटल शिक्षा के माध्यम से डिजिटल चपलता समय की मांग है। डिजिटल शिक्षा को सफल बनाने के लिए शिक्षकों को पर्याप्त और कुशल प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए ताकि वे शिक्षा के इन नए युग के तरीकों में सहज हो सकें। यह, अच्छी तरह से सुसज्जित बुनियादी ढांचे और इंटरनेट कनेक्शन के साथ देश के दूरस्थ क्षेत्रों में उपलब्ध कराया जाना चाहिए ताकि शिक्षा के इस तरीके का सही लाभ प्राप्त किया जा सके। समाज के कमजोर वर्गों के लिए सस्ती कीमत पर इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स और तकनीक उपलब्ध कराई जानी चाहिए, जिससे डिजिटल लर्निंग लागत प्रभावी हो और सभी को समान अवसर मिले। इस विधा के माध्यम से, शिक्षार्थी और शिक्षक के बीच शिक्षण को अधिक संवादात्मक और आकर्षक बनाया जा सकता है। डिजिटल शिक्षा भारत की विशाल सांस्कृतिक और भाषा विविधता को संबोधित करने में अत्यधिक मदद करेगी। भारत शिक्षा के डिजिटलीकरण के लाभों को प्राप्त करने के लिए अनुकूल स्थिति में है जो हम 'कैसे और क्या' सीखते हैं, उसे बदल सकता है और निश्चित रूप से निकट भविष्य में शिक्षक और छात्र के बीच के संवादात्मक अंतर को पाटने में मदद करेगा। हालांकि, उपयोगी होने के लिए, डिजिटल शिक्षा को शारीरिक शिक्षा के पारंपरिक तरीके का पूरक होना चाहिए और इसकी कीमत पर नहीं होना चाहिए। शारीरिक शिक्षा के लाभों को कम नहीं आंका जा सकता क्योंकि व्यक्तिगत स्पर्श और बातचीत भी बच्चों के विकास में बड़ी भूमिका निभाते हैं। इन दोनों विधाओं को एक दूसरे का पूरक होना चाहिए। तभी देश छात्रों की शिक्षण क्षमता में नाटकीय रूप से सुधार करके और भारत को गौरव के पथ पर ले जाकर डिजिटल शिक्षा का सही लाभ उठा पाएगा।

## आप की बात

### बाबरी पर विलाप

**कुछ** लोग सोशल मीडिया में 6 दिसम्बर को काला दिवस कह रहे हैं। यह वही तारीख है जब राम मंदिर आंदोलन के चलते कारसेवकों ने बाबरी मस्जिद को जमींदोज कर दिया था। इस मस्जिद को मुग़ल आक्रांता एवं लुटेरे बाबर ने मंदिर को तोड़कर बनवाया था, और भारतीय समाज के मनोबल को तोड़ने के लिए देश के आराध्य की जन्मभूमि पर अतिक्रमण कर मस्जिद निर्माण किया था। हालांकि लगभग तीस वर्ष तक पक्ष, विपक्ष अपने दावे और प्रमाण पेश करते रहे और वैज्ञानिक परिक्षण में मस्जिद के नीचे की भूमि में मंदिर के प्रमाण मिले, न्यायालय ने लम्बी सुनवाई और साक्ष्यों के आधार पर फैंसला किया जो कि सर्वमान्य होना चाहिए। न्यायालय के आदेश पर संदेह और विदेशी आक्रमणकारी बाबर का समर्थन करते लोगों को शर्म आनी चाहिए और तथ्यों का ध्यान रखते हुए हिन्दू पक्ष की भावनाओं की कद्र करनी चाहिएए क्योंकि मुग़लकाल में मंदिर तोड़कर जब मस्जिद निर्माण हो रहा होगा तो अपने आराध्य का अपमान देखकर कितना दुखी हुआ होगा समाज। इस पर भी ध्यान देना चाहिए और बाबरी एक़ अतिक्रमण सिद्ध हो चुका है अत: तर्क-वितर्क का कोई औचित्य नहीं है।

**मनोज**, मेरठ

### फिल्मों की जरूरत

**ब्लैक एंड वाइट** की फिल्में बिना इफेक्ट की होती थी। जिनमें अभिनय करने वाले अभिनय में जान डाल देते थे। मधुर संगीत, शूटिंग स्थल, पारंपरिक नृत्य, गीत के बोल जो आज भी पसंद किए जाते है। इसी को मद्देनजर पुरानी हिट फिल्मों को कलर में भी किया गया। निर्देशन बहुत ही शानदार रहता था। धीरे धीरे विदेशों से स्पेशल इफेक्ट, थ्रीडी, आदि का प्रयोग कर दर्शकों को बांधने की कोशिश की गयी। इन प्रयोगों से कुछ ही फिल्में जिनकी लागत करोड़ो में थी ही हिट हो पाई। महज गानों, फिल्मांकन से सफलता की अपेक्षा की जाती।पुराने जमाने मे फ़िल्म की कहानी ही फ़िल्म का मुख्य आधार रहती थी। दर्शक मंत्र मुग्ध होकर फिल्म की कहानी का आनन्द लेते थे। उस समय चलचित्र एक मात्र मनोरंजन का साधन था। अंतर्राष्ट्रीय फिल्मोत्सव में चयनित हुई फिल्मों का दूरदर्शन पर प्रसारण किया जाना चाहिए, ताकि दर्शक राष्ट्र की संस्कृति एवं ज्ञानार्जन में उपयोगी पटकथाओं, फिल्मांकन एवं अभिनय की नवीन विचारधाराओं से परिचित हो सकें। ये फ़िल्में मन को प्रभावित करने वाली होती हैं।

**संजय वर्मा**, मनावर


### संसद से उम्मीद

**संसद** का महत्वपूर्ण सत्र शुरू हो रहा है और निसंदेह विपक्ष को सत्ता पक्ष को घेरना चाहिए और गंभीर मुद्दों पर चर्चा करके उनका समाधान ढूंढ़ने की कोशिश करनी चाहिए। लेकिन ऐसा न हो कि इस प्रक्रिया में वाक आउट होते रहें और सत्र में जरूरी विषय और बिल पर चर्चा ही न हो पाए जैसा कि हमने पिछले कुछ सत्रों में देखा है। ऐसे में सरकार का भी कर्त्तव्य बनता है की वह न केवल जरूरी बिल प्रस्तुत करके उनपर खुले दिल से विपक्ष के साथ चर्चा करे बल्कि विपक्ष के प्रश्नों का उत्तर देकर उनको संतुष्ट करने की पूरी-पूरी कोशिश करे और सही माहौल में शीतकालीन सत्र चले। हंगामे और शोरशराबे की भेंट एक और सत्र न चढ़ जाए उसके लिए सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को साथ मिलकर कार्य करना होगा। जनता को संसद और अपने सांसदों से बहुत उम्मीद होती है। यह उम्मीद पूरी न होने पर मतदान में उनकी दिलचस्पी समाप्त होने लगती है। हालिया चुनावों में गिरते मतदान से सभी पार्टियों के राजनेताओं को सतर्क होकर अपनी जिम्मेदारी पूरी करने पर ध्यान देना चाहिए।

**बाल गोविंद**, नोएडा

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से **responsemail.hindipioneer@gmail.com** पर भी भेज सकते हैं।

## फरमाया



**जी20** की अध्यक्षता पूरे देश की है। इससे हमें अपनी संस्कृति प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा।

- **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**मैंने** संविधान नहीं पढ़ा है, लेकिन मुझे बताया गया है कि यह कागज की बरबादी है।

- **डोनाल्ड ट्रंप**
पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति





**संविधान** किसी भी राष्ट्रपति से बड़ा है।

- **इलोन मस्क**
ट्विटर प्रमुख

# झुमका सिटी था बरेली अब स्मार्ट सिटी की ओर बढ़ रही नाथ नगरीः योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ, बरेली

## साढ़े पांच साल में बरेली में बही विकास की बयार



**बरेली** कॉलेज ग्राउंड में प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 1459 करोड़ की 188 विकास की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। बरेली की जनता का आभार व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा चुनाव में 9 में से 7 सीटें भाजपा की झोली में डाली है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार बरेली समेत प्रदेश के विकास की प्रतिबद्धता के लिए काम कर रही है। आम जनमानस की सुविधाओं को देखते हुए शहरों को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। निवेशकों के परिश्रम और पुरुषार्थ से शहर स्मार्ट हो रहे हैं। प्रदेश में बरेली ने सबसे ज्यादा डॉक्टर जनप्रतिनिधि दिए हैं। बरेली अभी तक झुमका शहर के रूप में जाना जा रहा था लेकिन अब स्मार्ट सिटी के रूप में इसकी पहचान बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड सेंटर के जरिए स्मार्ट मिशन में कोविड-19 की बेहतर व्यवस्था की गई। वही कूड़ा प्रबंधन और शहर को सुरक्षित रखने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कार्य किया गया है। पिछले साढ़े पांच साल में प्रदेश में बेहतर सुरक्षा और कानून व्यवस्था स्थापित हुई है। बरेली समेत प्रदेश के 18 शहरों को सेफ सिटी बनाने के कार्यक्रम को आगे बढ़ाया जा रहा है। इसका परिवर्तन व्यापक रूप से देखने को मिल रहा है। जहां पहले तारों के गुच्छे लटक रहे थे। वह शहर और बाजार अब स्मार्ट हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने एक जिला एक उत्पाद योजना समेत कई सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को ऋण के चैक दिए। इसके अलावा मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को चाबी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बरेली समेत पूरे प्रदेश के युवाओं को स्मार्ट बनाया जा रहा है। दो करोड़ युवाओं को स्मार्ट टेबलेट और फोन दिए जा रहे हैं।

सपा बसपा सरकारों पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि साढ़े पांच साल से पहले बरेली में कर्फ्यू और बंटवारे हो रहे थे। जब से भाजपा की सरकार है। बरेली में एक भी कर्फ्यू नहीं लगा है। यहां विकास की बयार बहने लगी है। बरेली की कनेक्टिविटी बढ़ी है। अब सड़क से लेकर हवाई कनेक्टिविटी तेजी से बढ़ रही है। इससे एक शहर से दूसरे शहर का आवागमन सुगम हुआ है उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार के साथ अब हमें निकाय के बोर्ड को भी लाना होगा। पिछले पांच साल में बोर्ड ने स्मार्ट सिटी में जो विकास के काम किए हैं। उनको और आगे बढ़ाने की जरूरत है। उत्तर प्रदेश जल्द ही देश की नंबर वन अर्थव्यवस्था बनेगा। इस दिशा में व्यापक रूप से तैयारियां शुरू हो गई हैं। सीएम ने कहा कि पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम अच्छा हुआ है। बरेली समेत उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुई है। इससे पिछले पांच साल में बरेली में कोई भी कर्फ्यू दंगा नहीं हुआ है। किसी की हिम्मत नहीं हुई है कि कोई आपके त्योहारों पर व्यवधान डाल दे। इसकी वजह से निवेश का सबसे बड़ा गंतव्य बरेली बन रहा है। उन्होंने कहा कि 10 से 12 फरवरी को इन्वेस्टर सम्मिट होने जा रहा है। इसमें बरेली से जुड़े तमाम उद्यमी रहेंगे। उन्होंने सभी प्रगतिशील किसानों, उद्यमियों, छात्रों, डॉक्टरों, शिक्षकों और प्रबुद्धजनों से कहा कि वह निवेश करें किसी को कोई समस्या नहीं होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंच से निवेशकों को आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि वह उद्योग धंधे लगाएं। हॉस्पिटल, स्कूल, फूड प्रोसेसिंग फैक्ट्री के लिए आवेदन करें। मुख्यमंत्री कार्यालय उसकी मॉनिटरिंग करेगा। निवेशकों को कहीं भी किसी भी तरह की कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था से लेकर डबल इंजन की सरकार पारदर्शी प्रक्रिया से उद्योगों को और निवेशकों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री कार्यालय से उनके उद्योग को मिलने वाले लोन सब्सिडी की मॉनिटरिंग की जाएगी। किसी भी निवेशक को सरकारी सिस्टम से कोई अड़चन नहीं होगी। भ्रष्टाचार और भय मुक्त सुशासन से प्रदेश में रोजगार पर्यटन और उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा।

## डबल इंजन की सरकार विकास की रफ्तार को ट्रिपल इंजन में बदलेगी

पायनियर समाचार सेवा। शाहजहांपुर, लखनऊ

**विधानसभा** चुनाव में आपने यहां की सभी सीटों पर भाजपा को जिताया। इसके लिए आप सभी का साधुवाद! इस बदले पार्टी ने शाहजहांपुर को राज्यसभा सीट और 3 एमएलसी दिए। यहां से 2-2 सांसद और 3 मंत्री भी हैं। यानी जितना आपने पार्टी को दिया, पार्टी ने रिटर्न किया। सेवा के लिए जनप्रतिनिधि व राजनीतिक नेतृत्व से शाहजहांपुर काफी समृद्ध है। विकास व सुरक्षा के मॉडल को लेकर आपका आशीर्वाद निरंतर प्राप्त हो। आप सभी के सहयोग से डबल इंजन की सरकार विकास की रफ्तार को ट्रिपल इंजन में बदलेगी। पहली बार होने वाले नगर निगम के चुनाव में भी भाजपा को जिताएं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को शाहजहांपुर में कहीं। उन्होंने विकास के लिए 308.18 करोड़ की 87 विकास परियोजनाओं का बटन दबाकर शिलान्यास व लोकार्पण किया। इसके बाद प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक, चाबी व प्रमाण पत्र प्रदान किया। सीएम ने कहा कि 2017 के पहले सरकारें जिस विजन से काम करती थीं, वह सिर्फ औपचारिकता होती थी। पहले विकास की योजनाएं प्राप्त नहीं हो पाती थीं। शाहजहांपुर नगर पालिका का जब गठन हुआ होगा तबसे वह पालिका ही थी। 2017 में नगर विकास मंत्री के रूप में सुरेश खन्ना ने शाहजहांपुर को नगर निगम की मान्यता देने की बात की थी।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर स्मारिका का विमोचन किया

## स्पीकर ने मिलिन्डा गेट्स फाउन्डेशन की सह अध्यक्ष से की मुलाकात

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**विधानसभा** अध्यक्ष सतीश महाना ने बुधवार मिलिन्डा गेट्स फाउंडेशन की सह अध्यक्ष मिलिन्डा फेंच गेट्स से अपने कार्यालय कक्ष में मुलाकात की। श्री महाना ने मुलाकात के दौरान मिलिन्डा फेंच गेट्स को सुझाव दिया कि वह उप्र विधान सभा के सदस्यों को अपने कार्यक्रमों में भागीदारी करा सकती हैं। श्री महाना ने कहा कि विधान सभाओं एवं सभी विधायिकाओं के सदस्य, फाउंडेशन के विभिन्न कार्यक्रमों को जनता तक पहुँचाने का कार्य कर सकते हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन को बताया कि उप्र जैसी वृहद विधान सभा की वर्तमान 18वीं विधान सभा में बहुत से सदस्य इंजीनियर्स, शोध धारक एवं विधि स्नातक सदस्य के रूप में निर्वाचित होकर आए हैं। इन सभी सदस्यों को बिल गेट्स एवं मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन के कार्यक्रमों के बारे में बताया जा सकता है जिससे वह उन सबकी जानकारी निचले स्तर तक दे सकते हैं। साथ ही अपने विधान सभा क्षेत्र में वह उन कार्यक्रमों को लागू कर इस पर प्रभावी कार्य कर सकते हैं। मुलाकात के दौरान मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे कार्यक्रमों की भी चर्चा हुई। मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन द्वारा भारत में शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों के बारे में चर्चा हुई। मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन की तरफ से यह आश्वासन दिया गया कि वह उप्र विधान सभा एवं देश के अन्य सदस्यों से अपने कार्यक्रमों की चर्चा करेंगे जिससे उनका अधिक प्रभावी रूप से क्रियान्वयन किया जा सके। फाउंडेशन द्वारा अध्यक्ष के इस सुझाव का स्वागत किया गया कि वह दुनिया के अन्य देशों में भी वहां की विधायिकाओं को इसी प्रकार की अपनी योजनाओं में समाहित करेंगे। मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन एवं उनकी टीम ने विधान सभा के गलियारों का भी भ्रमण किया जहां पर विधान सभा में स्थापित किए गए तैल चित्रों आदि को देखा। मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन द्वारा उप्र विधान सभा में किए जा रहे कार्यों की सराहना की गयी एवं उन्होंने पुनः अध्यक्ष से भेंट करके फाउंडेशन के कार्यों में उनका सहयोग लेने के लिए अनुरोध किया।

## बसपा नेता कांग्रेस में शामिल

लखनऊ। बसपा नेता और कर्नेलगंज से विधानसभा प्रत्याशी रहे रंजीत गोस्वामी ने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की नीतियों से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष्ज्ञ बृजलाल खाबरी, प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे व प्रशासन प्रभारी दिनेश सिंह ने उन्हें पार्टी में शामिल कराया।

## डॉ. रिचा कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ की उपाध्यक्ष बनीं

लखनऊ। कांग्रेस संगठन के प्रति निष्ठा, कार्यकुशलता तथा अनुभव को दृष्टिगत रखते हुए तथा उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रशासन प्रभारी दिनेश सिंह की संस्तुति पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के चेयरमैन डॉ. जियाराम वर्मा ने डॉ. रिचा शर्मा को उत्तर प्रदेश कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ का उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। कांग्रेसजनों ने इस मनोनयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

# उपचुनाव में लोकतंत्र की हत्या हुईः सपा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**विधानसभा** में सपा के मुख्य सचेतक डॉ मनोज कुमार पाण्डेय ने कहा है कि मैनपुरी लोकसभा और रामपुर, खतौली विधानसभा तीनों क्षेत्रों के हुए उपचुनाव में लोकतंत्र की हत्या हुई है। रामपुर में जो हुआ वह तो अन्याय की पराकाष्ठा है। पुलिस ने लोगों को मताधिकार से न केवल वंचित किया अपितु जाति-धर्म देखकर लोगों को मारा पीटा भी जिससे बड़ी संख्या में लोग घायल हुए है। बड़ी संख्या में लोगों को मतदान केन्द्रों से डरा धमकाकर वापस घर भेज दिया गया। जिसके चलते रामपुर उपचुनाव में मतदान का प्रतिशत बहुमत कम रहा।

उन्होंने निर्वाचन आयोग समेत सभी संवैधानिक संस्थाओं से मांग की है कि रामपुर के उपचुनाव की जांच कर निर्णय ले और लोकतंत्र को बचाने का काम करें। डॉ मनोज पाण्डेय ने सपा मुख्यालय में पत्रकार से बात करते हुए कहा कि किसान की फसल पर बिचौलियों का कब्ज़ा है। किसान को डीएपी और यूरिया की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। गांव में बिजली नहीं और नहर में पानी नहीं। डेंगू के इलाज में लोगों के जेवर तक बिक गए हैं। इन सभी मुद्दों पर सदन में चर्चा होनी थी लेकिन वर्तमान सरकार ने ऐसा होने नहीं दिया। श्री पाण्डेय ने कहा कि सरकार ने कैबिनेट के फैसले से तीन दिन के लिए विधानसभा का सत्र बुलाया था। विधानसभा की कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में भी 5, 6 व 7 दिसम्बर को सत्र चलने की स्वीकृति हुई थी लेकिन सरकार ने दूसरे दिन ही अचानक सदन स्थगित कर दिया। सदन में जनसमस्याओं और जनता के मुद्दों पर चर्चा होनी थी। सदस्यों के द्वारा तमाम प्रश्न लाये गए थे। यह सरकार हर विषय पर लोकतंत्र की हत्या कर रही है। संविधान नहीं मान रही है। सरकार चाहती है कि सदन न चलाना पड़े। इस विधानसभा के गठन के 9 महीने हो गए। अभी तक विधानसभा की समितियों का गठन नहीं हुआ है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण लोक लेखा समिति होती है जिसका कार्य सरकारी महकमों के खर्चों का लेखा जोखा जांचना होता है। डॉ पाण्डेय ने कहा कि भाजपा सरकार का संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर कर रही है। प्रदेश के इतिहास में पहली बार हुआ है कि इतने समय तक कमेटी का गठन नही हुआ। कानपुर के विधायक इरफान सोलंकी जो चार बार से विधायक हैं उन्हें एक फर्जी घटना में फसाया जाता है।

## प्रत्याशी बनने के लिए समाजवादी बुलेटिन का आजीवन सदस्य होना जरूरी

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी का प्रत्याशी बनने के लिए अब पार्टी का सक्रिय सदस्य एवं समाजवादी बुलेटिन का आजीवन सदस्य होना अनिवार्य है। सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने बताया कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया है। अखिलेश यादव के निर्देशानुसार नगर निगम के महापौर व पार्षद तथा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष व नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए सपा द्वारा अधिकृत रूप से घोषित किये गये प्रत्याशी को सपा का सक्रिय सदस्य एवं समाजवादी बुलेटिन का आजीवन सदस्य बनना अनिवार्य होगा। जबकि इससे पूर्व 10 नवंबर को जारी निर्देशों के क्रम में नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत के वार्ड सदस्य पद के प्रत्याशियों को छोड़कर शेष सभी पद के प्रत्याशियों को समाजवादी बुलेटिन का आजीवन सदस्य बनना अनिवार्य होगा।

# सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर मुख्य सचिव ने शुभकामनाएं दी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सशस्त्र** सेना झंडा दिवस के अवसर पर मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र को प्रमुख सचिव समाज कल्याण डॉ. हरि ओम ने प्रतीक चिन्ह झंडा लगाया तथा स्मृति चिन्ह व स्मारिका भेंट कर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने अमर शहीदों तथा वीर सैनिकों को उनके अपूर्व त्याग एवं बलिदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस हमें शौर्य, स्फूर्ति, मां भारती के प्रति समर्पित उन वीर सपूतों की याद दिलाता है जो देश की सीमा की रक्षा करते हैं और देश के भीतर भी अखंडता एवं एकता पर प्रहार करने वाले दुश्मनों का भी डटकर मुकाबला करते हैं। मुख्य सचिव ने इस अवसर पर सहयोग राशि भी प्रदान की। इस मौके पर निदेशक सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास सेवानिवृत्त बिग्रेडियर रवि, अतिरिक्त निदेशक सेवानिवृत्त कर्नल शैलेन्द्र उत्तम, सेवानिवृत्त विंग कमांडर जितेन्द्र कुमार चौहान व सेवानिवृत्त कर्नल बलराम तिवारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि शहीद, सेवारत, पूर्व सैनिकों एवं युद्ध में विकलांग सैनिकों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता प्रदर्शित करने तथा सैनिकों के आश्रितों के लिए चलाई जाने वाली विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के निहित धनराशि एकत्रित करने के लिए प्रति वर्ष 7 दिसम्बर को सशस्त्र झंडा दिवस मनाया जाता है। दिसम्बर माह को 'गौरव माह' के रूप में मनाया जा रहा है, ताकि सशस्त्र बलों द्वारा राष्ट्र के लिए किए गए और किए जाने वाले योगदान का सम्मान किया जा सके।

## सरकारी वकीलों की नियुक्तियों पर नहीं है कोई रोकः हाईकोर्ट

विधि संवाददाता। लखनऊ। सरकारी वकीलों की नियुक्ति के मामले में बुधवार को हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि उसने राज्य सरकार को नए सरकारी वकीलों को नियुक्त करने से नहीं रोका है। पीठ उस विचाराधीन जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें सरकारी वकीलों की नियुक्ति में अपनायी जा रही प्रकिया को अपारदर्शी बताया गया है। जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय एवं जस्टिस सौरभ श्रीवास्तव की पीठ के समक्ष इस जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता अजय कुमार मिश्र पेश हुए। कहा कि इस याचिका के लंबित होने के कारण सरकार नए सरकारी वकीलों की नियुक्ति नहीं कर पा रही है। जबकि अदालतों में काम का बोझ काफी है। इस दौरान राज्य सरकार की ओर से जवाबी हलफ़नामा भी दाखिल किया गया। पीठ ने महाधिवक्ता के इस वक्तव्य के मद्देनजर कहा कि पहले भी कोई अंतरिम रोक नहीं लगाई थी। पीठ ने इसके साथ ही मामले की अगली सुनवाई जनवरी के अंतिम हफ्ते में नियत कर दी।

### सीएम संवाद से साध रहे हैं ट्रिपल इंजन की सरकार का लक्ष्य

# निकाय चुनाव को लेकर प्रबुद्ध सम्मेलन को योगी ने बनाया सबसे प्रभावी हथियार

- बातचीत के साथ विकास योजनाओं की सौगात भी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ





**नगर** निकाय के चुनावों के लिए पिछले दिनों आरक्षण की घोषणा हो चुकी है। शीघ्र ही इस बाबत अधिसूचना भी जारी हो जाएगी। केंद्र एवं प्रदेश की तरह नगर निकायों में भी भाजपा की सरकार हो यह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है। वह नगर निकायों को सरकार का तीसरा इंजन मानते हैं। उनके मुताबिक अगर तीसरा इंजन भी अपना हो तो विकास की गति और तेज हो जाएगी। तेज विकास गति उत्तर प्रदेश की जरूरत है। चूंकि शहर ही मौजूदा समय में विकास की धुरी हैं। लिहाजा इनका विकास जरूरी है। इसीलिए आज-कल वह लगातार ट्रिपल इंजन सरकार की बात कर रहे हैं। मालूम हो कि उत्तर प्रदेश में 17 नगर निगम करीब 200 नगर पालिका परिषद और 500 नगर पंचायतें हैं। सरकार का इरादा इस बार क्लीन स्वीप का है। खासकर 17 नगर निगमों पर।

नगर निकाय के पिछले ;2017द्ध चुनावों में अलीगढ़ एवं मेरठ को छोड़ बाकी सभी नगर निगम के चुनाव भाजपा के पक्ष में आये थे। चूंकि इस बार इरादा क्लीनस्वीप का है। लिहाजा सरकार और संगठन ने पूरी ताकत इन चुनावों में झोंक दी है। मुख्यमंत्री ने इसके लिए संवाद को अपना मुख्य हथियार बनाया है। बतौर मूख्यमंत्री संवाद लोगों से जुड़ने और समस्यायों के समाधान का सबसे बड़ा जरिया है। किसी समस्या के गंभीर होने से पहले अगर उसपर संबंधित लोगों से संवाद हो जाय तो वह समस्या हल हो सकती है। वह इस बात को कई बार सार्वजनिक रूप से कह चुके हैं। यह उनके खुद का आजमाया हुआ बेहद सफल नुस्खा है। लिहाजा नगर निकाय के चुनावों में भी वह इसे आजमा रहे हैं। प्रबुद्धजन सम्मेलन इसीकी एक कड़ी हैं। इस क्रम में अब तक मुख्यमंत्री सहारनपुर, गाजियाबाद, झांसी, प्रयागराज, अलीगढ़, आगरा, फिरोजाबाद, मेरठ, मुरादाबाद, गोरखपुर लखनऊ में प्रबुद्ध सम्मेलन कर चुके हैं। आज सहारनपुर में कर रहे हैं। वह जहा भी जा रहे लोगों से संवाद के साथ विकास की भी सौगात भी दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इन चुनावों में सड़क, बिजली, पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं ही प्रमुख मुद्दा होती हैं। यही वजह है कि नगरीय सुविधाओं में इजाफा करने के लिए सरकार भरपूर धन भी उपलब्ध करा रही है। 33 हजार 700 करोड़ रुपये के अनुपूरक बजट में नई योजनाओं पर 14 हजार करोड़ रुपए खर्च का प्रावधान है। इसमें से अधिकांश रकम सड़क निर्माण और नागरिक सुविधाओं को बेहतर करने में खर्च होगी।

## सपा प्रवक्ता अनुराग भदौरिया की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

**लखनऊ ( विसं )।** जिला जज संजय शंकर पांडेय ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विरुद्ध अमर्यादित टिप्पणी करने के मामले में वांछित सपा प्रवक्ता अनुराग सिंह भदौरिया की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी है। उन्होंने अपने आदेश में कहा है कि मुल्जिम द्वारा अग्रिम जमानत अर्जी में यह नहीं बताया गया है कि इस मामले में उसकी एक याचिका हाईकोर्ट से खारिज हो चुकी है। अग्रिम जमानत का आधार अप्रर्याप्त है। है। लिहाजा अर्जी निरस्त की जाती है। अनुराग सिंह भदौरिया पर एक टीबी डिबेट में मुख्यमंत्री आदित्यनाथ व स्व मंहत अवेधनाथ के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी करने का इल्जाम है। बीते 12 नवंबर को इस मामले की एफआईआर हीरो वाजपेई ने थाना हजरतगंज में दर्ज कराई थी। अनुराग की ओर से अर्जी में कहा गया था कि वह मुख्यमंत्री पद का दिल से सम्मान करते हैं। वह स्वण् महंत अवेधनाथ के अनुयाईयों की भावनाओं की भी कद्र करते हैं। पुलिस इस मामले में बगैर कोई नोटिस दिए गिरफ्तार करना चाहती है। वह बेगुनाह हैं।

## अंतरराष्ट्रीय स्तर के दो तस्कर गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**एसटीएफ** ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को बाराबंकी जिले के रामसनेही घाट थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। तस्करों के कब्जे से 70 लाख रुपए मूल्य की 690 ग्राम स्मैक और 2 लाख 75 हजार रुपए नकद बरामद हुए। एसटीएफ को जानकारी मिली थी कि मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के कुछ लोगों द्वारा जनपद.बाराबंकी से स्मैक की खेप लेकर नेपाल राष्ट्र में बेचा जा रहा है। इसी गिरोह के दो लोग जनपद बारबांकी से स्मैक लेकर पल्सर मोटर साइकिल नंबर यूपी-32 एचजे-0120 से नेपाल जाने वाले है। इस सूचना पर एसटीएफ टीम द्वारा स्थानीय पुलिस को साथ लेकर दरियाबाद ओवर ब्रिज के नीचे, लखनऊ-अयोध्या हाईवे, थानाक्षेत्र रामसनेही घाट, बाराबंकी से दोनों तस्करों इमरान खान निवासी लोधौरा, थाना रामनगर, बाराबंकी और संतोष त्रिपाठी निवासी ग्राम रकौली झुड़िया, थाना खजनी, गोरखपुर को गिरफ्तार किया।

# सपा ने की रामपुर में दोबारा उपचुनाव करने की मांग

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रो रामगोपाल यादव ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त नई दिल्ली को पत्र लिखकर रामपुर विधानसभा उपचुनाव को निरस्त कर पुनः मतदान कराने की मांग की है। रामगोपाल यादव ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार को लिखे पत्र में कहा है कि रामपुर विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में हुए मतदान में शासन द्वारा बड़े पैमाने पर धांधली कराई गई है। वोटरों को मतदान से रोका गया। पुलिस की बर्बरता से कई लोग घायल हुए। प्रोफेसर साहब ने पुलिस की बर्बरता के फोटो भी प्रमाण में संलग्न किए हैं। रामगोपाल यादव ने कहा है कि रामपुर में इस बार मतदान का प्रतिशत पिछले चुनावों की तुलना में काफी कम है। इसलिए रामपुर विधानसभा क्षेत्र में पुनः मतदान कराया जाना चाहिए।

# योगी ने 188 परियोजनाओं का किया लोकार्पण

- प्रबुद्ध सम्मेलन में सीएम ने निवेशकों के से की अधिक से अधिक निवेश करने की अपील
- बरेली कॉलेज बरेली के मैदान में हुआ प्रबुद्ध सम्मेलन सीएम योगी आदित्यनाथ सहित कई नेता रहे मौजूद



संवाददाता। बरेली

**बरेली में** प्रबुद्ध सम्मेलन में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बरेली में 1459 करोड़ रुपए की 188 परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने नाथ नगरी को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों में जनता से सहयोग की अपील की। बरेली कॉलेज बरेली के मैदान में बुधवार को आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन में 20 मिनट के भाषण में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डबल इंजन की सरकार जनता के विकास के लिए कार्य कर रही है। स्थानीय निकायों को भी उसी प्रतिबद्धता के साथ सरकार के कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कभी नाथ नगरी की पहचान झुमके के शहर से होती थी। मगर, प्रधानमंत्री मोदी ने साल 2014 में सत्ता में आने के बाद भ्रष्टाचार पर पूरी तरह से रोक लगा दी। प्रधानमंत्री ने विकास का जो मंत्र दिया। उसी मंत्र के साथ डबल इंजन की सरकार आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा की स्मार्ट सिटी की परिकल्पना को साकार करने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। बरेली में 31 हजार से अधिक गरीबों को प्रधानमंत्री आवास मिल चुका है। 29000 पटरी वालों को अपना व्यापार करने के लिए जगह दी जा चुकी है। भारत सरकार की प्रत्येक टीम में अब उत्तर प्रदेश अग्रणी स्थान पर है। वर्ष 2017 से 2022 के बीच में एक बार भी कर्फ्यू नहीं लगा। इसका मतलब साफ है कि सुरक्षा के मामले पर सरकार पूरी तरह से अलर्ट है। कानून और व्यवस्था से किसी कीमत पर किसी को भी खिलवाड़ नहीं करने दिया जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश की सबसे ज्यादा आबादी की जगह है, लेकिन इसका सबसे बड़ा फायदा यह है कि यह सबसे ज्यादा निवेश के लिए सबसे सुरक्षित जगह भी है। उधमी व्यापारी किसान युवा सब अपने आपको एक अच्छे निवेश के लिए मानसिक रूप से तैयार करें और अगर कोई निवेश करना चाहता है, तो वह ऑनलाइन आवेदन कर सकता है इसकी मानिटरिंग मुख्यमंत्री कार्यालय से की जाती है और पूरी तरह से पारदर्शी है। सरकार का इंसेंटिव भी निवेशक के सीधे खाते में जाता है। डबल इंजन की सरकार में भ्रष्टाचार किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाता है। अब प्रदेश की जनता को डबल इंजन की स्पीड के साथ आगे बढ़ने की आदत डालनी होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि तमाम प्रोजेक्ट लाइन में है, जिसका लाभ जनता को जल्द ही मिलेगा। प्रबुद्ध सम्मेलन में पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार, महापौर डॉक्टर उमेश गौतम, वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, वन पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण कुमार, आंवला सांसद धर्मेंद्र कश्यप विधायक संजीव अग्रवाल डीसी वर्मा प्रोफेसर श्याम बिहारी लाल एमएलसी जयपाल सिंह व्यस्त महाराज सिंह हरि सिंह ढिल्लों भाजपा जिला अध्यक्ष पवन शर्मा महानगर अध्यक्ष डॉक्टर के मरोड़ा ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष रजनीकांत महेश्वरी समेत भाजपा के तमाम नेता और पदाधिकारी मौजूद थे।

## महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार पर अब सख्त रवैया अपनाएगी करणी सेना: राहुल सिंह

**बरेली।** करणी सेना बरेली के विंग मातृशक्ति की बैठक संजय नगर सैनिक कॉलोनी में की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा को लेकर विचार विमर्श करना था। बैठक में करणी सेना के जिला अध्यक्ष ठाकुर राहुल सिंह ने कहा कि जिस तरीके से देश में लव जिहाद जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं तो करणी सेना ने एक बीड़ा उठाया है कि हम अपने समाज की बेटियों की रक्षा स्वयं करेंगे। इस कड़ी में करणी सेना मातृशक्ति की जिला अध्यक्ष सुधा शर्मा को एक जिम्मेदारी सौंपी गई, जिसमें 5 महिलाओं का एक प्रतिनिधिमंडल बनाया गया। इस प्रतिनिधिमंडल का काम होगा महिलाओं के बीच बढ़ रहे अपराध को रोकना और उस पर काम करना। करणी सेना द्वारा एक मोबाइल नंबर जारी किया है जो बेटियां किसी को समस्या नहीं बता सकती है वह करणी सेना को मातृ शक्ति जिला अध्यक्ष सुधा शर्मा को फोन करके बता सकते हैं।

## क्विक न्यूज

### नाबालिग से रेप के आरोपी को 10 वर्ष का कारावास

**सीतापुर।** नाबालिग के साथ दुराचार के मामले में आरोपी को 10 वर्ष के कठोर कारावास और 20 हजार रूपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई है। यह सजा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अरविन्द कुमार गौतम ने विशेष लोक अभियोजक मोहम्मद इस्तियाक एवं विजय कुमार मिश्रा की पैरवी पर सुनाई। तीन साल पुराना यह मामला सीतापुर के थाना संदना इलाके से जुड़ा हुआ है। अकेली नाबालिग के साथ घर में घुसकर उसके साथ बलात्कार आरोपी राम विलास पुत्र भारत यादव निवासी बिरचल खांट ने किया और शिकायत पर आरोपी के साथियों सुखराम व पप्पू ने परिजनों के साथ गाली गलौज करने के बाद लाठी डण्डों से मारा पीटा भी था। इस मामले में सुनवाई के बाद आरोपी राम विलास को बलात्कार का दोषी पाते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास और 20 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दंडित करनी की सजा सुनाई गई है। साथ ही राम विलास, सुखराम, और पप्पू को धारा 323/34 भारतीय दण्ड संहिता के अंतर्गत 6-6 माह के कारावास और पांच-पांच सौ रूपए के अर्थदण्ड से भी दंडित किया है।

### राधा कृष्णा चौटेबिल ट्रस्ट बरेली द्वारा बाबा साहब की पुण्यतिथि पर करी श्रद्धांजलि अर्पित



**बरेली।** राधा कृष्णा चौटेबिल ट्रस्ट बरेली द्वारा बाबा साहब की पुण्यतिथि पर अपने कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धांजलि अर्पित करी। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए वक्ता सुनील यादव ने कहा की परम आदरणीय परम श्रद्धेय भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 66 वी पुण्यतिथि के अवसर पर आज पूरा देश उनको श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है इसी कड़ी अपनी श्रद्धांजलि एवं श्रद्धा सुमन बाबा साहब को उनके जीवन को याद करते हुए प्रस्तुत कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि आजादी के समय जब एक ओर जहां हमारा देश आजादी की खुशियां मना रहा था,वहीं दूसरी ओर बाबा साहब उस बड़े बहुजन समाज के लिए चिंतित थे। बाबा साहब को यह भय था की आजादी के बाद इस बहुजन समाज को शेष समाज किस प्रकार से स्वीकार करेगा या उनके साथ व्यवहार करेगा क्योंकि उस समय छुआछूत जैसी कुरीति के कारण मात्र किसी कुएं से पानी पीने यह तालाब में स्नान करने से ही पूरे तालाब को या कुए को अपवित्र मान लिया जाता था। आजादी के बाद काफी प्रयास हुए और छुआछूत जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने के लिए सन 1955 में छुआ छूत को कानूनी मान्यता प्रदान की गई। जिसके बाद समाज में भेदभाव पर रोक लगी, हालांकि 1976 में पुनः इसमें संशोधन हुआ ऐसे समाज के प्रति चिंतित थे बाबा साहब ।वक्ता सुनील यादव ने कहा कि आने वाले समय में यह अधिकार उनके भाग्य को परिवर्तित कर देगा, आज आजादी के 75 वर्ष पूरा होने पर आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के पश्चात जब हम बाबा साहब की 66वीं पुण्यतिथि मना रहे हैं तो उनकी बातों को अक्षर सा सत्य पाते हैं।

### इस्लामिया इंटर कॉलेज में स्वच्छता शपथ ग्रहण समारोह आयोजित



**बरेली।** गंगा जमुना की तहजीब और कौमी एकता को मजबूत करने के दृष्टिकोण से इस्लामिया इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य जी एवं 2000 छात्रों ने अनोखे अंदाज में माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के बरेली आगमन पर कुछ इस तरह इस्तकबाल किया। स्वच्छता शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि पद से बोलते हुए अपर नगर मजिस्ट्रेट तृप्ति गुप्ता ने बताया कि किसी भी देश के बेहतर भविष्य के संचालन का काम विद्यालय ही करते हैं विद्यालयों के वातावरण से ही देश और समाज का सांप्रदायिक सौभाग्य मजबूत होता है उन्होंने कहा कि स्वच्छता से एक स्वस्थ मानसिकता का विकास होता है और स्वच्छता हमें बीमारियों से दूर रखती है स्वस्थ युवाओं के मन में ही सकारात्मक विचारधारा जन्म लेती है उन्होंने सभी से देश की विचारधारा के साथ जुड़ने का आवाहन किया।स्वच्छ भारत स्वच्छ भारत अभियान के ब्रांड एंबेसडर महेश पंडित के नेतृत्व में अपर नगर मजिस्ट्रेट तृप्ति गुप्ता के आतिथ्य में एवं विद्यालय की प्रधानाचार्य चमन जहां की अध्यक्षता में छात्राओं को शपथ ग्रहण कराई गई। समारोह में विद्यालय की प्रधानाचार्य चमन जहां ने कहा कि हमारे इस्लाम में इंसानियत ( मानव जाति )को शारीरिक स्वच्छता और मानसिक शुद्धता का संदेश दिया गया है। ऐसी ही प्रेरणा हमें हमारे देश के माननीय प्रधानमंत्री और सूबे के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी के बहुचर्चित स्वच्छ भारत अभियान से मिल रही है। जिस पर मुस्लिम समुदाय भी बखूबी अमल कर रहा है। कार्यक्रम आयोजक और स्वच्छता अभियान के ब्रांड एंबेसडर महेश पंडित ने कहा कि स्वच्छता इस्लाम का एक आवश्यक हिस्सा है नमाज से लेकर सारे धार्मिक कार्य स्वच्छता के बगैर संभव नहीं है। स्वच्छता की शपथ लेने से पूर्व विद्यालय की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए एवं राष्ट्रभक्ति के गीत गाये। कार्यक्रम में विद्यालय की सभी शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

### कागजों तक सीमित हैं मुख्यमंत्री के आदेश

**गोला गोकर्णनाथ.खीरी।** उत्तरप्रदेश की भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री के आदेश का पालन जनपद खीरी में केवल कागजों पर होता है। चाहें वह क्षमता से अधिक भार भरकर संचालित होने वाली प्राइवेट बस व मैजिक जोकि अपने अवैधअड्डों से सवारियों को ढोनेए ट्रकों में क्षमता से अधिक भार भरकर चलनेए गोकशी व काले पशुओं की क्रूरता के साथ हत्या कर उनके मांस की तस्करी.बिक्रीए बड़े.बड़े व्यापारियों के द्वारा जीएसटी की चोरी व सरसोंतेल का जमीन के अंदर टैंक स्थापित कर उसमें मिलावटी व रंगीन कर तेल को खुले आम बाजार में बेचनेए बालू.मिटटी खनन का गोरखधंधा सुबह से चालू होता है शाम होते ही वाहनों की कतारों में खनन वाहन नगर की सड़कों पर फर्राटा भरने लगती है। पुलिस का एन्टीरोमियों सुरक्षा बल गठित है पर इसका काम केवल कागजों तक ही सीमित है।नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में खुलेआम जहरीली कच्ची शराब की बहने वाली नदियांघ् किसानों का बाकी गन्ना भुगतान व चोरी व अन्य वाहनों की कबाड़ की दुकानों पर होने वाली कटाई व अवैध रुप से संचालित मौरंग.बजड़ी के स्टैंडए गुड़.राब कोल्हूओं में लगने वाले मंडी टैक्स व अन्य की चोरी। प्राइवेट व झोलाछाप डॉक्टरोंएमानक विहीन चिकित्सालय व एक फार्मासिस्ट के नाम पर कई 2 फर्जी मेडिकल स्टोर संचालित है राशन कार्ड पर मिलने वाले गेंहू की जगह चावल व कम तौर व नगद की जगह पैसे लेकर देने में खेल जारी है।

# नगर पंचायत पैतेपुर में 3 दावेदार चुनाव लड़ने की कर रहे तैयारी

- मौजूदा चेयरमैन मो. अफजल सपा से कर रहे चुनाव लड़ने की तैयारी
- पूर्व चेयरमैन उरूज आलम निर्दलीय ताल ठोकने को तैयार, डॉ. रियाजुद्दीन एआईएमआईएम से चुनाव लड़ने की तैयारी में
- जारी किए गए अनन्तिम आरक्षण में अनारक्षित है पैंतेपुर की सीट

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर की** सबसे दूर की नगर पंचायत पैंतेपुर में निकाय चुनाव को लेकर क्या कुछ चल रहा है, यह हर कोई जानना चाहता है। ऐसे में हम सबसे पहले आपको नगर पंचायत पैंतेपुर के इतिहास से रूबरू कराते है, यहां सबसे पहले अध्यक्ष स्व. हाजी जमीलुद्दीन बने, जिनका कार्यकाल 1 जनवरी 1989 से 31 दिसम्बर 1994 तक रहा। इसके बाद नसीम आरा चेयरमैन चुनी गई, इनका कार्यकाल 30 नवम्बर 1995 से 30 अक्टूबर 2000 तक रहा और फिर मौलाना मोहम्मद अफजल चेयरमैन के पद पर आसीन हुए, इनका कार्यकाल 15 दिसम्बर 2000 से 19 सितम्बर 2005 तक रहा। इसके बाद नफीस बानों के सिर चेयरमैनी का ताज सजा, इनका कार्यकाल 17 नवम्बर 2006 से 10 फरवरी 2012 तक रहा। 5वें चेयरमैन के रूप में उरूज आलम की ताजपोशी इनका कार्यकाल 25 जुलाई 2012 से 24 जून 2017 तक रहा। मौजूदा समय में मौलाना मोहम्मद अफजल दूसरी बार के चेयरमैन हैं, इनका कार्यकाल 1 जनवरी 2018 से शुरू हुआ था। अब बात करेंगे पैंतेपुर के नगर पचायत अध्यक्ष पद पर कौन कौन चुनाव लड़ने की तैयारी में है। दरअसल यह सीट इस बार अनारक्षित हो गई है, पिछली बार ओबीसी के लिए आरक्षित थी। यहां इस बार मौजूदा चेयरमैन मोहम्मद अफजल फिर एक बार अपने प्रतिद्वंदी पूर्व चेयरमैन उरूज आलम को पटकनी देने के लिए तैयार हैं तो उरूज आलम मौलाना मोहम्मद अफजल से पुराना हिसाब किताब बराबर कर लेने की फिराक में है। इन दो दिग्गजों के बीच डॉ. रियाजुद्दीन अंसारी भी ताल ठोकने की तैयारी में है। डॉ. रियाजुद्दीन एआईएमआईएम से टिकट के दावेदार हैं तो मो अफजल समाजवादी पार्टी से और उरूज आलम निर्दलीय चुनाव लड़ने की तैयारी में है। अब आपको 2017 में हुए चुनाव से भी रूबरू करा देते है। 2017 में नगर पंचायत पैंतेपुर में कुल 7 प्रत्याशी मैदान में थे, सिर्फ 108 वोटों से हार -जीत हुई थी। मौलाना मो अफजल 2197 मत पाकर चेयरमैन चुने गए थे और यह निर्दलीय रूप से चुनाव लड़े थे। इन्हे कड़ी टक्कर देने वाले उरूज आलम भी निर्दलीय चुनाव लड़े थे जिन्हे 2089 मत मिले थे। तीसरे स्थान पर 1289 मत पाकर योगेश कुमार रहे थे, जो अपनी जमानत भी नहीं बचा पाए थे। इसके बाद मो. आरिफ व खालिद अंसारी को 663 मत, अख्तरूल इस्लाम को 299 मत, पंकज सिंह उर्फ पंकज वर्मा को 239 मत मिले थे, पंकज वर्मा भारतीय जनता पार्टी से प्रत्याशी थे, जबकि मुर्तजा को सिर्फ 8 मत ही हासिल हो सके थे। यह कोई अपनी जमानत नहीं बचा पाए थे।

# गांव की मीना का रूप देखकर पुरुषों की बदल गई नजर

- रिवाल्वर डालकर चलती हैं मीना राजवंशी, एयरहोस्टेज बेटी कहती है मां का बहुत भौकाल है, मीना को फिल्मों में नहीं
- मिश्रिख के कोल्हुवा बरेठी की रहने वाली मीना भाजपा नेत्री हैं

**सीतापुर।** आपने महिलाओं के गले में रिवाल्वर डालकर चलना या तो फिल्मों में देखा होगा या फिर जंगल में दस्यु महिलाओं को, लेकिन हम आपको रिवाल्वर वाली भाभी के रूप में विख्यात एक ऐसी महिला से मिलाने जा रहे है, जो गांव से ताल्लुक रखती हैं, ज्यादा समय घूंघट में बिताया है, लेकिन अब वह रिवाल्वर डालकर चलती हैं और भारतीय जनता पार्टी की नेत्री भी हैं। उत्तर प्रदेश के सीतापुर जनपद के मिश्रिख के कोल्हुवा बरेठी की रहने वाली मीना राजवंशी इनका नाम है। यह जानकर और भी हैरान हो जाएंगे कि मीना राजवंशी का आइडियल कौन है। दरअसल रिवाल्वर वाली भाभी का आइडियल फूलन देवी और झांसी की रानी लक्ष्मीबाई है। मीना राजवंशी कहती है, जब तक वह रिवाल्वर नहीं लगाती थी, तब तक पुरूषों की उनपर गलत नजर रहती थी, जबसे वह रिवाल्वर डालकर चलने लगी है, नजर बदल गई है। मीना राजवंशी बुधवार को भाजपा के जिला कार्यालय पर पहुंची तो आकर्षण का केन्द्र बिन्दु बन गई। मीना राजवंशी मिश्रिख नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद पर कार्यकर्ता को टिकट दिए जाने की मांग करने भाजपा के जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा के पास पहुंची थीं। वह फूलन देवी को डकैत नहीं मानती है और कहतीं है कि बदला लेने के लिए फूलन देवी डकैत बनी थीं। मीना की एयरहोस्टेज बेटी को भी मां का यह रूप बहुत पसंद है। नगर पालिका के चुनाव में टिकट मांगने वाली महिला नेत्रियों को मीना राजवंशी का संदेश है कि वह खुलकर जिएं घूंघट में न रहें।

# सशस्त्र सेना झंडा दिवस: वीर योद्धाओं के सम्मान में स्मारक पर डीएम ने दी पुष्पांजलि

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी





**सशस्त्र सेना** झंडा दिवस पर बुधवार को सभी अधिकारी व कर्मचारी को बैज लगाया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में इसके महत्व पर भी चर्चा हुई। जिसमें शहीदों के सम्मान में आम लोगों को भी बैज लगाने व लोगों से खुले मन से आर्थिक सहयोग करने की डीएम ने अपील की।

कलेक्ट्रेट मे स्थित श्जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय परिसरश् मे वीर योद्धाओं के सम्मान में निर्मित स्मारक पर डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह सहित अन्य अफसरों के साथ पुष्पांजलि अर्पित करते हुए जनपद के अमर वीर बलिदानियों को सतसत् नमन किया। कार्यक्रम के दौरान सैनिक एवं पुनर्वास कल्याण अधिकारी विंग कमांडर धनंजय प्रसाद सिंह ने डीएम महेंद्र बहादुर सिंहए सीडीओ अनिल कुमार सिंह को बैज लगाया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस देश की सेना के प्रति सम्मान प्रकट करने के दिन के रूप में मनाया जाता है। यह उन जांबाज सैनिकों के प्रति एकजुटता दिखाने का दिन है जो देश की तरफ आंख उठाकर देखने वालों से लोहा लेते हुए शहीद हो गए। सशस्त्र झंडा दिवस देश की सुरक्षा में शहीद हुए सैनिकों के परिवार के लोगों के कल्याण के लिए मनाया जाता है। इस दिन झंडे की खरीद से इकट्ठा हुए धन को शहीद सैनिकों के आश्रितों के कल्याण में खर्च किया जाता है। ऐसे में लोगों को चाहिए कि खुले मन से आर्थिक सहयोग करें। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए इसे प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी बताते हुए सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में स्वेच्छा से योगदान करने की अपील की है। उन्होंने सेवानिवृत्त और सेवारत सशस्त्र बल कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त कियाए जिनकी वीरता तथा बलिदान ने देश की संप्रभुता एवं अखंडता की रक्षा की है। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी विंग कमांडर धनंजय प्रसाद सिंह ने बताया कि उप्र का बृहद्तम जनपद खीरी सर्वाधिक गन्ना उत्पादक होने के साथ.साथ राज्य का एक ऐसा जनपद भी है जहां से बड़ी संख्या मे नौजवान भारतीय सेनाओं में जाकर देश की सेवा मे भरपूर योगदान देते हैं। हमारी शसस्त्र सेनाएं लगातार देश के सीमाओं की रक्षा एवं आतंकवाद से लड़ाई मे जी.जान से लगी हुई है। अदम्य साहस के इस कार्य को हर हाल में संभव बनाने के लिए हर रोज हमारे अनेको सैनिक अपने जानों की बाजी लगाते हैंए और इसमे कई बार गंभीर शारीरिक क्षति और जान की हानी भी उठानी पड़ती है।

# अभियोजन अफसरों ने दी जानकारी, किया जागरूक



**लखीमपुर.खीरी।** महिलाओं एवं बालिकाओं के संरक्षणए सुरक्षा एवं आत्मनिर्भर स्वावलम्बी बनाने के लिए बुधवार को आर्य कन्या इंटर कॉलेज में शासन एवं अभियोजन निदेशालय से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में सयुक्त निदेशक अभियोजन नीरज श्रीवास्तव व धीरेन्द्र मिश्रा की संयुक्त अध्यक्षता में मिशन शक्ति पर भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। सयुक्त निदेशक ;अभियोजनद्ध धीरेन्द्र मिश्रा ने कहा कि मिशन शक्ति.4 का उद्देश्य महिलाओं को मुख्य धारा में समान अवसर प्रदान करानाए उनको सशक्तए आत्मनिर्भर बनाना एवं उनकी प्रतिभा को उजागर करना है। उन्होंने महिलाओं को संदेश दिया कि वह स्वयं को मजबूत एवं आत्मनिर्भर बनाएं और घरेलू हिंसा या दहेज के मामले में अगर किसी महिला का पति उनके साथ गलत बर्ताव या मारपीट करता है या सपोर्ट नहीं करता है तो उसके लिए 181ए 1090ए 112 सहायता नम्बर पर शिकायत करें। उन्होंने कहा कि समस्त महिलाएं अपनी सुरक्षा से सम्बन्धित अधिनियमों व कानूनों की सहायता से जागरूक बनें। बेटियों एवं महिलाओं को अपने हुनर को पहचानते हुए उसी दिशा में अग्रसर होकर अपने उज्जवल भविष्य हेतु प्रयास करना चाहिए। उन्होंने महिलाओं व बालिकाओं ने विधिक प्रश्न पूछे गए जिनके सभी प्रश्नो को अच्छे से समझाया। सयुक्त निदेशक (अभियोजन) नीरज श्रीवास्तव ने कहा कि सरकार द्वारा योजनाओं की सहायता प्रदान किये जाने हेतु प्रशासन एवं समस्त अधिकारी वचनबद्ध हैं। इस दौरान महिला कांस्टेबल वंदना पाण्डे, प्रगति शर्मा, का. नरेंद्र गंगवार ने भी मिशन शक्ति से जुड़ी जानकारियां दी।

# पेज एक का शेष

## दिल्ली में...

अंत में 134 वार्ड में जीत हासिल की। आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि महज 10 साल पुरानी पार्टी ने देश की सबसे बड़ी पार्टी (भाजपा) को उसी के गढ़ में मात दे दी। उन्होंने कहा कि परिणामों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि आप एक कट्टर ईमानदार पार्टी है। सिंह ने कहा कि परिणाम इसलिए भी उल्लेखनीय हैं, क्योंकि भाजपा ने चुनाव प्रचार के लिए 17 केंद्रीय मंत्रियों, छह मुख्यमंत्रियों, तमाम सांसदों एवं विधायकों सहित सभी शीर्ष नेताओं को मैदान में उतारा था।

## नागरिक सुविधाओं...

स्थित आप के मुख्यालय में पार्टी की जीत के बाद अपने संबोधन में केजरीवाल ने कहा, हम सभी को दिल्ली की हालत सुधारनी है और मुझे भाजपा और कांग्रेस सहित सभी के सहयोग की आवश्यकता है। हमें ऐसा करने के लिए सभी के सहयोग की जरूरत है, खासकर केंद्र और प्रधानमंत्री की मदद और आशीर्वाद की। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनाव में सभी 250 सीटों के परिणाम घोषित कर दिए गए है। राज्य निर्वाचन आयोग के मुताबिक आप ने 134 तो भाजपा ने 104 और कांग्रेस ने नौ सीटों पर जीत दर्ज की। चुनाव में तीन निर्दलीय उम्मीदवार भी विजयी रहे। आप की इस जीत से एमसीडी में भाजपा का 15 साल का शासन भी खत्म हो गया। पार्टी मुख्यालय में जीत के जश्न में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया भी मौजूद रहे।

## सिसोदिया व...

निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कुल चार वार्ड- मयूर विहार फेज-2, पटपड़गंज, मंडावली और विनोद नगर आते हैं। भाजपा ने पटपड़गंज, मंडावली और विनोद नगर से जीत दर्ज की है, जबकि मयूर विहार फेज-2 पर आप ने कब्जा जमाया है। राज्य चुनाव आयोग द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, भाजपा की रेणु चौधरी ने पटपड़गंज वार्ड से आप की सीमा को 403 मतों से हराया। विनोद नगर से भाजपा के रविंदर सिंह नेगी ने 2,311 मतों से जीत हासिल की। मंडावली वार्ड से भाजपा की शशि चांदना ने आप की रीना तोमर को 186 वोटों से पराजित किया। जबकि, मयूर विहार फेज-2 वार्ड में आप के देवेंद्र कुमार ने भाजपा के बिपिन बिहार को 1588 वोटों से हराया। इसी प्रकार शकूर बस्ती में भाजपा की शिखा भारद्वाज ने सरस्वती विहार से आप की उर्मिला गुप्ता को 3150, पश्चिम विहार में भाजपा के विनीत वोहरा ने आप के शालू दुग्गल को 2044, रानी बाग में भाजपा की ज्योति अग्रवाल ने आप के मिथलेश पाठक को 1387 वोटों से हराया है। आबकारी नीति घोटाले में मुख्य आरोपी के रूप में सीबीआई और ईडी द्वारा दायर प्राथमिकी में सिसोदिया का नाम आया था। दोनों एजेंसियों ने उनसे पूछताछ की थी और इस साल अक्टूबर में उनके आवास पर छापा भी मारा गया था। इसके अलावा भाजपा नेताओं ने सिसोदिया, जैन और अन्य के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक शाखा में भी शिकायत दर्ज कराते हुए स्कूल के कमरे/भवन के निर्माण में 2,000 करोड़ रुपये से अधिक के घोटाले का आरोप लगाया था। भाजपा ने फर्जी श्रमिकों को भुगतान में 900 करोड़ रुपये उड़ाने का भी आरोप जड़ा है। इसके अलावा जैन पर मनी लांड्रिंग के आरोपों के अलावा तिहाड़ जेल में वीआईपी सुविधाओं के आरोप भी लगे हैं। चुनाव में भाजपा ने इन मुद्दों को जोर-शोर से उछाला।

## भाजपा नहीं...

केजरीवाल पर अधिक भरोसा जताते रहे हैं। यही वजह है कि जनता ने साल 2013, 2015 और फिर 2020 के चुनाव में जिता कर आप को दिल्ली में सरकार बनाने का मौका दिया। राजनीति के जानकारों का मानना है कि अगर भविष्य में दिल्ली में भाजपा को वापसी करनी है तो उसे एक ऐसा चेहरा तो तैयार करना ही होगा, जो सीधे अरविंद केजरीवाल को टक्कर दे सके। इसके अलावा एमसीडी चुनाव में कूड़े और गंदगी के मुद्दे ने अहम भूमिका निभायी। पिछले 15 सालों से भाजपा को कई जगह कूड़े और गंदगी के मुद्दों का सामना करना पड़ा। फिर कूड़े के तीनों पहाड़ हों या कई इलाकों की गली-मोहल्लों में पसरी गंदगी, जनता ने इन दिक्कतों को दूर करने के लिए भी एमसीडी में आम आदमी पार्टी को वोट दिया। हालांकि, चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा ने साफ-सफाई और कूड़े के पहाड़ में कमी आने का वादा जरूर किया, लेकिन चुनाव के परिणामों से स्पष्ट है कि दिल्ली के लोगों ने इसे सिरे से नकार दिया है। हालांकि, एग्जिट पोल के अनुमान के मुताबिक आप दिल्ली की छोटी सरकार बनाने में जरूर कामयाब हो गई। इसमें सत्ता विरोधी लहर उन तमाम वजहों में से एक है। इसके अलावा पानी हाफ-बिजली माफ, दिल्ली का शिक्षा मॉडल, मोहल्ला क्लीनिक, अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर करने, बसों में महिलाओं को मुफ्त सफर और आरडब्ल्यूए की भागदारी जैसी योजनाओं का भाजपा के पास कोई जवाब नहीं दिखा।

## धनखड़ ने...

मोदी ने कहा कि वह ऐसे समय में कार्यभार ग्रहण कर रहे हैं जब देश दो ऐतिहासिक अवसरों जी20 की अध्यक्षता तथा भारत की आजादी के अमृतकाल का गवाह बन रहा है। उन्होंने कहा कि यह दौर राष्ट्र के विकास और उपलब्धियों वाला होगा। धनखड़ ने कहा कि संवैधानिक संस्थानों में सुचारू कामकाज के माहौल को आगे बढ़ाने तथा लक्ष्मण रेखा का सम्मान करने पर जोर देना होगा। उन्होंने कहा लोकतंत्र तब पुष्पित और पल्लवित होता है जब उसके तीनों अंग विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका अपनी अपनी सीमाओं का पालन करते हैं।

## रेपो दर...

कि भारत की आर्थिक वृद्धि मजबूत बनी हुई है और मुद्रास्फीति आने वाले समय में नरम होगी। लेकिन महंगाई को लेकर कार्वाई अभी खत्म नहीं हुई है। उन्होंने कहा, मुद्रास्फीति की दर नरम हुई है। महंगाई का खराब दौर पीछे छूट चुका है, लेकिन अभी इस मोर्चे पर ढिलाई बरतने की कोई गुंजाइश नहीं है। दास की अध्यक्षता में छह सदर्स्इय मौद्रिक नीति समिति ने बहुमत के आधार पर नीतिगत दर में वृद्धि का यह निर्णय किया।

## कांग्रेस के...

पर केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी से दूरी बनाए रखी थी। विपक्ष कई मुद्दे पर सरकार को घेरने कोशिश में है जिसमें महंगाई, बेरोजगारी तथा चीन के 'अतिक्रमण' को लेकर सीमा सुरक्षा से संबंधित हालात और सरकार द्वारा एजेंसियों के कथित दुरुपयोग का मसला शामिल है।

## रामोस की...

के लिए मैदान पर ही रुक गए। रोनाल्डो हालांकि बाहर चले गए। वह संभवत: अपने करियर को लेकर चिंतित होंगे क्योंकि विश्व कप के बीच में ही मैनचेस्टर यूनाईटेड और उनका नाता टूट गया है और वह अभी किसी क्लब के साथ नहीं जुड़े हैं। रोनाल्डो को बाहर करने से एक दिन पहले कोच सांतोस ने दक्षिण कोरिया के खिलाफ टीम के अंतिम ग्रुप मैच में इस स्ट्राइकर को स्थानांतरित करने के बाद उनके रवैए को लेकर नाखुशी जताई थी। रोनाल्डो ने 2003 में जब पर्तुगाल के लिए पदार्पण किया था तो रामोस सिर्फ दो साल के थे। उन्होंने इस साल के विश्व कप में पहली हैट्रिक बनाई।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला शिविर का हुआ आयोजन



**मोहम्मदी खीरी।** पशुपालन विभाग लखीमपुर खीरी के तत्वाधान में उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी मोहम्मदी के द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला शिविर का आयोजन बसबिरवा में किया गया।जिसका उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख महेंद्र बाजपेई के द्वारा गो पूजन एवं फीता काटकर किया गया।मेले में गोष्ठी का आयोजन भी किया गया।जिसकी अध्यक्षता डॉ बीके त्रिवेदी सेवानिवृत्त मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी के द्वारा की गई।मेले में बीमार पशुओं का निशुल्क उपचार एवं दवा वितरण किया गया।पशुपालक गोष्ठी में डॉ अरुण कुमार कनौजियाएडॉ राहुल कुमार पसगवा द्वारा तकनीकी जानकारी प्रदान की गई। रजनीश वर्मा वेटरनरी फार्मासिस्ट एल ई ओ रविंद्र बहादुर रूही बानो प्रमोद वर्मा ने दवा वितरण किया।

# शराब पीने को लेकर विवाद में दोस्त की हसिया मारकर कर दी हत्या

## ● बोरे में लाश भरकर बाइक से सड़क के किनारे फेंक गए

**संवाददाता।** हमीरपुर

**जिले में** शहर के सबसे व्यस्त इलाके में आज सुबह हत्या कर बोरी में युवक की लाश बाइक से घसीट कर सड़क के किनारे फेंकने से सनसनी फैल गयी पुलिस ने छह घंटे में मामले का खुलासा कर दो अभियुक्तों को जेल भेज दिया है। दोनो दोस्तो ने पुलिस की मिलकर हसिया चेहरे में वार कर मौत के घाट उतार दिया था।

पुलिस अधीक्षक शुभम पटेल ने आज देर शाम बताया कि शहर के बेतवा घाट में सुबह सड़क के किनारे बोरे में भरी लाश मिलने की सूचना से पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरे की मदद से जांच पडताल शुरु कर दी। जांच में पाया कि सुमेरपुर क्षेत्र के टेढ़ा गांव निवासी अखिलेश सिंह(40) व हमीरपुर शहर निवासी सुनील तिवारी व जमुना प्रसाद सविता तीनों साथी मिलकर कल रातभर सुनील के यहा


घटना स्थल पर मृत पड़ा युवक

बैठकर शराब पीते रहे,तभी अखिलेश का विवाद दोनो दोस्तों से हो गया तभी सुनील व जमुना प्रसाद ने अखिलेश के हाथ पैर हाथ बांधकर उसे निर्वस्त्र कर धारदार हथियार से हत्या कर दी और बोरे में लाश भरकर बाइक में बांधकर शहर के किनारे बेतवा नदी घाट पर जाकर लाश को ठिकाने लगाने जा रहा था,सीसीटीवी कैमरे में साफनजर आ रहा है कि बोरी में भरी लाश बाइक से गिर गयी तभी बोरे में भरी लाश को सुनील कुमार घसीटते हुये नदी के किनारे लिये जा रहा था मगर जब वह लाश ले जाने में असफल हो गया तभी उसने सड़क के किनारे लाश से भरा बोरा छोड़कर बाइक लेकर भाग गया। तड़के सफाई कर्मियों


घटना स्थल में जांच पड़ताल करता डाग स्क्वायड

ने जब बोरे को खून से लथपथ देखा तो इसकी जानकारी कोतवाली पुलिस को दी,पुलिस ने डाग स्कावायड व फॉरेंसिक टीम के साथ पहुच कर छानबीन शुरु कर दी, मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार ने पहुच कर मोहाल के लोगो से जांच पड़ताल शुरु की। सीसीटीवी में बाइक चालक की सुनील की पहचान कर उसे घर से गिरफ्तार कर लिया तभी सुनील ने बताया कि उसके दोस्त जमुना प्रसाद ने मिलकर धारदार हथियार से हसिया से हत्या कर घटना को अंजाम दिया है पुलिस ने दोनो अभियुक्तों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर दोनो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# पुरानी रंजिश के चलते पिता ने पुत्रों की मदद से किसान को पीट पीट कर मार डाला, रिपोर्ट दर्ज

**संवाददाता।** राठ(हमीरपुर)

**मझगवां थाने** के मलहेटा गांव में आज पुरानी रंजिश के चलते पिता ने अपने दो पुत्रों के साथ मिलकर एक किसान की मारपीट कर हत्या कर दी। पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर हत्या का मामला दर्ज किया है। पुलिस द्वारा अभियुक्तों की गिरफ्तारी न करने पर स्वजनों में रोष व्याप्त है।

पुलिस ने बताया कि मलहेटा गांव निवासी गोविंददास अहिरवार ने बताया कि आठ माह पहले उक्त लोगों ने उनकी बकरी को ट्रैक्टर से कुचल दिया था। विवाद के बाद दूसरी बकरी दी थी।। जिसे कुछ दिनों बाद ही गायब कर दिया था। आज मंगलवार को उसका छोटा भाई 55 वर्षीय फूलचंद्र गांव के सुनील कुमार सिंह के साथ बाइक से खेत की ओर जा रहा था। तभी गांव के जूनियर स्कूल के पास रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे बृजनरेश और उसके पुत्र अनुपम सिंह, अंकित ने उन्हें रोक लिया और अवैध तमंचा व कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर जमकर मारपीट की। बताया कि वह लोग गंभीर अवस्था में उसके भाई को छोड़कर भाग गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को सीएससी नौरंगा में भर्ती कराया था। जहा डाक्टरों ने उसे इलाज के लिये कानपुर रिफर कर दिया मगर कानपुर पहुचने के पहले रास्ते में घायल ने दम तोड़ दिया। मामला दर्ज होने के बाद भी मझगवां पुलिस ने अभियुक्तों की गिरफ्तारी नहीं की है। इस संबंध में मझगवां थानाध्यक्ष पंकज तिवारी ने बताया कि भाई की तहरीर पर हत्या का मामला दर्ज किया गया है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। जल्द ही अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# खेल मैदान के भुगतान के लिए 20 हजार घूस ले रहे सचिव को एंटी करप्शन टीम ने पकड़ा

**चित्रकूट।** जिले के मानिकपुर विकास खण्ड के ग्राम पंचायत सकरौंहा में हुए खेल मैदान के कार्य के भुगतान के लिए ग्राम पंचायत सचिव विपिन कुमार कश्यप कोघूस लेते हुए एंटी करेप्शन टीम ने रंगे हांथ गिरफ्तार किया है।एंटी करेप्शन टीम की इस कार्रवाई से जिले के भ्रष्ट अधिकारियों-कर्मचारियों में हडकंप मच गया है। बुद्धवार को एंटीकरप्शन ब्यूरो झांसी के इंस्पेक्टर सुरेन्द्र सिंह ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि ग्राम पंचायत सकरौंहा के प्रधान राजकुमार कुशवाहा उर्फराजू ने हेड कार्यालय लखनऊ में शिकायत की थी कि ग्राम पंचायत द्वारा मनरेगा /राज्य वित्त व पंद्रहवाँ वित्त से बनाये गए खेल मैदान निर्माण के भुगतान करने के लिए ग्राम के सचिव विपिन कश्यप द्वारा 10 प्रतिशत घूस मांगा जा रहा था। कार्य के दो लाख के भुगतान के लिए 10 प्रतिशत कमीशन के रूप में 20 हजार रूपये घूस की मांग की



थी। प्रधान राजकुमार की शिकायत को संज्ञान में लेते हुए बुद्धवार को ग्राम पंचायत के सचिवालय में प्रधान से 20हजार रूपये घूस लेते हुए सचिव विपिन कश्यप को एंटी करेप्शन टीम के इंस्पेक्टर अमरीश यादव,इंस्पेक्टर राजेश चंद्र शर्मा, हे.का.इरशाद, हे.राहुल व दो जिलाधिकारी कार्यालय से साक्षी के तौर पर दो कर्मचारियों सहित 11 सदस्यीय टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।बताया कि पकडे गये घूसखोर सचिव के खिलाफ कोतवाली मानिकपुर कोतवाली में सुसंगत धाराओ में मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई के लिए लखनऊ ले जाया जा रहा है।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/एडीजे ने जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण

**संवाददाता।** कानपुर देहात

**राष्ट्रीय विधिक** सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा जारी दिशा.निर्देशों के परिप्रेक्ष्य में एवं लालचन्द्र गुप्ता, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानपुर देहात के निर्देशानुसार आज दिनांक. 07.12.2022 को जिला कारागार, कानपुर देहात का औचक निरीक्षण अपर जिला जज. निजेन्द्र कुमार, सचिव. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानपुर देहात के द्वारा किया गया। निरीक्षण दौरान कुल बन्दियों की संख्या. 1758 है। जिसमें से 1619.पुरूष बन्दी, 87.महिला बन्दी एवं शेष 52.बच्चा बैरक में निरूद्ध हैं। सचिव द्वारा किशोर बैरक, पाकशाला एवं लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण किया गया। सचिव द्वारा माननीय उच्चतम न्यायालय की विधि व्यवस्था शीला बरसे आदि बनाम भारत संघ 1986ैब्स्स्;2द्ध230 में पारित निर्देशों का पालन करते हुये शीघ्र निस्तारण करते हुये अभियोजन द्वारा त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिये गये हैं। निरीक्षण दौरान किशोर अपचारियों से वार्ता कर उनकी समस्यायें सुनी, उनकी समस्यायों के निवारण हेतु निर्देशित किया गया एवं जरूरत मंद बन्दियों को निःशुल्क सरकारी अधिवक्ता नियुक्त कराने का आदेश जारी किया गया। जिला कारागार, कानपुर देहात में स्थापित लीगल एड क्लीनिक का भी निरीक्षण किया गया जिसमें जेल विजिटर्स के रजिस्टर के अवलोकन से पाया गया कि पैनल लॉयर्स के द्वारा जेल विजिट आदेशानुसार नहीं किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान किशोर बैरक में काफी गन्दगी पायी गयी। जिसके लिये उचित दिशा.निर्देश दिये गये। कुछ बन्दियों के टिकट पर उनकी पेशी की तारीख नहीं अंकित थी जिसके लिये उचित निर्देश दिये एवं सचिव द्वारा यह भी निर्देश दिया गया कि जो किशोर बन्दी शिक्षा गृहण करना चाहते हैं वे अपना प्रार्थना.पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व इगनू विद्यालय में समुचित कार्यवाही हेतु जेल अधीक्षक के माध्यम से दे सकते हैं। निरीक्षण दौरान अपर जिला जज. निजेन्द्र कुमार, सचिव. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानपुर देहात,पैनल लॉयर डॉ. प्रभा यादव, आशीष मिश्रा, कार्यालय लिपिक सुबोध कटियार व शिवाजी डिप्टी जेलर एवं अन्य उपस्थित रहे।

# दो दिवसीय जिला स्तरीय फुटबाल व कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ समापन

**कानपुर देहात।** उप्र खेल निदेशालय के आदेशानुसार पं. दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य मे दो दिवसीय जिला स्तरीय फुटबाल व कबड्डी प्रतियोगिता का समापन स्पोर्ट्स स्टेडियम माती कानपुर देहात में दिनांक 07.12.2022 को किया गयाए फुटबाल प्रतियोगिता में जिले की 10 टीमो ने प्रतिभाग किया व कबड्डी में जिले की 12 टीमों ने प्रतिभाग कियाए प्रतियोगिता का समापन क्रीडा अधिकारी प्रदीप चौहान द्वारा खिलाड़ियों को पुरुस्कृत कर किया गया । मैच के संयोजक कुव ज्योति गुप्ता अन्तराष्ट्रीय एवं फुटबाल कोच थी। फुटबाल प्रतियोगिता का सेमी फाइनल मैच पीसीएसबी इण्टर कालेज बनाम स्टेडियम ;एद्ध के मध्य खेला गया जिसमें स्टेडियम ने 2.0 से बढ़त बनाकर टीम को फाइनल में प्रवेश करायाए फाइल मैच स्टेडियम ;एद्ध बनाम आरपीएसइका, रूरा के मध्य खेल गया जिसमें मैच के अन्तिम 2 मिनट पूर्व वेदज्ञ पाण्डेय की कार्नर किक को अमन कुमार के हेडर द्वारा गोल कर मैच अपने नाम कर लिया गया। मैच का परिणाम 1.0 से स्टेडियम ;एद्ध की टीम ने अपने नाम कर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया । कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मैच मे जसवन्त सिंह स्मारक इण्टर कालेज बनाम माउन्टेन व्यू सिटी पब्लिक स्कूल के मध्य खेला गया इस रोमांचक मैच में काटे की टक्कर के साथ जसवन्त सिंह स्मारक इण्टर कालेज ने माउन्टेन व्यू सिटी पब्लिक स्कूल को 41.35 अंक से जीत विजेता होने का गौरव प्राप्त किया।

# जिला अस्पताल में डाक्टर की लापरवाही से प्रसूता की मौत, परिजनों ने काटा हंगामा

## ● पति ने डाक्टर पर लगाया पैसा ने देने पर लापरवाही बरतने का आरोप

**चित्रकूट।** मुख्यालय स्थित जिला अस्पताल में प्रसव के दौरान एक प्रसूता महिला की मौत हो गई। परिजनों ने डाक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगा जमकर हंगामा काटा।वहीं सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मिली जानकारी के मुताबिक चित्रकूट जिले के बहिलपुरवा थाना क्षेत्र के टेढ़ी पुरवा गांव के रहने वाले शिवपूजन ने आरोप लगाते हुए बताया है कि उसकी पत्नी अभिलाषा देवी की दूसरी डिलीवरी होनी थी। जिसका प्रसव कराने के लिए उसे मंगलवार की शाम जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां डॉक्टरों और नर्सों द्वारा प्रसूता की सामान्य तरीके से डिलीवरी होने की बात बताई थी और कुछ जाचे लिखी थी। जिसकी रिपोर्ट बुद्धवार की दोपहर एक बजे आनी थी। लेकिन इसके पहले ही उसकी पत्नी की बिना जांच रिपोर्ट देखें ही डॉक्टरों ने प्रसव कराना शुरू कर दिया। जिससे डॉक्टरों की लापरवाही से उसकी पत्नी की प्रसव के दौरान मौत हो गई है। इसके अलावा मृतक के पति शिवपूजन ने डॉक्टर रफीक अंसारी द्वारा उससे प्रसव कराने के एवज में 8हजार रूपये की मांग की थी।शिवपूजन ने आरोप लगाया


विलाप करते परिजन, इनसेट में मृतिका की फाइल फोटो

कि उसने अपनी पत्नी का इलाज पहले प्राइवेट हॉस्पिटल की डॉक्टर रेनू श्रीवास्तव से कराया था। इसी खुन्नस से डॉक्टर रफीक अंसारी द्वारा उसकी पत्नी का सही से प्रसव नहीं कराया गया। जिससे लापरवाही के चलते उसकी पत्नी की मौत हो गई है।शिवपूजन ने लापरवाही बरतने वाले डॉक्टर रफीक अंसारी के खिलाफकार्रवाई की मांग की है। वहीं घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पांडेय एवं कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार मिश्रा ने परिजनों को शांत करा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।क्षेत्राधिकारी ने इस मामले की जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। वहीं इस मामले में जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. सुधीर शर्मा का कहना है कि परिजनों द्वारा जो भी आरोप लगाए जा रहे बिल्कुल गलत है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर ही मृत्यु के कारण का पता चल पाएगा।

# स्वयं सहायता समूह चलाकर महिलाएं बन सकती हैं आत्मनिर्भरः योगेंद्र पाठक

## ● हर क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं महिलाएंः गगनदीप



**नवाबगंज/फर्रुखाबाद।** बुधवार को नवाबगंज विकास खंड कार्यालय सभागार में एक आवश्यक बैठक जिला विकास अधिकारी तथा विकास खंड अधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई, बैठक में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया। नवाबगंज विकास खंड कार्यालय सभागार परिसर में जिला विकास अधिकारी योगेंद्र सिंह पाठक तथा विकास खंड अधिकारी गगनदीप सिंह की अध्यक्षता में समूह की महिलाओं को उनके कर्तव्यों के बारे में बताया गया। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को डीडीओ ने कई विभिन्न योजनाओं के बारे में अहम जानकारियां दी और समूह से होने वाले फायदों को भी बताया। उन्होंने आगे बताया कि वह समूह के पैसे से अपना रोजगार आगे बढ़ाएं जिससे रोजगार सुचारू रूप से सभी का चल सके और किसी महिला को किसी दूसरे पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। सभी समूह की महिलाओं को सरकार द्वारा आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया जा रहा है।

इस मौके पर जिला विकास अधिकारी योगेंद्र सिंह पाठक, विकास खंड अधिकारी गगनदीप सिंह, एडीओ आईएसबी,प्रवेश राजपूत, बीएमएम महेंद्र नामदेव, अवनीश कुमार,तथा समूह के सभी महिलाएं बीएमएम अनुराग शुक्ला सहित सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

# चांद बीड़ी कारखाने पर आयकर विभाग ने मारा छापा, कई घंटे तक चली कार्रवाई

**नवाबगंज/फर्रुखाबाद।** बुधवार को आयकर विभाग के अधिकारियों द्वारा नवाबगंज स्थित बीड़ी कारखाने में छापेमारी कर कानूनी कार्यवाही की गई। आपको बताते चलें कस्बा नवाबगंज में स्थित चांद बीड़ी कारखाने मैं बुधवार को आयकर विभाग के आला अधिकारियों द्वारा पहुंचकर छापामारी की गई कारखाने में लगभग 2 घंटे तक लगातार कारखाने के मालिकों एवं कर्मचारियों से पूछताछ की गई। इस पूछताछ के दौरान बीड़ी कारखाने के मालिकों एवं कर्मचारियों में उहापोह की स्थिति लगातार रही, सूत्रों के मुताबिक कारखाने के मालिकों द्वारा करीबन 4 साल से कारखाने की जीएसटी जमा नहीं की जा रही थी जिसको लेकर आयकर विभाग द्वारा लगातार कारखाने मालिकों को नोटिस भी दिए जा रहे थे। आयकर विभाग के आला अधिकारियों द्वारा बीड़ी कारखाना मालिकों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की गई है।

# टीकाकरण में तेजी लाने को डेटा ऑपरेटर किये गए प्रशिक्षित

**फर्रुखाबाद।** जिला प्रतिरक्षण कार्यालय में बुधवार को नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के बेहतर प्रबंधन एवं सुदृढ़ीकरण के लिए सभी ब्लॉक के डेटा ऑपरेटरों की प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गयी द्य स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में क्लिंटन हेल्थ एक्सेस इनिशिएटिव के सहयोग से कार्यशाला का आयोजन हुआ द्य कार्यशाला में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में सुधार लाने व कार्यक्रम के बेहतर प्रबंधन पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। इस दौरान नियमित टीकाकरण के डेटा को बेहतर तरीके से पोर्टल पर अपलोड करने को लेकर ऑपरेटरों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी (डीआईओ) डॉ प्रभात वर्मा ने बताया कि नियमित टीकाकरण में सुधार लाने में सभी का सहयोग बहुत जरूरी है द्य नियमित टीकाकरण बच्चों व माताओं को जानलेवा बीमारियों से बचाने का सबसे सशक्त माध्यम है। शत प्रतिशत टीकाकरण लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सभी डेटा का संकलन करके व बेहतर कार्य योजना बनाकर लक्ष्य प्राप्ति की जा सकती है। डीआईओ ने कहा कि क्लिंटन हेल्थ फाउंडेशन के सहयोग से निश्चित ही हमारे नियमित टीकाकरण सेवाओं के परिणाम और बेहतर आएंगे और हम 90 प्रतिशत टीकाकरण के लक्ष्य को प्राप्त कर पाएंगे। इस दौरान फाउंडेशन के ज़िला समन्वयक शबाब हुसैन रिज़वी ने टीकाकरण कार्यक्रम में आ रही कठिनाइयों पर विस्तार से चर्चा की और डेटा फीडिंग के लिये सही तरीका बताया। उन्होंने कहा कि टीकाकरण से बच्चों और माताओं को बीमारियों से बचाया जा सकता है। ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक और ब्लॉक प्रतिरक्षण अधिकारी आपसी सहयोग के जरिये डेटा का सही एनालिसिस कर टीकाकरण कार्यक्रम को और बेहतर बनाएं। इस मौके पर यूएनडीपी से मानव शर्मा आदि मौजूद रहे।

## विवाद में होटल ब्यापारी ने पिता-पुत्र पर डाला खौलता तेल

**श्रावस्ती।** मल्हीपुर . थाना मल्हीपुर अंतर्गत ग्राम बदला में होटल पर सामान खरीदने गए युवक से किसी बात को लेकर विवाद हो जाने पर होटल ब्यापारी पाटन दीन ने युवक पर खौलता तेल फेक दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया उसके साथ वहां खड़े उसके पुत्र पर भी गर्म तेल के छींटे पड़ने से वह भी घायल हो गया। थाना मल्हीपुर क्षेत्र के ग्राम महीपत पुरवा निवासी 40 वर्षिय विपिन कुमार वर्मा पुत्र सिधराम बुधवार की सुबह बदला स्थित एक होटल पर सामान लेने गया था इस दौरान किसी बात को लेकर उसका होटल ब्यवसायी पाटन दीन से विवाद हो गया जिसपर ब्यवसायी ने विपिन के ऊपर कढ़ाई का खौलता तेल डाल दिया। जिससे विपिन गंभीर रूप से झुलस गया उसके साथ में मौजूद उसके पुत्र शिवम वर्मा 18 वर्ष पर भी तेल की छीटे जा गिरी जिससे वह भी घायल हो गया। वहां मौजूद लोगों ने घायलों को एम्बुलेंस की सहायता से सीएचसी मल्हीपुर में भर्ती कराया। जहां विपिन की हालत गंभीर देखकर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा के लिए रेफ़र कर दिया। पीड़ित के चाचा ओम प्रकाश बर्मा की तहरीर पर थाना मल्हीपुर पुलिस ने आरोपी होटल ब्यापारी पाटन दीन के खिलाफ़के मामला दर्ज कर लिया है व घटना की जांच कर रही है। इस सम्बंध में मल्हीपुर थाना प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि पीड़ित के चाचा की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति व विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक

**श्रावस्ती।** भिनगा . जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट कक्ष में आयोजित की गई बैठक में जिलाधिकारी ने जिलें में यातायात नियमों का शत.प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु चिन्हित ब्लैक स्पॉटो पर कमेटी गठित कर ब्लैक स्पाट एवं दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जाये शहर के प्रमुख मार्गो पर सड़क सुरक्षा चिन्हों का बोर्डध्संकेतांकए स्पीड ब्रेकरए रिफ्लेक्टिंगए रंबलिंग स्ट्रिप बनाये जाएए मार्गो के मोड़ परए डिवाइडर व सड़क के किनारे पेड़ों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाया जाएए जिससे सड़क दुर्घटना में कमी लायी जा सके। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि स्कूल बसों व अन्य भारी वाहनों पर ओवरलोडिंग न होने पाये। गन्ना ढुलाई करने वाले वाहनों में रिफ्लेक्टर शत.प्रतिशत लगवाना सुनिश्चित किया जाए। माल वाहनों में क्षमता से अधिक व्यक्तियों को बैठाकर उनका संचालन न किया जाएए इसका ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि यह संज्ञान में आया है कि ई.रिक्शा से स्कूली बच्चों को स्कूल छोड़ने एवं स्कूल से उन्हें वापस लाया जा रहा है जिलाधिकारी ने ई.रिक्शा से स्कूल जाने व घर वापस आने वाले छात्र.छात्राओं के अभिभावकों से अपील किया है कि वे सुरक्षा के मद्देनजर अपने बच्चों को ई.रिक्शा से स्कूल न भेजें। टरा व इकौना में हो रही दुर्घटनाओं के रोकथाम हेतु निर्देशित किया गया कि दुर्घटनाओं के कारणों का पता लगाकर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लायी जाए।

# अंत तक लड़ेंगे, पुरानी पेंशन बहाल कराकर ही लेंगे दम

## ● स्व. राम आशीष की शहादत दिवस पर अटेवा पेंशन बचाओ मंच ने की श्रद्धांजलि सभा

**फतेहपुर।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच के तत्वाधान में जिला संयोजक निधान सिंह की अध्यक्षता में स्व. राम आशीष की शहादत दिवस पर पटेलनगर चौराहा में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। उनकी शहादत को याद करते हुए उपस्थित सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने पेंशन शहीद डॉ राम आशीष के चित्र पर पुष्पांजलि करते हुए उन्हें शत-शत नमन किया। श्रद्धांजलि सभा के पूर्व सभी शिक्षकों कर्मचारियों ने पटेल नगर चौराहे से पत्थर कटा चौराहा, विद्यार्थी चौराहा और कचेहरी होते हुए एक कैंडल मार्च निकाला। सभी ने पुरानी पेंशन बहाली के नारे लगाते हुए स्व. राम आशीष अमर रहे के नारे लगाए। जिला मंत्री मनीष गुप्ता ने कहा कि एनपीएस एक बाजार आधारित व्यवस्था है जो किसी भी शिक्षक एवं कर्मचारी के हित में नहीं है कोई एनपीएस नहीं लेना चाहता। सरकार जबरन हम पर थोप रही है। सह संयोजक बृजेश सिंह ने कहा कि एनपीएस केवल प्राइवेट कंपनियों को फायदा देने वाली स्कीम है। यह कोई पेंशन योजना नहीं है। डॉ असफिया मजहर सह संयोजिका ने कहा कि हमें एनपीएस कतई स्वीकार नहीं है। हम अंत तक लड़ेंगे और पुरानी पेंशन बहाल करा कर ही मानेंगे।



पटेलनगर चौराहे से कैंडिल मार्च निकालते मंच के पदाधिकारी

महामंत्री महेंद्र मौर्य ने बताया कि राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखंड एवं पंजाब राज्य ने पुरानी पेंशन योजना बहाल कर अपने शिक्षकों एवं कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा दी है। इसी प्रकार केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार को भी अपने कर्मचारियों और शिक्षकों को इसका लाभ देना चाहिए। जिला संयोजक निधान सिंह ने कहा कि अटेवा/एनएमओपीएस इस लड़ाई को पूरे देश में लड़ रहा है अब यह मुद्दा आंदोलन बन चुका है। अब शिक्षक कर्मचारी के साथ-साथ अन्य जनमानस भी जान चुका है कि किस प्रकार सरकारें देश के संसाधनों को प्राइवेट कंपनियों को लेकर शिक्षकों कर्मचारियों व आम जनता का नुकसान कर रही हैं ऐसा प्राइवेट/निजी कंपनियों को जाता है जो कर्मचारियों के साथ धोखा है। इसकी कोई गारंटी लेने वाला नहीं है। आह्वान किया कि साथियों डटे रहना अभी चार प्रदेश हुए हैं आगे पूरा देश होगा। इस मौके पर बाबूलाल पाल, रामबाबू शर्मा, देवेंद्र पांडेय, संतोष कुमार, रमाशंकर गुप्ता, अनिल कुमार, महेंद्र सिंह, अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

# क्विक न्यूज

## साढ़ में भद्रकाली मंदिर से घंटे चोरी

**घाटमपुर।** साढ़ थाना क्षेत्र के बिरहर में गांव स्थित माँ भद्रकाली के प्राचीन मंदिर से बीती रात चोर गेट का ताला तोड़कर आधा दर्जन पीतल के घंटे चुरा ले गये, मंदिर का माली सोमोश्वर सैनी बुधवार सबेरे सफाई के लिये गया तो गेट का ताला टूट पड़ा मिला और कई घंटे गायब दिखे तो उसने इसकी जानकारी मंदिर कमेटी के अध्यक्ष ओमप्रकाश अवस्थी को दी उधर घंटे चोरी होने की सूचना पाकर साढ़ पुलिस मौके पर पंहुची और लोगों से पूछताछ की लेकिन चोरों का कोई सुराग नही चल सका। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष ने बताया कि मंदिर गांव बाहर होने के कारण रात में कोई नही रुकता जिसका फायदा उठा कर चोर घंटे चुरा ले जाते है। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद जाँच कर कार्यवाही की जायेगी। बुधवार की रात ही घाटमपुर कस्बे में चोरों ने एक सीमेंट-सरिया की दुकान में पीछे से दीवाल काट कर गोलक में रखे 45 सौ रुपये नगद और करीब दो कुन्टल लोहे की रिंगें चुरा ले गये, बुधवार सुबह जब दुकान मालिक कुलदीप तिवारी दुकान गया और शटर खोला तो सामान बिखरा पड़ा मिला। दुकान दार ने घटना की तहरीर कोतवाली में दी है।

## किशोरी से दुष्कर्म मामले में आरोपी को दस साल की कैद

**चित्रकूट।** जिले में शौचक्रिया के लिए निकली किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाकर दुष्कर्म करने के मामले में दोषसिद्ध होने पर न्यायालय ने आरोपी को दस वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही, तीस हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है। विशेष लोक अभियोजक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि बरगढ़ थाने में एक महिला ने अनिल कुमार के खिलाफदुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। महिला के अनुसार उसकी 15 वर्षीय पुत्री 23 मार्च 2016 को शाम को शौच करने के लिए गांव से बाहर गई थी। कुछ देर तक उसके घर न लौटने पर परिजनों ने खोजबीन की पर कोई जानकारी नहीं हुई। इसी दौरान ग्रामीणों ने बताया गया कि अनिल कुमार आदिवासी उसकी पुत्री को बरगलाकर ले गया है। लगभग एक सप्ताह तक तलाश के बाद भी पुत्री के न मिलने पर उसने बरगढ़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद बालिका बरामद हुई और आरोपी को जेल भेजा गया था। साथ ही पुलिस ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश संजय के लाल ने दोषसिद्ध होने पर आरोपी अनिल कुमार को 10 वर्ष कारावास और 30 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

## बारह लाख के खोये व गुमशुदा मोबाइल बरामद

**फतेहपुर।** जनपद की सर्विलांस टीम ने लगभग बारह लाख रूपये के खोये व गुमशुदा मोबाइलों को बरामद कर लिया। एसपी राजेश कुमार सिंह ने पुलिस कार्यालय में अपने हाथों से स्वामियों को मोबाइल सौंपने का काम किया। मोबाइल अपने हाथों में पाकर स्वामियों के चेहरे खुशी से खिल उठे और सभी ने पुलिस के इस कार्य की जमकर प्रशंसा की। एसपी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि जनपद में खोये हुए मोबाइलों को सर्विलांस के माध्यम से ट्रेस कर बरामद किया गया है। इस अभियान के फलस्वरूप जनपद व अन्य जनपद से सर्विलांस टीम ने कुल 70 एंड्रायड मोबाइल सेटों को बरामद किया जिसकी कुल कीमत लगभग 11 लाख 90 हजार रूपये है। उन्होने बताया कि आज वास्तविक स्वामियों को बरामद मोबाइल सौंपे गये। इस कार्य की आम जनमानस ने भूरि-भूरि प्रशंसा की। एसपी ने समस्त सर्विलांस टीम को उचित धनराशि से पुरस्कृत किया। मोबाइल बरामद करने वाली टीम में सर्विलांस प्रभारी उपनिरीक्षक राजेश कुमार यादव, आरक्षी सनत कुमार पटेल, शिवसुंदर यादव, अंकुश बाबू शामिल रहे।

## नहर में गिरे सेवानिवृत्त फौजी का शव 50 घंटे बाद हुआ बरामद

**कुसमिलिया (जालौन)।** डकोर थाना क्षेत्र के कस्बा डकोर के पास निकली नहर में एक बाइक सवार का वाहन पर नियंत्रण खोने से पुल के नीचे जलप्रवाहित नहर में चला गया था। दो दिन लगातार पुलिस प्रशासन व गोताखोरों की टीम ने बुधवार को लगभग 50 घंटे के बाद नहर में डूबे शव की बरामदगी कर ली । मंगलवार को कालपी से पहुंचे गोताखोरों के एक बचाव दल द्वारा डूबे विद्युतकर्मी को ढूढने में नाकाम रही फिर सायंकाल 5 बजे के लगभग लाश जैसी कोई चीज कुसमिलिया गाँव की नहर के पुल के पास लोगों ने देखी थी। लेकिन नहर का बहाव तेज होने से फिर गायब हो गयी। बुधवार को लगभग 50 घंटे बाद गोताखोरों व प्रशासन ने ऐरी रमपुरा के पास नहर में शव की बरामदगी कर ली ।मौके पर डकोर थानाध्यक्ष समीर कुमार व क्षेत्रीय प्रशासन मौजूद रहा। फौजी के शव को देखकर परिजनों को रो रो कर बुरा हाल है।

## ब्लॉक समाधान दिवस में बीडीओ ने सुनी शिकायतें

**कोंच(जालौन)।** बुधवार को तहसील क्षेत्र के कोंच व नदीगांव खंड विकास कार्यालय सभागार में अलग अलग आयोजित किये गये ब्लॉक समाधान दिवस में खंड विकास अधिकारी विपिन कुमार व गौरव कुमार नदीगांव ने आये हुए फरियादियों की शिकायतें सुनी। खंड विकास अधिकारियों ने दर्ज कराई गयीं शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित कर्मियों को दिशा निर्देश दिए।इस दौरान दोनों खंड विकास कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। उधर नदीगांव में ब्लॉक समाधान दिवस के उपरांत खंड विकास अधिकारी ने ग्राम विकास अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने दिशा निर्देश देते हुए कहा कि सर्दियों के मौसम में गौशालाओं के अंदर जमीन पर पानी कीचड़ जमा न होने दें और गौवंशों को सर्दी से बचाने के चारों ओर प्लास्टिक की तिरपाल आदि लगाकर हरसंभव उपाय करें।भूसा चारा पानी की व्यवस्था दुरुस्त रखें और इन दिनों चल रहे लंपी वायरस से गौवंशों को बचाएं। उन्होंने साफतौर पर कहा कि गौशालाओं की व्यवस्थाओं में कमी पाई गई तो संबंधित ग्राम विकास अधिकारी उत्तरदायी होगा।उन्होंने ग्राम प्रधानों से भी अपेक्षा जताई है कि ग्रामीण गौवंशों को अन्ना न छोड़ें, इसके लिए सजग रहें। वहीं मनरेगा के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में जारी विकास कार्यों की भी खंड विकास अधिकारी ने समीक्षा करते हुए सभी कार्य शीघ्र ही पूर्ण किये जाने और सरकार द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों को पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए। बैठक में ग्राम विकास अधिकारी पवन सिंह, रवि वर्मा, दीपक कुमार, शैलेश सोनकर, संदीप रावत,गंधर्व सिंह,विवेक, प्रमोद कुमार आदि उपस्थित रहे।

## एसपी के निर्देशन में गुडवर्क जारी, दो शातिर अपराधी पकड़े



**गोंडा।** थाना कोतवाली मनकापुर पुलिस ने दस लाख रुपए की रंगदारी मांगने वाले अन्तर्जनपदीय शातिर अभियुक्त नन्द किशोर बरूवार पुत्र रामदीन एवं रामदीन पुत्र धोखई निवासी निवासी अग्निपुरवा भिटौरा थाना कोतवाली मनकापुर गोंडा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने नन्द किशोर बरूवार के कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा व 02 अदद जिन्दा कारतूस भी बरामद किया है। यह जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने बताया कि जिले में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध अनवरत चलाये जा रहे अभियान के तहत गोंडा पुलिस द्वारा गिरफ्तारी की गई है। यह अभियान आगे भी चलता रहेगा। एसपी श्री तोमर ने बताया कि उक्त शातिर अभियुक्तों ने बीते दिनांक 06.12.2022 को राहुल वर्मा पुत्र अम्बिका प्रसाद निवासी भिटौरा थाना मनकापुर गोंडा से उसकी जबरन कब्जा की गयी जमीन वापस करने के नाम पर दस लाख रूपयों की रंगदारी मांगी गयी थी। जिसके बावत मनकापुर कोतवाली में मामला दर्ज हुआ था। उन्होंने यह भी बताया कि अभियुक्त नन्द किशोर बरूवार जिले का टॉप-5 अपराधी है। साथ ही उसके ऊपर अन्य जनपदों में भी दर्जनों मुकदमें पंजीकृत है। वर्तमान समय में अन्तर्जनपदीय शातिर अभ्यस्त अपराधी नन्द किशोर बरूवार चिनहट लखनऊ में पंजीकृत मु0अ0सं0-896/22, धारा 419, 420, 467, 468, 471 में भी वांछित चल रहा था।

## उच्च प्राथमिक विद्यालय का डीएम ने किया निरीक्षण



**गोंडा।** बुधवार को जिलाधिकारी डॉ0 उज्वल कुमार ने तहसील सदर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय मोकलपुर एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय परेड सरकार का औचक निरीक्षण किया। विद्यालय में पहुंचकर डीएम ने अध्यापकों की उपस्थिति रजिस्टर, छात्र उपस्थिति रजिस्टर तथा क्लास रूम में जाकर छात्र/छात्राओं से किताब पढ़वाकर विद्यालय में हो रही पढ़ाई के बावत जानकारी लिया। इस मौके पर डीएम ने बच्चों को भी पढ़ाया। डीएम ने निर्देश दिए कि विद्यालय में आने वाले सभी बच्चों को अच्छी व गुणवत्तापरक शिक्षा के साथ-साथ समसामयिक जानकारियां भी दी जाए। साथ ही बच्चों के उपस्थिति पर विशेष ध्यान दिया जाय। उन्होंने कहा कि बच्चों के पढ़ाई एवं खान-पान सहित अन्य सभी व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए।

# इंडोनेशिया में पुलिस थाने के बाहर विस्फोट में एक अधिकारी की मौत, 11 घायल

एपी। बांडुंग

**इंडोनेशिया के** मुख्य द्वीप जावा में विस्फोटक बनाने के मामले में सजायाफ्ता मुस्लिम आतंकवादी ने बुधवार को एक पुलिस थाने के बाहर विस्फोट कर स्वयं को उड़ा लिया जिससे एक अधिकारी की मौत हो गई जबकि 11 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। बांडुंग के पुलिस प्रमुख अश्विन सिपयुंग ने कहा कि एक व्यक्ति ने मोटरसाइकिल से अस्ताना अन्यार पुलिस थाने में प्रवेश किया और उसने वहां विस्फोट कर खुद को उड़ा लिया, जहां पुलिस अधिकारी सुबह की सभा के लिए कतार में खड़े थे। सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो में थाने की क्षतिग्रस्त लॉबी के पास शरीर के बिखरे अंगों को दिखाया गया है। वीडियो में यह लॉबी सफेद धुएं से घिरा हुआ दिख रहा है और लोग इमारत से बाहर भाग रहे हैं।

खाद्य पदार्थ बेचने वाले हेरदी हरदियांस्याह ने बताया कि वह पुलिस थाने के पीछे वाले इलाके में खाना पका रहा था कि उसे एक जबदस्त धमाके की आवाज सुनाई दी जिससे वह चौंक गया। उन्होंने बताया कि उसने देखा कि एक पुलिस अधिकारी रक्त से सना हुआ था, और उसे दो अन्य लोग मोटरसाइकिल से अस्पताल ले गए। उन्होंने बताया कि वह पुलिस अधिकारी उसका ग्राहक था और बाद में उसे पता चला कि उसकी मौत हो गई है।राष्ट्रीय पुलिस प्रमुख जनरल लिस्त्यो सिगित प्राबोवो ने संवाददाताओं को बताया कि हमलावरों के बारे में यह माना गया कि वह उग्रवादी संगठन जेमाह अंशोरुत दौला या जेएडी का सदस्य था। उन्होंने बताया कि इस संगठन ने इस्लामिक स्टेट समूह के प्रति निष्ठा का संकल्प लिया था। संगठन इंडोनेशिया में अन्य घातक आत्मघाती बम विस्फोटों के लिए भी जिम्मेदार है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने उसकी पहचान अगुस सुजातनो के तौर पर की गई है और वह अबु मुस्लिम के नाम से कुख्यात था। आतंकवादी वित्त पोषण और विस्फोटक बनाने के आरोप में चार साल की सजा पूरी करने के बाद उसे पिछले साल जेल से रिहा किया गया था। पश्चिम जावा प्रांत की राजधानी बांडुंग में एक नगरपालिका भवन पर 2017 में किए गए हमले में उसी के बनाए गए विस्फोटकों को इस्तेमाल किया गया था।

### स्पेन में दो रेलगाड़ियों के बीच टक्कर, 155 लोग घायल

**बार्सिलोना।** स्पेन में बुधवार की सुबह बार्सिलोना के निकट दो रेलगाड़ियों के बीच टक्कर में 155 लोग घायल हो गए। हालांकि हादसे में कोई व्यक्ति गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ है। स्पेनिश अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कातालुनिया की आपातकालीन सेवा की ओर से बताया गया कि तीन लोगों को स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया है, लेकिन कोई यात्री गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ है। अधिकारियों ने कहा कि बार्सिलोना के उत्तर में स्थित मोंटकाडा आई रीक्साक में एक पटरी पर दोनों रेलगाड़ियों के बीच टक्कर हुई। मैड्रिड में कातालुनिया सरकार के प्रतिनिधि एस्टर कापेला ने स्पेनिश नेशनल रेडियो को बताया कि अधिकारी घटना की जांच कर रहे हैं।

# भारत अपने छात्रों की शिक्षा पर यूक्रेन संकट के प्रभाव को कम करने के विकल्प तलाश रहा हैः कंबोज

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**संघर्षग्रस्त यूक्रेन** से अपने 22,500 नागरिकों की सुरक्षित वापसी में मदद करने वाला भारत अपने छात्रों की शिक्षा पर इस संकट का प्रभाव कम से कम करने के विकल्प तलाश रहा है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने यूक्रेन: नागरिकों की सुरक्षा व बच्चों की स्थिति विषय पर मंगलवार को हुई बैठक में कहा कि यूक्रेन संकट का गंभीर असर दुनिया भर के 75 लाख बच्चों पर पड़ा है।

कंबोज दिसंबर महीने में सुरक्षा परिषद की अध्यक्ष हैं। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को यह नहीं भूलना चाहिए कि यूक्रेन की स्थिति से विदेशी छात्र भी प्रभावित हुए हैं जिनमें भारत के छात्र भी शामिल हैं। उन्होंने कहा, भारत अपने 22,500 नागरिकों को सुरक्षित देश वापस लाया, जिनमें से अधिकतर छात्र थे जो यूक्रेन के विभिन्न विश्वविद्यालयों में पढ़ रहे थे। हम हमारे छात्रों की शिक्षा पर इस संकट के प्रभाव को कम से कम करने के तरीके तलाश रहे हैं। कंबोज ने यूक्रेन की स्थिति पर भारत की निरंतर चिंता को दोहराया और कहा कि संघर्ष के कारण लोगों की जान गई है और उसके लोगों ने अनगिनत दुखों का सामना किया...खासकर महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों ने... लाखों लोग बेघर हो गए या पड़ोसी देशों में शरण लेने के लिए मजबूर हो गए हैं। उन्होंने कहा, हालिया सप्ताह में सामने आईं आम नागरिकों तथा आवासीय ढांचों पर हमले की खबरें बेहद चिंताजनक है। हम इस संबंध में अपनी चिंताओं को दोहराते हैं। कंबोज ने इस बात पर जोर दिया कि बच्चे हमारा भविष्य हैं।

## क्विक न्यूज

### चीन ने कड़े कोविड रोधी प्रतिबंधों में ढील की घोषणा की

**बीजिंग।** चीन ने कोविड-19 की रोकथाम के लिए लागू प्रतिबंधों में कई ढील देने की घोषणा की है। इसमें लॉकडाउन के नियमों को पूरे जिले या इलाके के बजाय किसी इमारत या उसकी विशेष मंजिल पर लागू किए जाने का नियम शामिल है। नए नियमों के तहत कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने वाले लोगों अस्पतालों में भर्ती होने के बजाय घर पर ही पृथकवास में रह सकेंगे। इसके अलावा, जिन स्कूलों में संक्रमण का कोई मामला नहीं मिला है, वहां ऑफलाइन कक्षाएं शुरू की जा सकेंगी। ए रियायतें सख्त जीरो कोविड नीति को लेकर चीन के विभिन्न शहरों में हुए प्रदर्शनों के मद्देनजर दी गई है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि देश में तीन साल से लागू इन प्रतिबंधों के चलते आम जनजीवन, यात्रा और रोजगार प्रभावित हुआ है, साथ ही अर्थव्यवस्था पर भी बुरा असर पड़ा है।

### अमेरिका ने ताइवान को दो नए महत्वपूर्ण हथियारों की बिक्री की मंजूरी दी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने ताइवान को दो नए महत्वपूर्ण हथियारों की बिक्री की मंगलवार को मंजूरी दे दी। इस कदम से चीन के नाराज होने की पूरी संभावना है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के अनुसार, ताइवान के एफ-16 लड़ाकू विमानों के बेड़े, जी-130 परिवहन विमानों और अमेरिका द्वारा आपूर्ति किए जाने वाली अन्य रक्षात्मक प्रणालियों का समर्थन करने के लिए 42.5 करोड़ डॉलर से अधिक के अतिरिक्त विमान पुर्जों की बिक्री को मंजूरी दे दी गई है। इंडोनेशिया में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच हुई आमने-सामने की मुलाकात के महज दो सप्ताह बाद ही यह घोषणा की गई है। गौरतलब है कि चीन का दावा है कि ताइवान उसका हिस्सा है और वह विदेशी अधिकारियों की ताइवान यात्रा का विरोध करता है। अमेरिका की प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी के अगस्त में ताइवान की यात्रा करने के बाद दोनों देशों के बीच संबंध और खराब हो गए थे। चीन ने इसे उकसाने वाला कदम करार दिया था और जवाब में स्व-शासित द्वीप ताइवान के आसपास कई सैन्य अभ्यास किए थे।

### अमेरिका ने नाटो सहयोगी पोलैंड को अब्राम टैंक की बिक्री की मंजूरी दी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के अपने सहयोगी पोलैंड को करीब चार अरब डॉलर के उन्नत टैंक, अन्य लड़ाकू वाहनों और हथियारों की बिक्री को मंगलवार को मंजूरी दे दी। विदेश मंत्रालय के अनुसार, उसने पोलैंड को 116 एम।ए। अब्राम युद्धक टैंक और अन्य उपकरण खरीदने की अनुमति दी गई है, जिसमें लगभग 3.75 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के विभिन्न गोला-बारूद शामिल है। मंत्रालय ने कहा कि उसने सहयोगी देश दक्षिण कोरिया को 1.5 अरब अमेरीकी डॉलर के चिनूक हेलीकॉप्टर की बिक्री को भी मंजूरी दे दी है। मंत्रालय के अनुसार, दोनों मंजूरी अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा हितों के तहत दी गई है। इससे रूस तथा उत्तर कोरिया से खतरों का सामना कर रहे किसी भी क्षेत्र में बुनियादी सैन्य संतुलन नही बदलेगा। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि पोलैंड द्वारा अब्राम टैंक की खरीद नाटो सहयोगी की सुरक्षा में सुधार करके अमेरिका की विदेश नीति के लक्ष्यों और राष्ट्रीय सुरक्षा उद्देश्यों का समर्थन करेगी, जो यूरोप में राजनीतिक स्थिरता व आर्थिक प्रगति के लिए सहायक है।

### तालिबान ने लड़कियों के लिए हाई स्कूल परीक्षा को मंजूरी दी

**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान में तालिबान के नेतृत्व वाली सरकार में एक अधिकारी और दस्तावेजों से मंगलवार को यह संकेत मिला कि अफगान लड़कियां इस सप्ताह हाई स्कूल परीक्षा में शामिल होंगी। हालांकि, अफगानिस्तान में सत्ता संभालने के बाद तालिबान ने लड़कियों के कक्षाओं में जाने पर प्रतिबंध लगा दिया था।एसोसिएटेड प्रेस (एपी) को तालिबान शिक्षा मंत्रालय से मिले दो दस्तावेजों के अनुसार, यह फैसला अफगानिस्तान के 34 प्रांतों में से 31 पर लागू होगा जहां दिसंबर के अंत में स्कूल में सर्दियों की छुट्टियां शुरू होंगी। काबुल शिक्षा विभाग के प्रमुख एहसानुल्लाह किताब ने कहा कि परीक्षा बुधवार को होगी। उन्होंने कोई अन्य विवरण नही दिया और यह स्पष्ट नही किया कि कितनी लड़कियां परीक्षा दे पाएंगी। काबुल शिक्षा विभाग के दस्तावेजों में से एक के अनुसार, परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक चलेगी। सितंबर में कार्यभार संभालने वाले शिक्षा मंत्री हबीबुल्लाह आगा द्वारा हस्ताक्षरित एक दूसरे दस्तावेज में कहा गया है कि परीक्षा 31 अफगान प्रांतों में आयोजित की जाएगी।

# नेपाल चुनावः दो नई पार्टियों के उदय से मधेश क्षेत्र में पारंपरिक राजनीतिक ताकतों का एकाधिकार समाप्त

भाषा। काठमांडू

**नेपाल में** हाल में हुए चुनाव में जनमत पार्टी और नागरिक उन्मुक्ति पार्टी के लिए तराई या मधेश क्षेत्र से संसद में प्रवेश का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इसी के साथ भारत की सीमा से लगे दक्षिणी मैदानी क्षेत्रों में चला आ रहा दो पारंपरिक राजनीतिक ताकतों का एकाधिकार समाप्त हो गया है। देश में 20 नवंबर को हुए चुनाव में तराई की दोनों मजूबत पार्टियों उपेंद्र महतो के नेतृत्व वाली जनता समाजवादी पार्टी (जेएसपी) और महंत ठाकुर के नेतृत्व वाली लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी (एलएसपी) की सीटों की संख्या में 50 प्रतिशत की कमी आई है।

पांच साल पहले, 275 सदस्ईय प्रतिनिधि सभा (एचओआर) में तराई की दो पार्टियों की संयुक्त संख्या 33 थी। हालांकि, इस क्षेत्र में दो नए राजनीतिक दलों के उदय के साथ, उनकी संयुक्त ताकत घटकर 16 सीट रह गई है। एचओआर में, 165 सदस्य प्रत्यक्ष मतदान के माध्यम से चुने जाएंगे, जबकि शेष 110 आनुपातिक निर्वाचन प्रणाली के माध्यम से चुने जाएंगे। किसी पार्टी या गठबंधन को स्पष्ट बहुमत के लिए 138 सीटों की जरूरत होती है। जेएसपी को हाल के चुनाव में प्रत्यक्ष मतदान के तहत सात सीटों पर जीत मिली है और इसे आनुपातिक मतदान प्रणाली के तहत पांच और सीट मिलेंगी। इसी तरह, एलएसपी ने सिर्फ चार सीट जीती है, लेकिन उसे आनुपातिक मतदान के तहत कोई सीट नहीं मिलेगी क्योंकि पार्टी राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त करने में विफल रही है। मधेशी राजनीति पर करीबी नजर रखने वाले राजनीतिक विश्लेषक राजेश अहिराज ने कहा कि भ्रष्टाचार, सांप्रदायिकता और भड़काऊ राजनीति मुख्य कारक हैं जिन्होंने इन पारंपरिक मधेशी पार्टियों को कमजोर बनाया।

# ट्रंप ऑर्गनाइजेशन कर चोरी में मदद करने के मामले में दोषी करार

**न्यूयॉर्क (अमेरिका)।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कंपनी ट्रंप ऑर्गनाइजेशन को मैनहट्टन में अपार्टमेंट व लग्जरी कार जैसे गैर-जरूरी भत्तों के नाम पर अधिकारियों को कर चोरी में मदद करने के लिए मंगलवार को कर धोखाधड़ी का दोषी ठहराया गया। एक ज्यूरी ने ट्रंप ऑर्गनाइजेशन की दो कॉरपोरेट इकाइयों को सभी 17 मामलों में दोषी पाया। इसमें साजिश रचने व गलत व्यापार रिकॉर्ड देने के मामले शामिल हैं। इसमें ट्रंप के खिलाफ कोई मामला नहीं है। न्यूयॉर्क की एक अदालत ने दो दिन तक करीब 10 घंटे तक विचार-विमर्श करने के बाद यह फैसला सुनाया। कंपनी पर 16 लाख डॉलर तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। सजा 13 जनवरी को सुनाई जाएगी। मैनहट्टन जिला अटॉर्नी एल्विन ब्रैग ने अदालत के बाहर कहा, पूर्व राष्ट्रपति की कंपनियां दोषी करार दी गई हैं।

# सभी की धार्मिक स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए भारत को प्रोत्साहित करते रहेंगे: अमेरिका

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका ने** मंगलवार को कहा कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत कई धर्मों के लोगों का घर है और वह सभी की धार्मिक स्वतंत्रता सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता पर कायम रहने के लिए भारत को प्रोत्साहित करता रहेगा। अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर विदेश विभाग की वार्षिक रिपोर्ट में सामने आई कुछ चिंताओं का जिक्र करते हुए अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने यह भी कहा कि वे सभी देशों में धार्मिक स्वतंत्रता की स्थिति पर करीब से नजर रखना जारी रखेंगे और इसमें भारत भी शामिल है।

अमेरिका ने धार्मिक स्वतंत्रता की वर्तमान स्थिति के लिए चीन, पाकिस्तान और म्यांमा सहित 12 देशों को विशेष चिंताजनक देश घोषित किया है। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने शुक्रवार को इसकी घोषणा करते हुए कहा था कि दुनिया भर में सरकारें और गैर-सरकारी ताकतें लोगों को उनके धर्म के आधार पर परेशान करती हैं, धमकाती हैं, जेल भेजती हैं और यहां तक कि कई बार उनकी हत्या भी की जाती है। भारत को इस सूची में शामिल नहीं करने के सवाल पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और कई धर्मों के लोगों का घर है। प्राइस ने मंगलवार को पत्रकारों से कहा, यकीनन भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। वहां कई धर्मों के लोग एकसाथ रहते हैं। अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर हमारी वार्षिक रिपोर्ट में सामने आई कुछ चिंताओं पर हमने भारत के संदर्भ में संज्ञान लिया। हम सभी देशों में धार्मिक स्वतंत्रता की स्थिति पर करीब से नजर रखना जारी रखेंगे और इसमें भारत भी शामिल है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन का प्रशासन भारत सरकार को सभी की धार्मिक स्वतंत्रता सुनिश्चित करने की उसकी प्रतिबद्धताओं पर कायम रहने के लिए प्रोत्साहित करता रहेगा।उन्होंने कहा, हम धार्मिक स्वतंत्रता कायम रखने के लिए उठाए जाने वाले कदमों के लिए नियमित रूप से अधिकारियों के संपर्क में रहेंगे। दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतंत्र (अमेरिका और भारत) के तौर पर हम एक ठोस परियोजना के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्राइस ने कहा कि यह वही परियोजना है जिसका जिक्र पहले विदेश मंत्री ब्लिंकन ने किया था। इस परियोजना को, जैसी कि हमारे संस्थापकों की परिकल्पना थी, एक परिपूर्ण साझेदारी की जरूरत है। यह दोनों देशों की परियोजना है। गौरतलब है कि भारत ने इससे पहले विदेशी सरकारों और मानवाधिकार समूहों द्वारा देश में नागरिक स्वतंत्रता के धीरे-धीरे कम होने के आरोपों को खारिज कर दिया था। भारत सरकार ने जोर देकर कहा है कि भारत में सभी के अधिकारों की रक्षा के लिए अच्छी तरह से स्थापित लोकतांत्रिक प्रथाएं व मजबूत संस्थाएं हैं।

### मौद्रिक नीति अनुमान के अनुरूप, ब्याज दरों में बढ़ोतरी नरम पड़ने के संकेतः उद्योग जगत

**मुंबई (भाषा)।** रेपो दर को 0.35 प्रतिशत बढ़ाने के भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के फैसले को उद्योग जगत एवं विशेषज्ञों ने उम्मीद के अनुरूप उठाया गया कदम बताते हुए बुधवार को कहा कि इससे ब्याज दरों में बढ़ोतरी की रफ्तार आगे कुछ नरम पड़ने के संकेत मिलते हैं। आरबीआई ने रेपो दर में लगातार तीन बार 0.50 प्रतिशत और उससे पहले मई में 0.40 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने के बाद दरों में बढ़ोतरी की रफ्तार को थोड़ा धीमा किया है। अब यह बढ़कर 6.25 प्रतिशत हो चुकी है। गौरतलब है कि मुद्रास्फीति लगातार 10वें महीने आरबीआई के सहनशील स्तर से ऊपर बनी हुई है। उद्योग मंडल फिक्की के अध्यक्ष संजीव मेहता ने कहा कि आरबीआई का रेपो दर में 0.35 प्रतिशत बढ़ोतरी का व्यापक रूप से अनुमान लगाया जा रहा था क्योंकि मुद्रास्फीति के खिलाफ संघर्ष अभी खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, वित्त वर्ष 2022-23 के लिए खुदरा मुद्रास्फीति के अनुमान को 6.7 प्रतिशत पर बनाए रखा गया है और क्रमिक आधार पर मुद्रास्फीति के शांत पड़ने के कुछ शुरुआती संकेत सामने आ रहे हैं। उद्योग निकाय एसोचैम ने भी कहा कि आरबीआई का नीतिगत दर में 0.35 प्रतिशत की वृद्धि करना उम्मीद के मुताबिक ही है और ऐसे संकेत हैं कि वृद्धि की तीव्रता कुछ नरम पड़ रही है। एसोचैम के महासचिव दीपक सूद ने कहा, वैश्विक अर्थव्यवस्था में जारी चुनौतियों और ऊर्जा कीमतों, आपूर्ति श्रृंखला और भू-राजनीतिक हालात को लेकर अनिश्चितताओं के बावजूद भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है।

# महंगाई का बुरा दौर पीछे छूटा, पर ढिलाई की गुंजाइश नहींः शक्तिकांत दास

भाषा। मुंबई

**भारतीय रिजर्व** बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बुधवार को कहा कि महंगाई का खराब दौर पीछे छूट चुका है लेकिन अभी इस मोर्चे पर ढिलाई बरतने की कोई गुंजाइश नहीं है। दास ने मौद्रिक नीति की द्विमासिक समीक्षा के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, वृद्धि के परिप्रेक्ष्य में देखा जाए, तो इस निराशावादी दुनिया में भारत उम्मीद की एक किरण के रूप में दिखाई दे रहा है। दुनिया के कई देशों में मंदी की भी आशंका है। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 0.35 प्रतिशत बढ़ाकर 6.25 करने की घोषणा की है। इस तरह मई, 2022 से रिजर्व बैंक रेपो दर में कुल 2.25 प्रतिशत की वृद्धि कर चुका है।




ऊंची मुद्रास्फीति की वजह से रिजर्व बैंक ब्याज दरों में बढ़ोतरी कर रहा है। खुदरा मुद्रास्फीति पिछले कुछ महीनों से लगातार रिजर्व बैंक के छह प्रतिशत के संतोषजनक स्तर से ऊपर बनी हुई है। दास ने कहा कि जिंस कीमतों और कच्चे तेल के दामों में कमी से वैश्विक स्तर पर महंगाई कम हो रही है, लेकिन मुद्रास्फीति के मोर्चे पर सकारात्मक खबरों के बावजूद अभी ढिलाई नहीं बरती जा सकती है। उन्होंने कहा, मुद्रास्फीति हमारे यहां और विश्व स्तर पर कम हो रही है, लेकिन हमें अत्यधिक सतर्क रहना होगा। यदि जरूरी हो तो हमें कार्वाई भी करनी होगी। इसलिए मैं कहता हूं कि मुद्रास्फीति के खिलाफ लड़ाई खत्म नहीं हुई है और आत्मसंतोष के लिए कोई जगह नहीं है। दास ने वृद्धि दर के पूर्वानुमान में कमी का बचाव करते हुए कहा कि आंकड़े बताते हैं कि मुद्रास्फीति का सबसे बुरा दौर पीछे छूट चुका है। उन्होंने कहा कि आरबीआई घरेलू कारकों और आगामी आंकड़ों पर नजर बनाए रखेगा। इस अवसर पर रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर माइकल पात्रा ने कहा कि केंद्रीय बैंक का प्रयास पहले मुद्रास्फीति को छह प्रतिशत के संतोषजनक स्तर से नीचे लाना है। रेपो दर में 0.50 प्रतिशत के बजाय 0.35 प्रतिशत की वृद्धि को केंद्रीय बैंक की ओर से नरमी के संकेत के रूप में देखा जाना चाहिए। हालांकि पात्रा ने कहा, मुद्रास्फीति के खिलाफ लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है और इसलिए हमारा तटस्थ रुख है। महत्वपूर्ण बात यह है कि हमने नीतिगत दर में बदलाव की मात्रा को कम कर दिया है। यह सबसे अहम बात है।

### वाणिज्य मंत्रालय ने निर्यातकों को बताया, भारत से कौन उत्पाद आयात करना चाहता है रूस

**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्रालय ने निर्यातकों के साथ उन उत्पादों की सूची साझा की है जो रूस भारत से आयात करना चाहता है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। रूस ने वाहन कलपुर्जा और कपड़ा सहित सैकड़ों ऐसे उत्पादों की सूची भारत को दी है जो वह आयात करना चाहता है। अब वाणिज्य मंत्रालय ने निर्यातकों से यह सूची साझा की है। अधिकारी ने बताया कि रूस ने दवा, कपड़ा, वाहन कलपुर्जा और रसायन सहित विविध क्षेत्रों से सैकड़ों वस्तुओं की एक सूची साझा की है। यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद पश्चिमी देशों ने रूस पर कई तरह के प्रतिबंध लगाए हैं।

अधिकारी ने कहा कि रूस इन उत्पादों का भारत से आयात करना चाहता है। मंत्रालय ने संबंधित निर्यात संवर्धन परिषदों और निर्यातकों के साथ सूची साझा की गई है ताकि वे इसका आकलन कर सकें कि क्या वे इन उत्पादों को रूस भेजने में सक्षम हैं। उद्योग के जानकारों के अनुसार, भारतीय निर्यातकों के लिए इन वस्तुओं को रूस भेजना आसान नहीं होगा।

# रेपो दर बढ़ने से बाजारों में रहा उतार चढ़ाव, सेंसेक्स 215 अंक गिरा

भाषा। मुंबई

**नीतिगत ब्याज** दर में 0.35 प्रतिशत वृद्धि करने और चालू वित्त वर्ष के लिए वृद्धि अनुमान में कटौती करने के भारतीय रिजर्व बैंक के फैसले से बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में बिकवाली का जोर रहा और सेंसेक्स लगातार चौथे कारोबारी दिवस पर 215 अंक गिरकर बंद हुआ। कारोबारियों के मुताबिक, एशियाई बाजारों के कमजोर प्रदर्शन और विदेशी निवेशकों के मुंह मोड़ने से घरेलू बाजारों में गिरावट रही। इसके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसे कुछ प्रमुख शेयरों में बिकवाली होने से भी उतार-चढ़ाव की स्थिति रही। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 215.68 अंक यानी 0.34 प्रतिशत गिरकर 62,410.68 अंक पर बंद हुआ। यह सेंसेक्स में गिरावट का लगातार चौथा सत्र रहा। इसी तरह एनएसई के सूचकांक निफ्टी में भी 82.25 अंक यानी 0.44 प्रतिशत की गिरावट रही और यह 18,560.50 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से एनटीपीसी को सर्वाधिक दो प्रतिशत का नुकसान हुआ। इसके अलावा बजाज फिनसर्व, इंडसइंड बैंक, टाटा स्टील, रिलायंस इंडस्ट्रीज, सन फार्मा, एचसीएल टेक एवं विप्रो के शेयर भी घाटे में रहे। दूसरी तरफ, एशियन पेंट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एलएंडटी, एक्सिस बैंक और आईटीसी के शेयरों में 2.1 प्रतिशत तक की बढ़त दर्ज की गई। व्यापक बाजार में बीएसई के मिडकैप एवं स्मालकैप सूचकांक में 0.44 प्रतिशत तक की गिरावट देखी गई। भारतीय बाजारों के प्रदर्शन पर आरबीआई के रेपो दर में 0.35 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने के फैसले का काफी असर देखा गया। मई से अब तक लगातार पांचवीं बार दर वृद्धि करने के पीछे आरबीआई ने मुद्रास्फीति को काबू करने की मंशा जताई है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, अर्थव्यवस्था पर वैश्विक चुनौतियों को देखते हुए आरबीआई अधिक यथार्थवादी हो गया है।

**Public Notice**
This is to inform general public that Mrs. Namrata Devel Upadhya has acquired the Entire Second Floor (Without Roof Rights), "Said Floor", Built on Property Bearing No. A3/7, Land area measuring 470 Sq. yds. (393.92 Sq. mtrs.) Situated at Mahaladar Khan Garden, Trunk Road, Now Known as Rana Partap Bagh, Near Subzimandi, at grand truck road, Village Sadhura Kalan in the State of Delhi vide Sale Deed dated 23.02.2017, Doc no. 1857. Now, Mrs. Namrata Devel Upadhya is intending to sell above said property to Mrs. Meenu Jalan & Mr. Vikas Jalan and further Mrs. Meenu Jalan & Mr. Vikas Jalan are mortgaging the above said property with RBL Bank Ltd. & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M).

**PUBLIC NOTICE**
To be known to all that I, Sampat Singhi D/o Late Sh. Champalal Nahata R/o DDA SFS Flat No 1523, Sector B, Pocket 1, Vasant Kunj, New Delhi 110070 am the owner of the Flat No 1523, Sector B, Pocket 1, Vasant Kunj, New Delhi -110070 vide DDA's Letter 126(7194)83/SFS/VK/III under SFS Scheme. The original documents viz (1) Allocation Letter (2) Fifth & Final Demand Letter has been lost of the said property. An FIR has been filed of this effect with the Delhi Police vide PS: Crime Branch with LR No: 1051399/ 2022 dated 06.12.2022.
Any person(s) claiming any right, interest having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above Address/ Phone No. 9810560250 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this property can personally inform or write to Dy. Director, LAB (H) or Director (H)-1, D-Block, 3rd Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi-110023.

### निर्यात को गति देने के लिए कर्ज की दर प्रतिस्पर्धी बनाए रखने की जरूरतः फियो

**नई दिल्ली।** निर्यात संगठनों का परिसंघ (फियो) ने बुधवार को कहा कि महंगाई की ऊंची दर को देखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक के रेपो दर में 0.35 प्रतिशत की वृद्धि उम्मीद के अनुरूप है। फियो के अनुसार हालांकि यह भी सुनिश्चित करने की जरूरत है कि निर्यात कर्ज पर ब्याज दर बढ़ने से हमारी प्रतिस्पर्धी क्षमता प्रभावित नहीं हो। फियो के अध्यक्ष ए शक्तिवेल ने एक बयान में कहा, आरबीआई के रेपो दर में 0.35 प्रतिशत की बढ़ोतरी अनुमान के मुताबिक है। महंगाई पर काबू पाने और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के दरों में बढ़ोतरी की आशंका के मद्देनजर ऐसा करना जरूरी था। उन्होंने हालांकि यह भी कहा, बढ़ती महंगाई, क्रय शक्ति में कमी और विभिन्न देशों के मंदी के साथ ही और मुद्राओं में भारी अस्थिरता के कारण वैश्विक व्यापार एक कठिन दौर से गुजर रहा है। ऐसे में हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि निर्यात कर्ज दरों में बढ़ोतरी से हमारी प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त कम न हो।

THE PIONEER CLASSIFIEDS
LOST & FOUND
I, Rita Sehgal, W/o Rakesh Sehgal Have Lost the Allotment Letter of My Property Flat No. CH-503, Jansevak CGHS Ltd. Abhimanyu Apartment, Plot No. 65, Vasundhara Enclave, Delhi-110096. Contact 9811346092.
PD(90214)A

# फोर्ब्स की ताकतवर महिलाओं की सूची में सीतारमण समेत छह भारतीय शामिल

भाषा। न्यूयॉर्क

**फोर्ब्स की** दुनिया की 100 सबसे ताकतवर महिलाओं की सूची में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, बायोकॉन की कार्यकारी चेयरपर्सन किरण मजूमदार-शॉ और नाइका की संस्थापक फाल्गुनी नायर को जगह मिली है। इस वार्षिक सूची में कुल छह भारतीय महिलाओं ने जगह बनाई है। सीतारमण इस बार 36वें स्थान पर रहीं और उन्होंने लगातार चौथी बार इस सूची में जगह बनाई है। इससे पहले 2021 में वह 37वें स्थान पर थीं। वह 2020 में वह 41वें और 2019 में 34वें स्थान पर थीं। फोर्ब्स द्वारा मंगलवार को जारी इस सूची के अनुसार इस साल मजूमदार-शॉ 72वें स्थान पर हैं, जबकि नायर 89वें स्थान पर हैं।



सूची में शामिल अन्य भारतीयों में एचसीएल टेक की चेयरपर्सन रोशनी नादर मल्होत्रा (53वां स्थान), भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच (54वां स्थान) और स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया (सेल) की चेयरपर्सन सोमा मंडल (67वां स्थान) शामिल हैं। मल्होत्रा, मजूमदार-शॉ और नायर ने पिछले साल भी इस सूची में क्रमशः 52वां, 72वां और 88वां स्थान हासिल किया था। सूची में 39 सीईओ और 10 राष्ट्राध्यक्ष शामिल हैं। इसके अलावा इसमें 11 अरबपति शामिल हैं, जिनकी कुल संपत्ति 115 अरब डॉलर है। फोर्ब्स सूची में नायर के बारे में कहा गया है कि इस 59 वर्षीय व्यवसाई ने दो दशकों तक एक निवेश बैंकर के रूप में काम किया, आईपीओ लाईं और अन्य उद्यमियों को उनके सपने हासिल करने में मदद की। फोर्ब्स वेबसाइट के मुताबिक 41 वर्षीय मल्होत्रा एचसीएल टेक के सभी रणनीतिक फैसलों में अहम भूमिका निभाती हैं। इस तरह बुच सेबी की पहली महिला अध्यक्ष हैं। इसी तरह मंडल, सेल की अगुवाई करने वाली पहली महिला हैं और उनके पदभार ग्रहण करने के बाद से कंपनी ने रिकॉर्ड वित्तीय वृद्धि हासिल की है। फोर्ब्स वेबसाइट के अनुसार उनके कार्यकाल के पहले साल में कंपनी का मुनाफा तीन गुना बढ़कर 120 अरब रुपए हो गया। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन दुनिया की 100 सबसे शक्तिशाली महिलाओं की सूची में सबसे ऊपर हैं। यूक्रेन युद्ध के दौरान उनके नेतृत्व और कोविड-19 महामारी से निपटने के प्रयासों के लिए उन्हें यह मुकाम मिला। यूरोपीय सेंट्रल बैंक की अध्यक्ष क्रिस्टीन लेगार्ड को दूसरे स्थान पर रखा गया है, जबकि अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस सूची में तीसरे स्थान पर हैं। ईरान की जीना महसा अमिनी को मरणोपरांत प्रभावशाली सूची में 100वां स्थान मिला है।

**PUBLIC NOTICE**
It is to inform to the public at large that of **Mrs. Moni Joshi** who is purchasing the **RESIDENTIAL PLOT OF LAND AREA MEASURING 50 SQ. YDS. (I.E. 41.805 SQ. MTRS.), (SIZE 15 X 30 SQ. FT.) OUT OF KHASRA NO. 309/10 SITUATED AT RESIDENTIAL COLONY VANDNA ENCLAVE EXTENSION IN VILLAGE KHORA PARGANA LONI TEHSIL & DISTRICT GHAZIABAD, U.P 201309** from Mrs. Poonam Singh who had owner through Sale Deed dated 22.12.2021 and same to be financed & mortgaged by **Vastu Housing Finance Corporation Ltd.** If any Person having any type of claim/right/title/ interest over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within 7 days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.
**Lucem Legal LLP**
B-93B, Second Floor, Opp. SBI Bank, Sector 2, Noida, UP-201301; Contact # 0120-4269379

**सार्वजनिक सूचना**
1) श्री दर्शन लाल गुलाटी, 2) श्री जगदीश लाल गुलाटी और 3) श्री मनोहर लाल गुलाटी की ओर से एतद्द्वारा नोटिस दिया जाता है, जो प्लॉट/संपत्ति संख्या सी-1/14, ब्लॉक-सी, मियांवाली नगर, पश्चिम विहार, नई दिल्ली में स्थित के मालिक हैं। दिनांक 04.12.1995 का वह मूल हस्तांतरण विलेख, जो 05.12.1995 को पंजीकृत एसआरओ-I, दिल्ली के कार्यालय में दस्तावेज/पंजीकरण संख्या 18482 के रूप में पंजीकृत है। उक्त संपत्ति को **आरबीएल बैंक लिमिटेड** वित्तीय सहायता के लिए इसे गिरवी रखने का इरादा रखता है। दिनांक 04.12.1995 का वह मूल हस्तांतरण विलेख, जो 05.12.1995 को पंजीकृत एसआरओ-I, दिल्ली के कार्यालय में दस्तावेज/पंजीकरण संख्या 18482 के रूप में पंजीकृत है, दस्तावेज उपलब्ध नहीं है/गुम हो गए हैं। बैंक/एनबीएफसी की आवश्यकताओं का पालन करने के लिए, हम यह सार्वजनिक नोटिस देते हैं कि यदि किसी व्यक्ति (व्यक्तियों) को उक्त संपत्ति के स्वामित्व और/या बंधक बनाने के संबंध में कोई आपत्ति है, तो एतद्द्वारा अनुरोध किया जाता है कि वह 7 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित रूप में नीचे के पते पर सूचित करें।
**लुसेम लीगल एलएलपी**
कार्यालय संख्या 269, रामा हाउस, भूतल, मस्जिद मोठ, उदय पार्क, साउथ एक्सटेंशन II, के सामने, नई दिल्ली-110049, संपर्क # 011-40046316

**PUBLIC NOTICE**
Under instructions from and on behalf of my client Shri Kabir Shran Dagar(HUF) through its Karta Shri Kabir Shran Dagar, R/o RZ-140, Gali no.2, Manas Kunj Road, Near N.R. Jindal School, Uttam Nagar, New Delhi-59,, Delhi, I do hereby notify to the public at large that one Mr. Sita Ram and his associates indulged my client in Share trading business since 2015 to Oct 2022,during this period he had taken one blank signed cheque as a security beside this he also taken the signature on some blank and typed papers form my client. Later on my client came that he had stolen blank signed cheque book. My client have apprehension that Mr. Sita Ram and his associates will misuse my client blank signed cheques. In this regard my client made a police complaint to SHO, Bindapur, Vide DD number 81760012205059, dated 26.11.2022 and also to higher police authorities. If any one in future or Mr. Sita Ram and his associates will misuse blank signed cheques of my client. My client shall not be responsible for any of their illegal act and deeds in any manner whatsoever. The public at large! is informed accordingly.
**S.K. GANDHI- ADVOCATE**
Ch.No. C-153, C.L. Joseph Block, Tis Hazari Court, Delhi -54

# वैश्विक मुद्दों पर जी-20 देशों के बीच सहमति बनाने का होगा प्रयास

**भाषा।** नई दिल्ली

**विदेश मंत्री** एस जयशंकर ने बुधवार को कहा कि भारत अपनी अध्यक्षता के दौरान वैश्विक दक्षिण क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों के साथ ही कई वैश्विक मुद्दों पर जी-20 देशों के बीच आम सहमति बनाने का प्रयास करेगा क्योंकि यह बैठक भू-राजनीतिक संकट, खाद्य और ऊर्जा असुरक्षा और टिकाऊ विकास लक्ष्य की गति के व्यापक संदर्भ में आयोजित की जा रही है। भारत इस अवसर का उपयोग देश के थ्री डी यानी डेमोक्रेसी, डेवलपमेंट और डायवर्सिटी (लोकतंत्र, विकास और विविधता) को रेखांकित करने के लिए करेगा। जयशंकर ने राज्यसभा में भारत की विदेश नीति में नवीनतम घटनाक्रमों विषय पर एक बयान देते हुए कहा, हम जी-20 की अध्यक्षता को दुनिया के सामने भारत को प्रदर्शित करने के अवसर के रूप में देखते हैं। उन्होंने कहा कि भारत न केवल इसमें भाग लेगा बल्कि इस अवसर का जश्न भी मनाएगा। भारत ने एक दिसंबर को जी-20 की अध्यक्षता औपचारिक रूप से संभाली। उन्होंने कहा कि सरकार जी-20 के सभी सदस्यों से भारत की अध्यक्षता में होने वाले इस आयोजन की सफलता के लिए समर्थन और सहयोग भी मांग रही है। उन्होंने कहा कि जी-20 बैठकों का आयोजन भारत की मेजबानी में होने वाले शीर्ष अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में से एक होगा। विदेश मंत्री ने कहा कि जी-20 से जुड़ी बैठकें भारत में पहले ही शुरू हो चुकी हैं और देश भर में विभिन्न स्थानों पर 32 विभिन्न क्षेत्रों की ऐसी 200 बैठकों का आयोजन किया जाएगा। जयशंकर ने कहा कि जी-20 की बैठक भू-राजनीतिक संकट, खाद्य और ऊर्जा असुरक्षा और टिकाऊ विकास लक्ष्य की गति और कर्ज के बढते बोझ के व्यापक संदर्भ में आयोजित की जा रही है। हमारा प्रयास जी-20 के भीतर आम सहमति बनाना और विशेष रूप से वैश्विक दक्षिण के मुद्दों को आकार देना और साथ ही इस एजेंडे को आगे बढ़ाना है। वैश्विक दक्षिण (ग्लोबल साउथ) का आशय अफ्रीका, लैटिन अमेरिका, कैरिबियाई क्षेत्र, प्रशांत द्वीप एवं एशिया के विकासशील देशों से हैं जो दक्षिणी गोलार्द्ध पर स्थित हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी कहा है कि भारत को आजादी के अमृत महोत्सव में जी-20 की अध्यक्षता मिलना प्रतएक भारतीय के लिए गर्व का क्षण है। हाल ही में इंडोनेशिया के बाली में संपन्न जी-20 की बैठक में भारत ने पूरा समर्थन व सहयोग सुनिश्चित किया था। जयशंकर ने कहा कि ध्रुवीकरण वाले माहौल में सदस्यों के बीच एक साझा आधार खोजने में भारत के योगदान की व्यापक रूप से सराहना की गई।



उन्होंने कहा, चूंकि हम जिम्मेदारी (जी-20 की अध्यक्षता) संभाल रहे हैं, इसलिए यह भारत की अध्यक्षता की सफलता के लिए सभी जी 20 सदस्यों का समर्थन और सहयोग मांगने का भी समय है। जी-20 के सदस्यों में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राज़ील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, मैक्सिको, कोरिया गणराज्य, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ शामिल हैं। जी-20 समूह वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के 85 प्रतिशत, विश्वव्यापी व्यापार के 75 प्रतिशत और वैश्विक आबादी के दो तिहाई हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है। इसके अलावा, उन्होंने उच्च सदन में यह भी बताया कि भारत ने मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी को अगले साल गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है। जहां तक गणतंत्र दिवस समारोह का सवाल है, हमने मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है और उन्होंने विनम्रतापूर्वक निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। इसके अलावा, उन्होंने यह भी कहा कि काशी को 2022-23 के लिए पहली एससीओ (शंघाई सहयोग संगठन) सांस्कृतिक और पर्यटन राजधानी के रूप में नामित किया गया है। उन्होंने कहा, इससे हमारी सदियों पुरानी ज्ञान विरासत और सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने में मदद मिलेगी। जयशंकर ने कहा कि भारत ब्रिक्स और राष्ट्रमंडल और हाल ही में क्वाड, एससीओ, आई2यू2 (भारत, इजराइल, यूएई और अमेरिका) और हिंद-प्रशांत आर्थिक ढांचे जैसे समूहों का भी सदस्य है।

उन्होंने कहा, हम दुनिया को समूह प्रारूपों में भी तेजी से जोड़ रहे हैं, जो भारत के साथ सहयोग करने में उनकी बढ़ती रुचि को दर्शाता है। यह आसियान, अफ्रीका या प्रशांत द्वीप समूह या वास्तव में नॉर्डिक राष्ट्रों, कैरीकॉम, सीईएलएसी या मध्य एशिया के साथ हो सकता है। यूरोपीय संघ के साथ हमारा बढ़ता सहयोग विशेष महत्व का है। भारत अगले साल जनवारी में 17वें प्रवासी भारतीय दिवस की भी मेजबानी करेगा।

# धनखड़ के मार्गदर्शन में राज्यसभा अपनी विरासत को बढ़ाएगी, नई ऊंचाई देगीः मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यसभा के सभापति के रूप में उच्च सदन के संचालन की जिम्मेदारी संभालने पर बुधवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को शुभकामनाएं दी और उनकी किसान पृष्ठभूमि का उल्लेख करते हुए कहा कि यह सदन का सौभाग्य है कि उसे उनके जैसा जमीन से जुड़ा नेतृत्व मिला है। देश का उप राष्ट्रपति बनने के बाद धनखड़ ने संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन बुधवार को पहली बार राज्यसभा की कार्यवाही का संचालन किया। उपराष्ट्रपति राज्यसभा के पदेन सभापति होते हैं। धनखड़ का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री ने विश्वास जताया कि उनके मार्गदर्शन में राज्यसभा अपनी विरासत को न केवल आगे बढ़ाएगी बल्कि उसे नई ऊंचाई भी देगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि धनखड़ राज्यसभा के सभापति के रूप में ऐसे समय में जिम्मेदारी संभाल रहे हैं जब भारत को जी-20 की अध्यक्षता का दायित्व मिला है और वह आजादी के 75 साल के बाद के सफर पर आगे निकला है। यह कालखंड विकसित भारत के निर्माण का साक्षी तो बनेगा ही साथ ही भारत इस दौरान विश्व के भविष्य की दिशा तय करने में भी बहुत अहम भूमिका निभाएगा। प्रधानमंत्री ने उम्मीद जताई कि इस यात्रा में भारतीय संसदीय व्यवस्था की भी एक बहुत महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। इस कालखंड में देश अपने दायित्व को समझ रहा है। मुझे खुशी है कि इस महत्वपूर्ण कालखंड में उच्च सदन को आपके जैसा सक्षम और प्रभावी नेतृत्व मिला है। आपके मार्गदर्शन में सभी सदस्य अपने कर्तव्यों का प्रभावी पालन करेंगे। यह सदन देश के संकल्पों को पूरा करने का प्रभावी मंच बनेगा। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति के रूप में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की दलित पृष्ठभूमि और वर्तमान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की जनजातीय पृष्ठभूमि का जिक्र करते हुए कहा कि धनखड किसान के बेटे हैं और आज वह उच्च सदन में देश के गांव, गरीब और किसान की ऊर्जा का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। धनखड़ का जीवन इस बात का प्रमाण है कि सफलता साधनों से ही नहीं बल्कि साधना से मिलती है। गांव, गरीब, किसान के लिए आपने जो किया वह सामाजिक जीवन में रहे हर व्यक्ति के लिए एक उदाहरण है। प्रधानमंत्री ने अधिवक्ता के रूप में धनखड़ की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उन्हें विश्वास दिलाया कि राज्यसभा में उन्हें अदालत की कमी महसूस नहीं होगी क्योंकि इस सदन में बड़ी संख्या में ऐसे सदस्य है जो इस पेशे से जुड़े हुए हैं। इस सदन में बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं जो आप को उच्चतम न्यायालय में मिलते थे। वह मूड और मिजाज भी आपको अदालत की याद दिलाता रहेगा। लोकतांत्रिक निर्णयों को और भी परिष्कृत तरीके से आगे बढ़ाने की राज्यसभा की जिम्मेदारी है, इसलिए आपके जैसा जमीन से जुड़ा नेतृत्व सदन को मिला है तो यह सदन के लिए सौभाग्य है। राज्यसभा को देश की महान लोकतांत्रिक विरासत का महत्वपूर्ण संवाहक करार देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस सदन ने कई प्रधानमंत्री और उत्कृष्ट नेता भी दिए हैं। इसलिए इस गरिमा को बनाए रखने के लिए एक मजबूत जिम्मेदारी हम सभी के ऊपर है। मुझे विश्वास है आपके मार्गदर्शन में यह विरासत और गरिमा आगे बढ़ेंगी तथा लोकतांत्रिक विमर्श को और अधिक ताकत दी जाएगी। प्रधानमंत्री ने राज्यसभा के पूर्व सभापति व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू के कार्यकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके शब्दों का चयन व तुकबंदी सदन को हमेशा प्रसन्न रखते थे। मुझे विश्वास है आपका जो हाजिर जवाबी का स्वभाव है, वह इस कमी को कभी खिलने नहीं देगा। आप वह लाभ भी सदन को देते रहेंगे। इससे पहले, संसद भवन परिसर पहुंचने पर राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल, संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी, संसदीय कार्य राज्य मंत्रियों अर्जुन राम मेघवाल और वी मुरलीधरन ने धनखड़ का स्वागत किया।

## सीबीआई ने सांसदों व विधायकों के खिलाफ 56 मामले दर्ज किए, 22 मामलों में आरोप पत्र दायर किए

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पिछले पांच वर्ष में सांसदों एवं विधायकों के खिलाफ 56 मामले दर्ज किए हैं और 22 मामलों में आरोप पत्र दायर किए। कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने बुधवार को लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने सदन में जो राज्यवार आंकड़े पेश किए, उसके मुताबिक साल 2017 और 2022 के बीच आंध्र प्रदेश में सांसदों एवं विधायकों के खिलाफ 10 मामले दर्ज किए गए। उत्तर प्रदेश और केरल में इस तरह के छह-छह मामले, पश्चिम बंगाल और अरुणाचल प्रदेश में पांच-पांच मामले, तमिलनाडु में चार मामले, मणिपुर, दिल्ली और बिहार में तीन-तीन मामले दर्ज किए। इसी तरह जम्मू-कश्मीर और कर्नाटक में दो-दो मामले तथा हरियाणा, छत्तीसगढ़, मेघालय, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और लक्षद्वीप में एक-एक मामले दर्ज किए गए।

# लोकसभा में उठा महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा विवाद का विषय

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र और कर्नाटक के बीच सीमा विवाद की पृष्ठभूमि में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की सांसद सुप्रिया सुले ने महाराष्ट्र के खिलाफ षड्यंत्र का आरोप लगाते हुए बुधवार को लोकसभा में सरकार से जवाब देने की मांग की। वहीं, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक सदस्य ने कहा कि यह मामला उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन है और इस पर सदन में कोई बात नहीं होनी चाहिए। शून्यकाल में इस विषय को उठाते हुए सुले ने कहा कि महाराष्ट्र में दस दिन से नया संकट पैदा हो गया है और पड़ोसी राज्य कर्नाटक की सीमा पर महाराष्ट्र से जाने वाले लोगों को मंगलवार को पीटा गया है। उन्होंने कहा, ऐसा नहीं चलेगा। यह देश एक है। उन्होंने आरोप लगाया कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री इस विषय पर अनुचित बातें बोल रहे हैं और महाराष्ट्र तोड़ने की बात की जा रही है।

राकांपा सांसद ने कहा कि दोनों ही राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को सदन में इस विषय पर जवाब देना चाहिए। उद्धव ठाकने नीत शिवसेना के सांसद विनायक राउत ने भी इस विषय को उठाया। कर्नाटक से भाजपा के सांसद शिवकुमार उदासी ने कहा कि यह मामला उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन है और किसी सदस्य को इस मामले में बोलने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि जब भाषा और संस्कृति की बात आती है तो खासकर महाराष्ट्र के कुछ नेताओं की ऐसी बातें करने की पुरानी आदत रही है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि यह संवेदनशील और दो राज्यों के बीच का विषय है जिसे यहां नहीं उठाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, यह दो राज्यों का विषय है, इसमें केंद्र क्या करेगा। इसे यहां नहीं उठाया जाना चाहिए।

### देवेंद्र फडणवीस ने अमित शाह को दी जानकारी

मुंबई। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बात की और उन्हें पिछले एक सप्ताह में कर्नाटक के साथ हुए सीमा विवाद से जुड़े घटनाक्रम की जानकारी दी। फडणवीस के कार्यालय से जारी एक बयान के अनुसार, शाह ने दशकों पुराने सीमा विवाद पर महाराष्ट्र के रुख पर उपमुख्यमंत्री की राय धैर्यपूर्वक सुनी। पिछले कुछ दिनों में सीमा विवाद बढ़ने के कारण दोनों राज्यों के सीमावर्ती इलाकों में तनाव पैदा हो गया है। फडणवीस ने शाह को मंगलवार को कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के साथ टेलीफोन पर हुई बातचीत की भी जानकारी दी।

### कर्नाटक ने प्रदर्शनों के कारण महाराष्ट्र के लिए बस सेवाएं निलंबित कीं

**बेलगावी (कर्नाटक)।** उत्तर पश्चिम कर्नाटक सड़क परिवहन निगम (एनडब्ल्यूकेआरटीसी) ने बेलगावी जिले की सीमा से लगते क्षेत्रों में कुछ बसों को विरूपित तथा क्षतिग्रस्त किए जाने की खबरें आने के बाद बुधवार को महाराष्ट्र के लिए अपनी सेवाएं निलंबित कर दी। वहीं महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) ने रोजाना कर्नाटक जाने वालीं।,156 बसों में से 382 बसों के प्रस्थान पर रोक लगा दी। एक बयान में इसकी जानकारी दी गई है। एमएसआरटीसी ने एक बयान में कहा कि स्थानीय पुलिस और जिला प्रशासन के निर्देशों के बाद कर्नाटक के लिए बस सेवाओं के आंशिक निलंबन का निर्णय लिया गया है।दोनों राज्यों ने बेलगावी को लेकर चिंता व्यक्त की है। महाराष्ट्र बेलगावी का अपने क्षेत्र में विलय की मांग कर रहा है जबकि कर्नाटक ने इस पर अपना अधिकार दोहराया है। उत्तरपश्चिम कर्नाटक सड़क परिवहन निगम के एक अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, हम तनाव के कारण अपनी बसें केवल निपानी (बेलगावी जिले में) तक चला रहे हैं।

## सुरक्षा के साथ समझौता हो रहा है और सरकार सोई हैः खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) की वेबसाइट में सेंध लगाने के प्रयासों की घटना की पृष्ठभूमि में बुधवार को आरोप लगाया कि सुरक्षा के साथ समझौता हो रहा है, लेकिन सरकार सोई हुई है। उन्होंने ट्वीट किया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी, हमारी सुरक्षा के साथ समझौता हो रहा है। हैकिंग के कारण 14 दिनों से एम्स प्रभावित है। सफदरजंग अस्पताल पर भी साइबर हमला हुआ है। आईसीएमआर में 24 घंटे में 6000 बार सेंध लगाने की कोशिश हुई। परंतु भाजपा सरकार सोई हुई है। एक सरकारी अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि संभावित तौर पर हांगकांग के हैकरों ने 30 नवंबर को 24 घंटे के दौरान आईएमसीआर की वेबसाइट में करीब 6,000 बार सेंध लगाने की कोशिश की। ये हमले कथित रैनसमवेयर हमले की पृष्ठभूमि में हुए जिसकी वजह से एम्स की ऑनलाइन सेवा बाधित हो गई थी।




बिहटा में आईआईटी पटना के 9वें दीक्षान्त समारोह के दौरान अपनी खुशी का इजहार करते छात्र।

## इस साल आकाशीय बिजली गिरने की घटनाओं में 907 लोग मारे गएः जितेंद्र सिंह

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को लोकसभा को बताया कि इस साल अब तक आकाशीय बिजली गिरने की घटनाओं में 907 लोगों की मौत हो चुकी है। केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री जितेंद्र सिंह ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में मौसम संबंधी आपदाओं में लोगों के मौत होने के आंकड़े पेश किए। उनके जवाब के अनुसार इस साल देश में मौसम खराब होने से जुड़ी आपदाओं में 2,183 लोगों की मौत हो गई। सिंह ने कहा कि इनमें आकाशीय बिजली गिरने की घटनाओं में 907 लोगों की मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि इस अवधि में बाढ़ और भारी बारिश में मृत्यु के 804 मामले आए, आंधी-तूफान में 371 लोगों की, हिमपात में 37 लोगों की और लू से 30 लोगों की मौत हो गई। जवाब के अनुसार देश में इस साल बिजली गिरने की 566 घटनाएं घटीं।

# चुनाव की अपनी शुचिता होती है प्रक्रिया रोकी नहीं जा सकतीः कोर्ट

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने बुधवार को कहा कि लोकतंत्र में चुनावों की अपनी शुचिता होती है और इसकी प्रक्रिया रोकी नहीं जा सकती। उत्तर प्रदेश की रामपुर सदर विधानसभा सीट पर पांच दिसंबर को उपचुनाव के दौरान मतदाताओं को पुलिस द्वारा पीटे जाने और उन्हें घरों से बाहर नहीं निकलने देने का एक वकील ने आरोप लगाया है, जिसपर शीर्ष न्यायालय ने यह टिप्पणी की। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने व्यक्तिगत रूप से पेश हुए वकील से कहा कि विषय को बृहस्पतिवार सुबह उल्लेखित किया जाए।

न्यायालय ने वकील से कहा, देखिए, लोकतंत्र में चुनाव का अपना महत्व है और इसकी प्रक्रिया नहीं रोकी जा सकती। उक्त वकील ने खुद को पुलिस उत्पीड़न का चश्मदीद बताया है क्योंकि वह उसी विधानसभा क्षेत्र के मतदाता हैं। वकील ने कहा, एक असाधारण परिस्थिति है, जो दो दिन पहले रामपुर सदर में उपचुनाव के दौरान पैदा हुई थी। मतदाताओं को पीटा गया और उन्हें अपने घरों के अंदर ही रहने को मजबूर किया गया, ताकि वे मतदान नहीं करें। यहां तक कि पुलिसकर्मियों के साथ झड़प में मैं भी घायल हो गया। पीठ ने वकील से मतदान और मतगणना का दिन पूछा। वकील ने जब कहा कि मतगणना बृहस्पतिवार को होनी है, न्यायालय ने कहा, माफ कीजिए, हम इस तरह का आदेश जारी नहीं कर सकते। आपकी याचिका कहां है?आप कल सुबह विषय का उल्लेख करिए। रामपुर सदर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में 33.94 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी के बीच मुख्य मुकाबला है। दोनों दलों ने एक दूसरे पर चुनाव प्रक्रिया में बाधा डालने का आरोप लगाया है।

## पांच साल में 2,900 से अधिक सांप्रदायिक हिंसा के मामले दर्ज हुएः सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि साल 2017 से 2021 के बीच सांप्रदायिक या धार्मिक दंगों से जुड़े 2,900 से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं। राय ने राज्यसभा के एक सवाल के लिखित जवाब में राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि साल 2021 में सांप्रदायिक या धार्मिक दंगों के 378, 2020 में 857, 2019 में 438, 2018 में 512 और 2017 में 723 मामले दर्ज किए गए। चार जुलाई, 2018 को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एक परामर्श जारी किया गया था। राज्यों से हिंसा भड़काने की संभावना वाली फर्जी खबरों और अफवाहों के प्रसार पर नजर रखने, उनका प्रभावी ढंग से मुकाबला करने के लिए सभी आवश्यक उपाय करने और कानून अपने हाथ में लेने वाले व्यक्तियों से सख्ती से निपटने के लिए कहा गया था। 2018 में 23 जुलाई और 25 सितंबर को राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासन को परामर्श जारी किए गए थे।

# चोरी के शक में छात्रावास में लड़की को जूतों की माला पहनाकर घुमाया गया

**भाषा।** बैतूल (मप्र)

**मध्य प्रदेश** के बैतूल जिले में पैसे चुराने के संदेह में एक छात्रावास अधीक्षक ने पांचवी कक्षा की छात्रा को कथित तौर पर जूतों की की माला पहनाकर छात्रावास में घुमाया जिसके बाद जिला प्रशासन ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। घटना पिछले सप्ताह दमजीपुरा गांव के सरकारी आदिवासी बालिका छात्रावास की है। इसकी शिकायत करने लड़की के परिजन मंगलवार को जिलाधिकारी अमनवीर सिंह बैंस के कार्यालय पहुंचे।

शिकायत पर बैंस ने कहा कि उन्होंने जांच के आदेश दे दिए हैं जिसके आधार पर कार्वाई की जाएगी। आदिवासी मामलों के विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि छात्रावास की महिला अधीक्षक को पद से हटा दिया गया है। लड़की के पिता ने संवाददाताओं से कहा कि उनकी बेटी दमजीपुरा में आदिवासी मामलों के विभाग द्वारा चलाए जा रहे छात्रावास में 5वीं कक्षा की छात्रा है और जब वह उससे मिलने पहुंचे तब उसने उन्हें घटना की जानकारी दी। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी बेटी के चेहरे पर भूत जैसा दिखने वाला मेकअप किया गया और अधीक्षक ने दूसरी लड़की के 400 रुपए चोरी करने के आरोप में उसे जूतों की माला पहनाकर छात्रावास परिसर में घुमाया। उन्होंने कहा कि घटना के बाद उनकी बेटी छात्रावास में रहने को तैयार नहीं है। आदिवासी मामलों के विभाग की सहायक आयुक्त शिल्पा जैन ने बताया कि शिकायत के बाद छात्रावास अधीक्षक को पद से हटा दिया गया है। मामले में जांच के आदेश दिए गए हैं और इसके आधार पर आगे कार्वाई की जाएगी।

# इस्लाम और ईसाई धर्म अपनाने वाले दलितों को एससी का दर्जा नहीं दे सकते

### केंद्र ने उच्चतम न्यायालय से कहा

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्र ने** उच्चतम न्यायालय से कहा है कि संविधान (अनुसूचित जातियां) आदेश, 1950 किसी असंवैधानिकता से ग्रसित नहीं है और ईसाई तथा इस्लाम को इस कारण बाहर रखा गया कि छुआछूत की उत्पीड़क व्यवस्था इन दोनों धर्मों में मौजूद नहीं थी। समय-समय पर संशोधित किए गए संविधान (अनुसूचित जातियां) आदेश,1950 में कहा गया है कि हिंदू, सिख और बौद्ध धर्म को छोड़ कर अन्य धर्म मानने वाले किसी व्यक्ति को अनुसूचित जाति (एससी) का सदस्य नहीं माना जाएगा। सरकार ने उच्चतम न्यायालय से कहा कि उसने न्यायमूर्ति रंगनाथ मिश्रा आयोग की रिपोर्ट स्वीकार नहीं की है, जिसमें दलित ईसाईयों और दलित मुस्लिमों को अनुसूचित जातियों की सूची में शामिल करने की सिफारिश की गई थी क्योंकि यह त्रुटिपूर्ण थी। सरकार ने एक याचिका पर शीर्ष न्यायालय में दाखिल एक जवाब में इन मुद्दों को रेखांकित किया। याचिका में आरोप लगाया गया है कि संविधान (अनुसूचित जातियां) आदेश,1950 भेदभावपूर्ण और संविधान के अनुच्छेद 14 (कानून के समक्ष समानता) और 15 (धर्म, नस्ल, जाति आदि के आधार पर भेदभाव का निषेध) का उल्लंघन करता है। विषय सुनवाई के लिए न्यायमूर्ति एस के कौल की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष आया। पीठ में ए एस ओका और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ भी शामिल हैं। याचिकाकर्ता गैर सरकारी संगठन पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन एवं अन्य की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने पीठ को बताया कि केंद्र ने यह कहते हुए हलफनामा दाखिल किया कि वह इस मुद्दे की पड़ताल करने के लिए अन्य आयोग नियुक्त करना चाहता है।

केंद्र ने ऐतिहासिक रूप से एससी होने का दावा करने और बाद में प्रेसीडेंशियल आर्डर में वर्णित धर्मों को छोड़ कर एक अन्य धर्म अपना लेने वाले नए लोगों को एससी का दर्जा देने की पड़ताल के लिए हाल में पूर्व प्रधान न्यायाधीश के जी बालाकृष्णन की अध्यक्षता में एक आयोग नियुक्त किया है। भूषण ने पीठ से कहा कि सरकार ने नए आयोग से दो साल के अंदर रिपोर्ट सौंपने को कहा है। पीठ ने विषय पर याचिकाओं के समूह की सुनवाई अगले साल जनवरी के लिए निर्धारित कर दी।

# भाजपा को गुजरात- हिमाचल प्रदेश में नए रिकॉर्ड की उम्मीद

**नई दिल्ली।** गुजरात और हिमाचल प्रदेश विधानसभा के चुनावों की जब बृहस्पतिवार को मतगणना होगी तो सत्तारूढ़ भाजपा की नजरें कुछ नए रिकॉर्ड बनाने पर होंगी। गुजरात में जीत उसे मार्क्सवादी के अलावा एकमात्र पार्टी बना देगी जिसने लगातार सात विधानसभा चुनाव जीते हैं। वर्ष 1977 से 2011 तक 34 वर्षों तक पश्चिम बंगाल पर शासन करने वाली माकपा ने भी लगातार सात चुनाव जीते थे। दूसरी तरफ हिमाचल प्रदेश में 1985 के बाद से किसी दल ने लगातार दो विधानसभा चुनाव नहीं जीते हैं। अगर भारतीय जनता पार्टी इस पहाड़ी राज्य में सत्ता में बनी रहती है, तो यह एक अन्य रिकॉर्ड होगा। हालांकि, भाजपा की सबसे बड़ी इच्छा एक्जिट पोल के पूर्वानुमानों को सच होते देखना है- इसके तहत हिमाचल प्रदेश में सत्ता बरकरार रखते हुए गुजरात में अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन दर्ज करना है। गुजरात में भाजपा का पिछला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2002 में था, जब उसने 182 सदस्ईय विधानसभा में 127 सीट पर जीत दर्ज की थी। एग्जिट पोल के पूर्वानुमानों में पार्टी को 117 से 151 के बीच सीट मिलने की बात कही गई है। यदि परिणाम इन भविष्यवाणियों के औसत के अनुरूप आते हैं, तो भाजपा 2002 के अपने ही रिकॉर्ड को ध्वस्त कर देगी।

सोने पर सुहागा तब होगा जब पार्टी के सीट की संख्या एग्जिट पोल की भविष्यवाणी की ऊपरी सीमा को छू ले - यानी अगर वह 149 सीट के अब तक के रिकॉर्ड को पार कर ले, जो कांग्रेस ने 1985 में माधवसिंह सोलंकी के नेतृत्व में जीती थी। नई दिल्ली स्थित सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ डेवलपिंग सोसाइटीज (सीएसडीएस) में लोकनीति के सह-निदेशक संजय कुमार कहते हैं कि भाजपा अगर गुजरात में बड़ी जीत हासिल करती है और हिमाचल प्रदेश में बहुमत पा जाती है, तो इस तरह के नतीजे से पार्टी का मनोबल बढ़ेगा, उसके नेताओं व कार्यकर्ताओं में उत्साह आएगा और इस धारणा को मजबूती मिलेगी कि वह वर्ष 2024 का लोकसभा चुनाव जीतने की राह पर है। दिल्ली के जीसस एंड मैरी कॉलेज में राजनीति विज्ञान विभाग की प्रोफेसर सुशीला रामास्वामी ने कहा, पार्टी अपनी 2024 की योजना के बारे में अधिक आश्वस्त महसूस करेगी। बहरहाल, एग्जिट पोल के गलत होने की संभावना बनी रहती है। बढ़ती महंगाई, बड़ी संख्या में नौकरी जाने, भ्रष्टाचार, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में नाराजगी को देखते हुए, अंतिम परिणाम एग्जिट पोल की भविष्यवाणी और भाजपा की उम्मीदों, दोनों से बहुत कम हो सकती है। सबसे खराब परिणाम यह हो सकता है कि पार्टी हिमाचल प्रदेश हार जाती है और उसकी गुजरात में जीत उतनी ही मामूली रहती है जितनी पिछले चुनाव में थी, जब उसने 99 सीट जीती थीं।

# बांग्लादेश ने दूसरे वनडे में भारत को हराकर श्रृंखला जीती

## ● चोटिल रोहित की पराक्रमी पारी पर भारी पड़े मेहदी हसन

**भाषा।** मीरपुर

**चोटिल** रोहित शर्मा की पराक्रमी पारी के बावजूद मेहदी हसन मिराज का लगातार दूसरे मैच में दिखाया गया कमाल आखिर में भारत पर भारी पड़ा जिससे बांग्लादेश ने बुधवार को यहां दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पांच रन से रोमांचक जीत दर्ज करके तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल की।



बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी का फैसला करते हुए सात विकेट पर 271 रन का मजबूत स्कोर बनाया। उसने 19वें ओवर में 69 रन पर छह विकेट गंवा दिए थे जिसके बाद मेहदी हसन ने 83 गेंद में आठ चौकों और चार छक्कों से नाबाद 100 रन की पारी खेलने के अलावा महमूदुल्लाह (96 गेंद में 77 रन, सात चौके) के साथ सातवें विकेट के लिए 148 रन की साझेदारी करके पारी को संवारा। यह भारत के खिलाफ सातवें विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी है। चुनौतीपूर्ण लक्ष्य के सामने रोहित के चोटिल होने के कारण पंगु बना भारतीय शीर्ष क्रम फिर से लड़खड़ा गया। भारत का स्कोर एक समय चार विकेट पर 65 रन था जिसके बाद श्रेयस अय्यर (102 गेंदों पर 82 रन, छह चौके, तीन छक्के) और अक्षर पटेल (56 गेंदों पर 56 रन, दो चौके, तीन छक्के) ने पांचवें विकेट के लिए 107 रन की साझेदारी की।

रोहित नौवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे और उन्होंने 28 गेंदों पर तीन चौकों और पांच छक्कों की मदद से नाबाद 51 रन बनाए लेकिन आखिर में भारत नौ विकेट पर 266 रन ही बना पाया। भारत को आखिरी ओवर में 20 रन चाहिए थे लेकिन रोहित मुस्तफिजुर रहमान पर दो चौके और एक छक्के की मदद से 14 रन ही जुटा पाए। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही। रोहित के चोटिल होने के कारण पारी का आगाज करने के लिए उतरे विराट कोहली (पांच) ने दूसरे ओवर में ही इबादत हुसैन (45 रन देकर तीन) की तेजी से उठती गेंद को पुल करने के प्रयास में अपने विकेटों पर खेल दिया। शिखर धवन (आठ) की खराब फॉर्म जारी रही। उन्होंने मुस्तफिजुर की गेंद पर प्वाइंट पर आसान कैच दिया। वाशिंगटन सुंदर (11) को चौथे नंबर पर भेजने का प्रयोग नहीं चला और शाकिब अल हसन ने उन्हें अपने पहले ओवर में ही मिडविकेट पर कैच करवा दिया। केएल राहुल (14) को स्पिनरों के सामने संघर्ष करना पड़ा और मेहदी हसन (46 रन देकर दो) ने उन्हें पगबाधा आउट करके भारत को चौथा झटका दिया। अक्षर ने आते ही आक्रामक रवैया अपनाया। उन्होंने नासुम अहमद और शाकिब पर छक्के लगाए। दूसरी तरफ अय्यर ने 69 गेंदों पर अपना पचासा पूरा किया और फिर मेहदी हसन पर लांग ऑन पर खूबसूरत छक्का जड़ा। उन्होंने इसी गेंदबाज पर छक्का लगाकर अक्षर के साथ साझेदारी को 100 रन के पार पहुंचाया। अय्यर ने हालांकि इसी ओवर में गेंद हवा में लहरा कर डीप मिडविकेट पर कैच दे दिया। अक्षर ने नासुम पर छक्का लगाया और फिर अपने वनडे करियर का दूसरा अर्धशतक पूरा किया, लेकिन इबादत हुसैन ने उन्हें आउट करके भारत को करारा झटका दिया। रोहित हाथ में पट्टियां बंधे होने के बावजूद नौवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे। उनके साथ दूसरे छोर पर दीपक चाहर (11) खेल रहे थे जो कि हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण बांग्लादेश की पारी में केवल तीन ओवर कर पाए थे। रोहित ने इबादत हुसैन और महमुदुल्लाह पर दो-दो छक्के जड़कर मैच को रोमांचक बनाया। इससे पहले बांग्लादेश की पारी पिछले मैच के नायक मेहदी हसन के इर्द गिर्द घूमती रही। उन्होंने महमुदुल्लाह साथ महत्वपूर्ण भागीदारी निभाने के अलावा नासुम अहमद (11 गेंद में नाबाद 18) के साथ भी आठवें विकेट के लिए 23 गेंद में 54 रन की अटूट साझेदारी की। बांग्लादेश की टीम अंतिम 10 ओवर में ताबड़तोड़ बल्लोबजी करते हुए 102 रन जोड़ने में सफल रही। भारत की ओर से वाशिंगटन सुंदर सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 37 रन देकर तीन विकेट चटकाए। उमरान मलिक और मोहम्मद सिराज ने भी क्रमशः 58 और 73 रन देकर दो-दो विकेट हासिल किए। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला करने वाले बांग्लादेश ने दूसरे ओवर में ही अनामुल हक (11) का विकेट गंवा दिया जिन्हें सिराज ने पगबाधा किया। रोहित ने इससे एक गेंद पहले अनामुल का कैच टपकाया और उनके अंगूठे पर चोट लगने के कारण खून निकलने लगा जिससे वह पारी में आगे क्षेत्ररक्षण नहीं कर पाए। कप्तान लिटन दास (07) और नजमुल हुसैन शंटो (21) ने इसके बाद पारी को आगे बढ़ाया। सिराज ने पारी के 10वें ओवर में लिटन को बोल्ड करके उनकी पारी का अंत किया जब टीम का स्कोर 39 रन था। उमरान ने शाकिब अल हसन को अपने पहले ओवर में काफी परेशान किया और फिर अगले ओवर की पहली गेंद पर नजमुल को बोल्ड कर दिया। वाशिंगटन ने इसके बाद बांग्लादेश को जल्दी-जल्दी तीन झटके देकर उसके मध्यक्रम की रीढ़ तोड़ दी। शाकिब (08) उन गेंद को हवा में लहरा गई और धवन ने स्लिप से फाइन लेग की ओर भागते हुए कैच लपका। वाशिंगटन ने मुशफिकुर रहीम (12) और अफीफ हुसैन (00) को लगातार गेंदों पर आउट करके बांग्लादेश का स्कोर छह विकेट पर 69 रन किया।

### स्कोर बोर्ड

**भारतः** विराट कोहली बो इबादत हुसैन 05, शिखर धवन का मेहदी हसन मिराज बो मुस्ताफिजुर रहमान 08, श्रेयस अय्यर का अफीफ हुसैन बो मेहदी हसन मिराज 82, वाशिंगटन सुंदर का लिटन दास बो शाकिब अल हसन 11, केएल राहुल पगबाधा बो मेहदी हसन मिराज 14, अक्षर पटेल का शाकिब अल हसन बो इबादत हुसैन 56, शार्दुल ठाकुर स्टं मुस्तफिजुर रहीम बो शाकिब अल हसन 07, दीपक चाहर का नजमुल हुसैन शांटो बो इबादत हुसैन 11, रोहित शर्मा नाबाद 51, मोहम्मद सिराज बो महमूदुल्लाह 02, उमरान मलिक नाबाद 00
**अतिरिक्तः** 19
**कुलः** 50 ओवर मे नौ विकेट परः 266 रन
**विकेट पतनः** I-7, 2-13, 3-39, 4-65, 5-172, 6-189, 7-207, 8-213, 9-252
**गेंदबाजीः** मेहदी हसन मिराज 6.1-0-46-2, इबादत हुसैन 10-0-45-3, मुस्ताफिजुर रहमान 10-I-43-I, नासुम अहमद 10-0-54-0, शाकिब अल हसन 10-I-39-2, महमूदुल्लाह 3.5-0-33-I

**बांग्लादेशः** अनामुल हक पगबाधा बो सिराज 11, लिटन दास बो सिराज 07, नजमुल हुसैन शंटो बो उमरान 21, शाकिब अल हसन का धवन बो वाशिंगटन 08, मुशफिकुर रहीम का धवन बो वाशिंगटन 12, महमूदुल्लाह का राहुल बो उमरान 77, अफीफ हुसैन बो वाशिंगटन 00, मेहदी हसन मिराज नाबाद 100, नासुम अहमद नाबाद 18
**अतिरिक्तः** 17
**कुलः** 50 ओवर मे सात विकेट परः 271 रन
**विकेट पतनः** I-11, 2-39, 3-52, 4-66, 5-69, 6-69, 7-217
**गेंदबाजीः** चाहर 3-0-12-0, सिराज 10-0-73-2, शारदुल 10-I-47-0, उमरान 10-2-58-2, वाशिंगटन 10-0-37-3, अक्षर 7-0-40-0

# चोटिल रोहित का तीसरे वनडे में खेलना संदिग्ध

## ● टेस्ट के लिए समय पर फिट होना मुश्किल

**भाषा।** मीरपुर



**भारतीय** कप्तान रोहित शर्मा का चोटिल होने के कारण बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे वनडे में खेलना संदिग्ध है। वह बुधवार को यहां दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान कैच लेने के प्रयास में बाएं अंगूठे और तर्जनी ऊंगली के बीच वेबिंग में चोट लगा बैठे। दूसरी स्लिप में क्षेत्ररक्षण कर रहे रोहित ने मोहम्मद सिराज के पारी के दूसरे ओवर की चौथी गेंद पर अनामुल हक का कैच छोड़ा और इस दौरान गेंद लगने से उनके बाएं हाथ से खून निकलने लगा। उन्हें स्कैन के लिए ढाका अस्पताल ले जाया गया और शुरूआती उपचार के दौरान चोटिल हिस्से में कई टांके लगाने पड़े। माना जा रहा है कि फ्रेक्चर का पता करने के लिए कुछ और स्कैन कराए जाएंगे। इससे भारतीय कप्तान के बांग्लादेश के खिलाफ चटगांव में 14 दिसंबर से शुरू हो रहे पहले टेस्ट के लिए समय पर फिट होने पर भी सवाल बना हुआ है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने ट्वीट किया, दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में क्षेत्ररक्षण के दौरान भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के अंगूठे में चोट लगी। बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनका आकलन कर रही है। उन्हें स्कैन के लिए ले जाया गया है। रोहित चोटिल होने के बाद दूसरे वनडे में मैदान में नहीं उतर सके। उनके अंगूठे पर पट्टियां बंधी हुई थी। अगर टांके एक हफ्ते के भीतर कट जाते हैं तो भी वह पहला टेस्ट शुरू होने से पहले ट्रेनिंग नहीं कर पाएंगे। इस बीच चोटों की समस्या से जूझने वाले तेज गेंदबाज दीपक चाहर दूसरे वनडे में गेंदबाजी करते हुए हैमस्ट्रिंग में जकड़न के कारण अपने कोटे के केवल तीन ओवर ही गेंदबाजी कर पाए। वहीं पहले वनडे में पदार्पण करने वाले तेज गेंदबाज कुलदीप सेन को पीठ में जकड़न के कारण दूसरे वनडे की टीम से बाहर कर दिया गया था।

## क्विक न्यूज

### अर्जुन और शीतल को राष्ट्रीय निशानेबाजी में पिस्टल वर्ग के खिताब

**भोपाल।** पंजाब के अर्जुन सिंह चीमा और महाराष्ट्र की शीतल प्रीतम देसाई ने बुधवार को यहां 65वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैम्पियनशिप प्रतियोगिता (65वीं एनएससीसी) में 50 मीटर पिस्टल वर्ग के क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग के खिताब जीते। मध्य प्रदेश शूटिंग अकादमी रेंज में अर्जुन ने 564 और शीतल ने 543 अंक बनाकर अपनी-अपनी स्पर्धाओं में शीर्ष स्थान हासिल किया। पुरुषों की फ्री पिस्टल स्पर्धा में महाराष्ट्र के अनिकेत खिडसे (560) ने रजत पदक जीता जबकि ओएनजीसी की तरफ से खेल रहे भारत के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अमनप्रीत सिंह (557) ने कांस्य पदक हासिल किया। अर्जुन ने तिनजीत धनोता और अक्षय जैन के साथ मिलकर इस स्पर्धा का टीम स्वर्ण पदक भी हासिल किया। महिलाओं की फ्री पिस्टल में हरियाणा की दिव्यांशी (540) और कर्नाटक की दिव्या टीएस (536) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। महिला वर्ग में इस स्पर्धा का टीम स्वर्ण पदक भारत तिब्बत सीमा पुलिस की टीम ने जीता जिसमे कविता ढौडियाल, आस्था शर्मा और केयू निशु शामिल थी।

### बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स : पहले मैच में नाराओका से हारे प्रणय

**बैंकॉक।** भारत के एचएस प्रणय कड़ा संघर्ष करने के बावजूद बुधवार को यहां बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स के पुरुष एकल के ग्रुप ए अपने पहले मैच में तीन गेम में जापान के कोडाई नाराओका से हार गए। विश्व में 12 नंबर के भारतीय खिलाड़ी ने पहला गेम गंवाने के बाद बेहतरीन वापसी की और तीसरे और निर्णायक गेम में भी अपने प्रतिद्वंदी को कड़ी चुनौती दी लेकिन आखिरी क्षणो की तीन गलतियों के कारण उन्होंने आखिर मे एक घंटे तक चला यह मैच 11-21 21-9 17-21 से गंवाया। प्रणय की जापानी खिलाड़ी के हाथों यह दूसरी हार है। इससे पहले वह जुलाई में सिंगापुर ओपन मे भी उनसे हार गए थे। भारत के 30 वर्षीय खिलाड़ी ने मैच के बाद कहा, मुझे लगता है कि मैने मैच के अधिकतर हिस्से मे नियंत्रण बनाए रखा लेकिन तीसरे गेम मे 15-15 की बराबरी के बाद मुझे लगता है कि मैने जल्दबाजी दिखाई और गलतियां की। शायद मेरी रणनीति अच्छी नही थी। मुझे संयम बरतना चाहिए था। प्रणय ने कहा, मै निर्णायक गेम मे अधिक संयम बरत सकता था। मैने तीसरे गेम मे कुछ क्षेत्रो मे खुद पर संदेह किया। मुझे लगता है कि मैच अभ्यास की कमी के कारण मै असहज महसूस कर रहा था। प्रणय का अगला मुकाबला चीन के लू गुआंग जू से होगा। इन दोनो के बीच इससे पहले एकमात्र भिड़ंत फ्रेंच ओपन मे हुई थी जिसमे भारतीय खिलाड़ी को हार का सामना करना पड़ा था। प्रणय ने कहा, सभी मुकाबले बेहद कड़े होने जा रहे है लेकिन मुझे आज के मैच को भूलकर कल के मैच के लिए तैयार रहना होगा।

### जीव संयुक्त दूसरे स्थान पर रंधावा 50वें पायदान पर

**स्कॉट्सडेल (अमेरिका)।** भारत के जीव मिल्खा सिंह यहां टीपीसी स्कॉट्सडेल में पीजीए टूर चैंपियन्स क्वालीफाइंग गोल्फ टूर्नामेंट (अंतिम चरण) के पहले दौर मे पांच अंडर 66 के स्कोर से संयुक्त दूसरे स्थान पर चल रहे है। पचास साल के जीव नेवादा में पहले चरण मे तीसरे स्थान पर रहने के बाद अंतिम चरण मे पहुंचे है। ज्योति रंधावा एक ओवर 72 के स्कोर के साथ संयुक्त 50वें स्थान पर चल रहे है। पीजीए टूर पर जीत दर्ज करने वाले एकमात्र भारतीय अर्जुन अटवाल तीन ओवर 74 के स्कोर से संयुक्त 66वें स्थान पर है। चार दौर के बाद शीर्ष पांच मे रहने वाले खिलाड़ियों को चैंपियन्स कार्ड मिलेगा।

### बेल्जियम के फॉरवर्ड हजार्ड ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लिया

**ब्रसेल्स।** बेल्जियम के फॉरवर्ड एडेन हजार्ड ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की। एक हफ्ते पहले ही टीम फीफा विश्व कप से बाहर हो गई थी। इस 31 साल के विंगर ने 2008 में 17 वर्ष की उम्र में राष्ट्रीय टीम के लिए पदार्पण किया था। उन्होंने टीम के लिए 126 मैच खेले और 33 गोल दागे। रियाल मैड्रिड के इस खिलाड़ी ने बुधवार को अपने इंस्टाग्राम पेज पर लिखा, एक पन्ना आज पलट गया। उन्होंने लिखा, 2008 के बाद सारी खुशियां साझा करने के लिए शुक्रिया। अपने अंतरराष्ट्रीय करियर को समाप्त करने का फैसला कर लिया। आपकी कमी खलेगी। बेल्जियम की टीम क्रोएशिया से गोल रहित ड्रा के बाद विश्व कप से बाहर हो गई थी जबकि क्रोएशिया की टीम ग्रुप एफ मे मोरक्को के बाद दूसरे स्थान पर रहने से अगले दौर मे पहुंची थी। हजार्ड ग्रुप चरण में गोल करने मे विफल रहे।

# ऑस्ट्रेलियाई ओपन से पहले जोकोविच एडीलेड में करेंगे 2023 की शुरुआत

**मेलबर्न (एपी)।** दुनिया के पूर्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच साल 2023 में अपने अभियान की शुरुआत एडीलेड में करेंगे। पिछले साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन की पूर्व संध्या पर उनका वीजा रद्द कर दिया गया था जबकि वह गत चैंपियन थे। ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने 21 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता जोकोविच को वीजा दिया है और एक जनवरी को शुरू हो रहे एडीलेड इंटरनेशनल में खेलने वाले खिलाड़ियों की सूची में उनका नाम है। सर्बिया पहली यूनाईटेड कप टीम प्रतियोगिता में भाग नहीं ले रहा है जिससे जोकोविच 16 से 29 जनवरी तक होने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन से पहले एडीलेड में अभ्यास टूर्नामेंट में खेलने के लिए स्वतंत्र हैं। एडीलेड में पुरुषों के ड्रॉ में उन्हें रूस के दानिल मेदवेदेव और आंद्रे रूबलेव, कनाडा के फेलिक्स ऑगर-एलियासिम और एंडी मरे से चुनौती मिलेगी। आव्रजन मंत्री एंड्रयू जाइल्स ने पिछले महीने पुष्टि की थी कि जोकोविच को जनवरी में ऑस्ट्रेलिया में प्रतिस्पर्धा करने के लिए वीजा दिया गया है। सर्बिया के इस खिलाड़ी को कोविड-19 टीकाकरण के खिलाफ अपने रुख को लेकर पिछले साल जनवरी में निर्वासित होने के बाद तीन साल तक के लिए प्रतिबंधित किया जा सकता था। जोकोविच ने रिकॉर्ड नौ बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीता है। वह पिछली तीन बार यहां खेलते हुए खिताब जीतने में सफल रहे। उनकी अनुपस्थिति में रफेल नडाल ने इस साल खिताब जीता था। जोकोविच ने 2022 के टूर्नामेंट से पहले मेलबर्न पहुंचने से पहले कोविड-19 टीकाकरण नहीं कराया था लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने तब से टीका नहीं लगवाने वाले यात्रियों के लिए सख्त नियम हटा दिए हैं।



### सैमुअल इटो ने विश्व कप मैच के बाहर हुई घटना के लिए माफी मांगी

**दोहा (एपी)।** कैमरून फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष और पूर्व स्टार खिलाड़ी सैमुअल इटो ने मंगलवार को विश्व कप स्टेडियम के बाहर एक व्यक्ति को लात मारने के लिए माफी मांगी है जिसे उन्होंने एक हिंसक झड़प करार दिया। इटो ब्राजील की दक्षिण कोरिया पर 4-। की जीत के बाद स्टेडियम 974 के करीब प्रशंसकों के साथ फोटो खिंचाने के लिए पोज दे रहे थे। सोशल मीडिया पर अखबार ला ओपिनियन ने एक वीडियो पोस्ट किया है जिसमें वह कैमरा लिए एक व्यक्ति की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। बार्सिलोना और इंटर मिलान के पूर्व फॉरवर्ड को शुरू में उनके दल के लोगों ने रोका लेकिन फिर उन्होंने इस व्यक्ति को लात मारी जिससे वह पीछे की ओर गिर गया। इटो ने अपने ट्विटर अकांउट पर फ्रेंच और इंग्लिश में बयान पोस्ट किया है जिसमें उन्होंने लिखा, मेरी एक व्यक्ति से हिसंक झड़प हो गई जो शायद अल्जीरया का समर्थक था।

# कमिंस चोट के कारण बाहर, कप्तान के रूप में स्मिथ की वापसी

**भाषा।** एडीलेड

**पैट** कमिंस के चोट से उबरने में नाकाम रहने के कारण गुरुवार से यहां वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट से बाहर होने के बाद स्टीव स्मिथ की बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के कप्तान के रूप में वापसी हुई।

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ कमिंस की जांघ की मांसपेशियों में खिंचाव है। वह पहले टेस्ट के अंतिम दिन गेंदबाजी नहीं कर पाए थे। ऑस्ट्रेलिया ने पहला टेस्ट 164 रन से जीतकर दो मैच की श्रृंखला में I-0 की बढ़त बना ली है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने 33 साल के स्कॉट बोलैंड को कमिंस के विकल्प के तौर पर टीम में शामिल किया है जबकि स्मिथ को दिन-रात्रि टेस्ट में कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक बयान में कहा, टीम मेडिकल स्टाफ ने एडीलेड में कमिंस के उबरने की प्रक्रिया शुरू की लेकिन चयनकर्ताओं का मानना था कि इस तेज गेंदबाज के लिए कल से शुरू होने वाले मैच के लिए पूरी तरह से फिट होने के लिए पर्याप्त समय नहीं था।



उन्होंने कहा, कमिंस के ब्रिसबेन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के लिए टीम में वापसी करने की उम्मीद है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहला टेस्ट 17 दिसंबर से गाबा में खेला जाएगा। कमिंस पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ भी एडीलेड टेस्ट में नहीं खेल पाए थे क्योंकि उन्हें कोविड-19 संक्रमित का करीबी संपर्क माना गया था। स्मिथ ने इसके बाद ऑस्ट्रेलिया की अगुआई की थी और टीम ने 275 रन की शानदार जीत दर्ज की। पिछले साल तीन एशेज टेस्ट में 9.55 की औसत से विकेट चटकाने वाले बोलैंड को मिशेल स्टार्क, जोश हेजलवुड और कैमरून ग्रीन के साथ तेज आक्रमण में जगह मिलने की उम्मीद है।

### विश्व कप में स्पेन के खिलाफ ऐतिहासिक जीत का जश्न मना रहे मोरक्कोवासी

**रबात।** विश्व कप में स्पेन पर जीत से क्वार्टरफाइनल में पहुंचकर इतिहास रचने वाले मोरक्को के लोग राजधानी में और यूरोप में कई शहरों में झंडे लहराकर और हॉर्न बजाकर जीत का जश्न मना रहे हैं। मोरक्को ने मंगलवार को पेनल्टी शूटआउट में स्पेन को हराया जिससे वह कतर में अंतिम आठ में पहुंचने वाली यूरोप या दक्षिण अमेरिका से बाहर की एकमात्र टीम बन गई। विश्व कप इतिहास में वह क्वार्टरफाइनल में जगह बनाने वाली अरब देशों की पहली टीम भी बनी। रबात के निवासी नियामा मेदौन ने कहा, हमें अपनी टीम पर इतना फक्र है जिसने चुनौती से निपटकर हमें क्वार्टरफाइनल में पहुंचा दिया। उन्होंने कहा, हमें आज मोरक्कोवासी होकर बहुत खुशी है क्योंकि हमारा पहला अरब देश है जो विश्व कप के क्वार्टरफाइनल में पहुंचा है।

# ऑस्ट्रेलिया की लेग स्पिनर एलेना किंग भारत के पहले अंतरराष्ट्रीय दौरे को लेकर रोमांचित

**भाषा।** मेलबर्न

**ऑस्ट्रेलिया** की लेग स्पिनर एलेना किंग भारत में पांच मैच की टी20 अंतराष्ट्रीय श्रृंखला में खेलने को लेकर उत्साहित हैं जहां अच्छा प्रदर्शन उन्हें आगामी महिला आईपीएल में जगह दिला सकता है। पांच मैच की टी20 श्रृंखला नौ दिसंबर से मुंबई में खेली जाएगी। एलेना का भारत के साथ भावनात्मक रिश्ता है। उनके पिता लेरॉय और मां शेरोन का जन्म चेन्नई में हुआ जिसके बाद वे मेलबर्न में बस गए। एलेना ने ऑस्ट्रेलियाई एसोसिएटेड प्रेस (एएपी) से कहा, परिवार के कुछ मित्र शायद दौरे पर आएंगे। मुंबई में कुछ मित्र हैं। उम्मीद करती हूं कि उनसे मिलने का मौका मिलेगा और उन्हें मुझे अपने सामने खेलते हुए देखने का मौका मिलेगा। यह शानदार होगा। एलेना अपने परिवार के साथ कई बार भारत दौरे पर आ चुकी हैं। वह पिछली बार 2016 में यहां आई थी और तब अपने रिश्तेदारों और पारिवारिक मित्रों से मिली थी। उन्होंने कहा, मैं जब उनसे बात करती हूं तो ऐसा लगता है कि कुछ भी नहीं बदला। उनके लिए मुझे क्रिकेट खेलते हुए देखना शानदार होगा।

इस लेग स्पिनर ने कहा, मुझे यकीन है कि मैच करीब आने पर वट्सऐप पर संदेशों का तांता लग जाएगा। भारत में इस साल टी20 चैलेंज में सुपरनोवास की ओर से खेलने वाली एलेना पिछले 12 महीने से काफी अच्छी फॉर्म में हैं। पिछले साल एशेज में पदार्पण के बाद उन्होंने सभी प्रारूप में 20.87 की औसत से 31 विकेट चटकाए। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के एशेज अपने पास बरकरार रखने, 50 ओवर का विश्व कप तथा राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने में अहम भूमिका निभाई।

# लिचफील्ड को मंधाना से ली गई सीख से भारत दौरे पर फायदा मिलने की उम्मीद

**मुंबई (भाषा)।** आस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेटर फोबे लिचफील्ड को उम्मीद है कि उन्होंने महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) के दौरान बाएं हाथ की बल्लेबाज स्मृति मंधाना के साथ जो समय बिताया था, उससे उन्हें भारत के अपने पहले दौरे में मदद मिलेगी। लिचफील्ड (19 वर्ष) और मंधाना दोनों 2021-22 डब्ल्यूबीबीएल सत्र में सिडनी थंडर्स के लिए खेली थीं और महिला क्रिकेट की इस शानदार खिलाड़ियों में शुमार इस भारतीय से आस्ट्रेलिया की इस अनकैप्ड खिलाड़ी को काफी कुछ सीखने को मिला। लिचफील्ड भारत के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में अपना पदार्पण करने को तैयार हैं जो मुंबई में नौ दिसंबर से शुरू हो रही है। लिचफील्ड ने बुधवार को यहां पत्रकारों से कहा, स्मृति के साथ खेलना शानदार था। वह बेहतरीन खिलाड़ी है। बाएं हाथ की खिलाड़ी के तौर पर मुझे उनसे काफी कुछ सीखने को मिला। उन्होंने टीम के साथ पारियों में मेरी काफी मदद की। मैंने निश्चित रूप से उनके साथ वहां खेलकर काफी कुछ सीखा। वह मेरी पसंदीदा बाएं हाथ की खिलाड़ियों में से एक हैं जिन्हें खेलते देखना मुझे अच्छा लगता है। मंधाना ने सत्र के अंत में लिचफील्ड को अपना बल्ला भी उपहार के तौर पर दिया था। भारतीय खिलाड़ी ने इस डब्ल्यूबीबीएल सत्र से हटने का फैसला किया है। लिचफील्ड ने कहा, उन्होंने (मंधाना ने) श्रृंखला के अंत में मुझे अपना एक बल्ला भी दिया। मैंने इसका इस्तेमाल किया और यह बेहतरीन था।

# कलाई में दर्द के बावजूद मीराबाई ने विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीता

**भाषा।** बोगोटा (कोलंबिया)

**स्टार** भारतीय भारोत्तोलक मीराबाई चानू कलाई में दर्द के बावजूद यहां विश्व चैंपियनशिप में कुल 200 किग्रा वजन उठाकर रजत पदक जीतने में सफल रही। इस दौरान उन्होंने तोक्यो ओलंपिक की चैंपियन चीन की होउ झीहुआ को भी पछाड़ा।

टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता चानू ने मंगलवार रात 49 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा पेश करते हुए स्नैच में 87 किग्रा जबकि क्लीन एवं जर्क में 113 किग्रा वजन उठाया। चीन की जियांग हुइहुआ ने कुल 206 किग्रा वजन उठाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उन्होंने स्नैच में 93 जबकि क्लीन एवं जर्क में 113 किग्रा वजन उठाया। उनकी हमवतन झीहुआ ने कुल 198 किग्रा (89 और 109 किग्रा) वजन उठाकर कांस्य पदक जीता।

वर्ष 2017 में स्वर्ण पदक जीतने वाली मणिपुर की भारोत्तोलक का प्रतियोगिता में यह दूसरा पदक है। चानू ने पदक जीतने के बाद कहा, पांच साल बाद विश्व चैंपियनशिप में एक और पदक जीतकर स्वदेश लौटना मेरे लिए भावनात्मक रूप से गौरवपूर्ण लम्हा है। विश्व चैंपियनशिप में हमेशा कड़ी प्रतिस्पर्धा होती है क्योंकि सर्वश्रेष्ठ ओलंपियन शीर्ष स्तर पर चुनौती पेश करते हैं। उन्होंने कहा, मेरी कलाई में दर्द था लेकिन मैं हमेशा देश के लिए पूरी जान लगाने के लिए तैयार रहती हूं। उम्मीद करती हूं कि मैं एशियाई खेलों और पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक के साथ भारत को ऐसे और लम्हें दूंगी। चानू की कलाई में सितंबर में ट्रेनिंग सत्र के दौरान चोट लगी थी। उन्होंने चोट के बावजूद अक्टूबर में राष्ट्रीय खेलों में हिस्सा लिया था। भारत के मुख्य कोच विजय शर्मा ने पीटीआई से कहा, हम चोट को लेकर अधिक कुछ नहीं कर सकते थे क्योंकि हम विश्व चैंपियनशिप से बाहर नहीं होना चाहते थे। अब हम उसकी कलाई पर ध्यान देंगे क्योंकि अगली प्रतियोगिता से पहले हमारे पास काफी समय है। उन्होंने कहा, हम इस प्रतियोगिता के लिए कोई दबाव नहीं ले रहे थे। मीरा इतना वजन नियमित तौर पर उठाती है। अब हम वजन बढ़ाना और सुधार करना शुरू करेंगे। कोच ने कहा, मीरा को देखते हुए मुझे लगता है कि हम सही राह पर हैं और वह एशियाई खेलों तथा ओलंपिक में अपना शीर्ष खेल दिखाने के लिए कड़ी मेहनत करेगी। चानू के वर्ग में 11 भारोत्तोलकों की मौजूदगी के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा थी लेकिन अधिकांश भारोत्तोलकों ने अधिक जोर नहीं लगाने का फैसला किया। झीहुआ तो क्लीन एवं जर्क में अपने अंतिम प्रयास के लिए उतरी ही नहीं और कांस्य पदक से संतोष किया।



### ओडिशा के सुंदरगढ़ में हॉकी विश्व कप का जश्न शुरू

**राउरकेला (भाषा)।** एफआईएच ओडिशा पुरुष हॉकी विश्व कप के आयोजन में अब जब लगभग एक महीने का समय बचा है तब दुनिया के सबसे बड़े हॉकी टूर्नामेंट के सहमेजबान सुंदरगढ़ जिले में उत्सव का माहौल है। जश्न की शुरुआत मंगलवार को भारतीय हॉकी में बहुमूल्य योगदान देने वाले बालिशंकरा ब्लॉक के सोनामारा गांव में जिला स्तरीय खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता के उद्घाटन के साथ हुई। किक ऑफ सेरेमनी के बाद जिले के 17 ब्लॉक की 279 ग्राम पंचायत में हॉकी और फुटबॉल प्रतियोगिताओं की शुरुआत हुई। जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए 800 से अधिक टीम ने पंजीकरण कराया है। संदरगढ़ को ओडिशा में हॉकी का गढ़ माना जाता है। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष और पद्म श्री से सम्मानित दिलीप टिर्की इस मौके पर मुख्य आकर्षण थे। भारतीय महिला हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व कर चुकी टिर्की की बेटी सुभद्रा प्रधान को इस मौके पर सम्मानित किया गया। सोनामारा की सराहना करते हुए टिर्की ने समारोह के दौरान कहा, इस गांव के मैदान पर खेलकर मैने अपने खेल को निखारा और राष्ट्रीय टीम में जगह बनाई। सोनामारा सहित जिले के गांवों के कई खिलाड़ियों ने सुंदरगढ़ को गौरवांवित किया है।